RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 290
फरीदाबाद, बुधवार, 01 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



घरेलू उत्पीड़न को 'ना' कहें


पेज - 11

### देश के बच्चों की वैक्सीन पर अच्छी खबर, दिसंबर से मिल सकता है टीका

# 44 करोड़ बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए जल्द आएगी पॉलिसी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोरोना** के ओमिक्रॉन वैरिएंट के भारत पहुंचने की भी आशंका जताई जा रही है। इस बीच, भारत में कोविड टास्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ. एनके अरोड़ा ने कहा है कि 18 साल की उम्र से नीचे 44 करोड़ बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने की योजना जल्द ही देश के सामने रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन दिए जाने की प्रक्रिया पर काम किया जा रहा है। जिससे कॉमरेडिडिटी वाले बच्चों कोरोना वैक्सीन लगाई जा सके। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि उसके बाद स्वास्थ्य बच्चों को कोरोना का टीका दिया जाएगा।



## कमजोर इम्यूनिटी पर लाई जा रही बूस्टर डोज की पॉलिसी

अभी तक कोई सुरक्षा संबंधी मुद्दा सामने नहीं आया है। सात साल तक की उम्र के बच्चों को भी ये वैक्सीन दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों को वैक्सीन देने की मुहिम में हमारा मकसद कम से कम दो साल तक के बच्चे के लिए टीका तैयार करना है। कोवावैक्स का स्टॉक भारत और दुनिया भर में उपलब्ध कराने के लिए हम तैयार हैं। हमें बस नियामक मंजूरी का इंतजार है।

देश की कोविड टास्क फोर्स के चेयरमैन डॉ. एनके अरोड़ा ने कहा है कि सरकार गंभीर रोगियों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए वैक्सीन की एडिशनल डोज (बूस्टर डोज) पर नई पॉलिसी लाने जा रही है। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप इस पॉलिसी को 2 हफ्ते में तैयार करेगा। एडवाइजरी ग्रुप देश के 44 करोड़ बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए भी नई पॉलिसी लाने जा रहा है। अरोड़ा ने कहा, देश की कई लैब्स फिलहाल नए वैरिएंट पर भारत में मौजूद वैक्सीन की एफिकेसी की जांच कर रही है। इसमें 2 हफ्ते लग सकते हैं। इसके बाद ही हमें पता चलेगा कि कोवैक्सिन, कोवीशील्ड और दूसरी वैक्सीन नए वायरस से किस हद तक लड़ने में सक्षम हैं।

उधर, सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि 2-18 आयु वर्ग के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन अभी प्रक्रिया में है। इसके इमरजेंसी यूज की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक्सपर्ट्स कमेटी ने अतिरिक्त जानकारी मांगी है। इससे पहले अरोड़ा ने कहा था कि बीमारी के शिकार बच्चों के लिए वैक्सीनेशन दिसंबर में शुरू हो सकता है। जबकि स्वस्थ बच्चों का कोरोना वैक्सीनेशन अगले साल की पहली तिमाही में हो सकता है। अरोड़ा ने कहा था कि हम प्राथमिकता के आधार पर बच्चों का टीकाकरण शुरू करेंगे। जब बीमारियों के शिकार बच्चों में टीकाकरण 10-15 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा, तब हम स्वस्थ बच्चों का वैक्सीनेशन भी शुरू कर देंगे। कोवीशील्ड की निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कहा कि बच्चों के लिए वैक्सीन तैयार करने का काम भी तेजी से चल रहा है। पूनावाला ने स्पष्ट किया कि यह कोवीशील्ड नहीं बल्कि कोवावैक्स होगी। पूनावाला ने कहा कि कोवावैक्स अगले छह महीनों में उपलब्ध होगी। ट्रायल चल रहे हैं।

# हरियाणा में अभी पूरी क्षमता के साथ नहीं खुलेंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### कोरोना के नए वैरिएंट पर सरकार ने लिया फैसला

**हरियाणा** में अभी पूरी क्षमता और समयसारिणी के साथ स्कूल नहीं खुलेंगे। हालांकि शिक्षामंत्री कंवर पाल ने एक दिसंबर से पूरी क्षमता के साथ स्कूल खोलने का बयान दिया था, लेकिन अभी सरकार किसी तरह की जल्दबाजी के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि सरकार ने एक दिसंबर से पूरी क्षमता के साथ स्कूल खोलने पर अपनी सहमति नहीं जताई। इस संबंध में 10 दिसंबर के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

अभी पहले की तरह ही 50 प्रतिशत संख्या के साथ बच्चों को स्कूल में बुलाया जाएगा। यह बच्चे एक दिन छोड़कर स्कूल जाते हैं। सभी बच्चे एक साथ स्कूल नहीं बुलाए जाते हैं। बच्चों को स्कूल बुलाने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग और मॉस्क से जुड़े नियमों की पालना करवाई जा रही है। जिसके चलते बच्चों को पूरी संख्या के साथ नहीं बुलाया जा रहा। पहले सरकार ने कोरोना का प्रभाव कम होने के चलते एक दिसंबर से पूरी क्षमता के साथ स्कूल खोलने का बयान दिया था, लेकिन अब नए वैरिएंट को देखते हुए इसे लेकर किसी तरह का बयान जारी नहीं किया। वहीं, अभी अन्य राज्यों ने भी पूरी क्षमता के साथ स्कूल खोलने का फैसला नहीं लिया है। ऐसे में हरियाणा भी किसी तरह की जल्दबाजी के पक्ष में नहीं है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,064 | ▼ | 196 | |
| निफ्टी | 16,983 | ▼ | 71 | |
| सोना | 47,217 | ▲ | 41 | /10 gm |
| चांदी | 61,337 | ▼ | 667 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.01°C
न्यूनतम 14.02°C

## क्विक न्यूज

### बडगाम में देवी दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा मिली

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बडगाम पुलिस ने मंगलवार को काले पत्थर से निर्मित देवी दुर्गा की सातवीं सदी की एक प्रतिमा बरामद की है। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि प्रतिमा 1300 साल पुरानी है और वह खाग इलाके से मिली है। एक अधिकारी ने बताया, अभिलेखागार, पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय के अधिकारियों को प्रतिमा की परख करने के लिए बुलाया गया। इसकी पुष्टि हुई है कि देवी दुर्गा की प्रतिमा करीब सातवीं सदी की है।

### देवस्थानम बोर्ड भंग करने के फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को उत्तराखंड सरकार के चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग करने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही इस निर्णय को हिंदुओं और भारतीय संविधान की भावनाओं के अनुरूप करार दिया। लंबे समय से आंदोलनरत तीर्थ पुरोहितों की मांग को मानते हुए उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग कर दिया। चारों हिमालई धाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहित इस बोर्ड को भंग करने की मांग कर रहे थे। विहिप भी पुरोहितों की मांग का समर्थन कर रही था।

● संबंधित खबर पेज-09

### लर्नर लाइसेंस की वैधता 31 जनवरी तक के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को, उन वाहन सीखने वालों के लाइसेंस (लर्नर लाइसेंस) की वैधता 31 जनवरी 2022 तक के लिए बढ़ा दी, जिनकी अवधि फरवरी 2020 और नवंबर 2021 के बीच समाप्त हो गई थी। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। कोविड-19 महामारी और ड्राइविंग परीक्षण में स्लॉट पाने में लोगों को हुई समस्या के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। परिवहन विभाग ने आदेश की प्रति ट्विटर पर साझा की।

### कमजोरी का फायदा उठाकर अनुच्छेद-370 हटाया: उमर

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 इसलिए निरस्त कर पाई क्योंकि 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी कमजोर हो गई थी और पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद ने उनकी पार्टी का बिना शर्त समर्थन का प्रस्ताव ठुकराकर उनके साथ गठबंधन कर लिया, जिनकी जम्मू-कश्मीर को लेकर अच्छी नीयत नहीं थी। उमर ने लोगों से 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर पर थोपे गए बदलावों को उलटने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन करने और उसे मजबूत बनाने की अपील की।

### 2021-22 दूसरी तिमाही में विकास दर 8.4 फीसद रहने पर कांग्रेस का दावा

# अर्थव्यवस्था अभी 2019-20 के स्तर पर नहीं पहुंची : चिदंबरम

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने 2021-22 की दूसरी तिमाही में विकास दर के 8.4 प्रतिशत रहने को लेकर मंगलवार को दावा किया कि अर्थव्यवस्था अभी वर्ष 2019-20 के स्तर तक नहीं पहुंची है। पूर्व वित्तमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने ट्वीट किया, साल 2021-22 की पहली तिमाही में जीडीपी दर 20.1 प्रतिशत थी, जबकि इसके पहले के वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान जीडीपी दर में 24.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

उन्होंने कहा, मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 8.4 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की इस अवधि के दौरान जीडीपी विकास दर में 7.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने दावा किया, वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 35.73 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि कोरोना महामारी से पहले 2019-20 की दूसरी तिमाही में यह 35.84 लाख करोड़ रुपये थी। जीडीपी अभी 2019-20 के स्तर पर नहीं पहुंची। अर्थव्यवस्था का फिर से खड़ा होना तो दूर, यह अभी पटरी पर भी नहीं आई है।



### सेंसेक्स 196 अंक टूटा, निफ्टी 17 हजार के नीचे

**मुंबई।** बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को वाहन और धातु के शेयरों में अंतिम क्षणों में हुई बिकवाली के कारण 196 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में निवेशकों की कमजोर धारणा से भी कारोबार प्रभावित हुआ। कारोबारियों के मुताबिक, यूरोपीय बाजारों के नकारात्मक रुख पर खुलने से घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बना और कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रॉन को लेकर पैदा हुई आशंकाओं से उसे मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स एक समय 900 अंक चढ़ गया था, लेकिन कारोबार के आखिरी घंटे में यह सारी बढ़त गंवा बैठा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 195.71 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,064.87 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 70.75 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 17,000 के स्तर के नीचे 16,983.20 अंक पर बंद हुआ।

## इस्राइली ब्रह्मास्त्र से रखी जाएगी चीन पर पैनी नजर

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के कारण कुछ महीनों की देरी के बाद अब एक बार फिर भारतीय रक्षा क्षेत्र को बड़ी मजबूती प्रदान देने की कोशिश शुरू हो गई है। इसी कड़ी में इस्राइल ने लद्दाख क्षेत्र में चीनी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भारतीय सेना को उन्नत हेरॉन ड्रोन प्रदान किए हैं।

सूत्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी ड्रोन अभी काम कर रहे हैं और मौजूदा हेरॉन ड्रोन पिछले संस्करणों की तुलना में काफी बेहतर है। उनकी एंटी-जैमिंग क्षमता भी पहले की तुलना में शानदार है। इन ड्रोनों का अधिग्रहण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा रक्षा बलों को दी गई आपातकालीन वित्तीय शक्तियों के तहत किया गया है। इसके तहत वे चीन के साथ चल रहे सीमा संघर्ष के बीच अपनी युद्धक क्षमताओं को उन्नत करने के लिए 500 करोड़ रुपये के उपकरण और सिस्टम खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि साल 2019 में भी बालाकोट एयर स्ट्राइक के तुरंत बाद भारतीय सेना को यह ड्रोन उपलब्ध कराई गई थीं। वहीं इसी सुविधा का इस्तेमाल करते हुए भारतीय नौसेना ने दो प्रीडेटर ड्रोन को भी लीज पर लिया है जो अमेरिकी फर्म जनरल एटॉमिक्स से लिए गए हैं।

### किसान आंदोलन पर एक्शन में केंद्र सरकार

# कमेटी के लिए पांच नेताओं के नाम मांगे

### 4 दिसंबर को आंदोलन खत्म करने पर फैसला लेगा एसकेएम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**केंद्र** सरकार अब किसान आंदोलन को पूरी तरह खत्म कराने के लिए एक्शन में आ गई है। लोकसभा और राज्यसभा में तीन कृषि सुधार कानून वापस लेने के बावजूद धरनास्थलों पर बैठे किसान संगठनों की एमएसपी कानून की मांग पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एमएसपी कमेटी बनाने का फैसला किया है। साथ ही इस कमेटी में शामिल होने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से 5 किसान नेताओं के नाम मांगे हैं। किसान नेता मनजीत सिंह राय ने कहा कि बुधवार को कमेटी में शामिल होने वालों के नामों की लिस्ट जारी की जा सकती है।

सिंघु बॉर्डर पर मंगलवार शाम को 32 किसान संगठनों की तरफ से की गई बैठक अब खत्म हो गई है। बैठक के बाद किसान नेताओं ने कहा कि ज्यादातर किसान संगठन अब आंदोलन को खत्म करने के पक्ष में हैं, हालांकि भाकियू (टिकैत) के राकेश टिकैत और गुरनाम चढ़ूनी आंदोलन को जारी रखने पर अड़े हुए हैं। हालांकि सर्वसम्मति से ही सब इसका हल चाहते हैं। अब 4 दिसंबर को एसकेएम की मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग में आंदोलन वापसी की घोषणा हो सकती है। बैठक के बाद किसान नेता हरिंदर सिंह लक्खोवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमसे पांच मेंबरों की सूची मांगी है। हम एक-दो दिन में सूची दे देंगे। अब 4 दिसंबर को हम संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक बुलाएंगे। उसके बाद किसान आंदोलन पर फैसला ले लिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने सभी राज्यों को किसान आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने का निर्देश दिया है। हरियाणा के किसान नेताओं ने मुकदमों की वापसी के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ बैठक करने की घोषणा भी कर दी है।

मनोहर लाल पहले ही कह चुके हैं कि वे किसानों पर दर्ज केस वापस लेने को तैयार हैं। पंजाब सरकार भी इसके लिए पहले ही सहमति दे चुकी है। लक्खोवाल के मुताबिक, हरियाणा, चंडीगढ़ और रेलवे के केस भी हम पर दर्ज हैं। हरियाणा ने बैठक बुला ली है और उत्तर प्रदेश में भी लिस्ट बन रही है। केंद्र सरकार के तीन कृषि सुधार कानून वापस लेने के बाद से ही सिंघु बॉर्डर पर किसानों की वापसी को लेकर हलचल बढ़ी हुई है।



### लोस-रास में पास होने के बाद अब राष्ट्रपति की मुहर बाकी

केंद्र सरकार ने तीन कृषि सुधार कानून वापस ले लिए हैं। लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद अब इस पर राष्ट्रपति की मुहर बाकी है। सोमवार को पंजाब के किसान संगठनों ने बैठक कर घर वापसी पर सहमति दी थी। इससे पहले उन्होंने बाकी मांगों को लेकर केंद्र सरकार को एक दिन का अल्टीमेटम दिया था। घर वापसी के बारे में औपचारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा, लेकिन इस पर 4 दिसंबर को एसकेएम की मुहर लग सकती है। पंजाब के किसान नेताओं का कहना है कि उनकी मुख्य मांग तीन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की थी। इसे केंद्र ने एक ही दिन में लोकसभा और राज्यसभा से पास करवा दिया। पराली और बिजली एक्ट से किसानों को बाहर निकाल दिया। अब केंद्र सरकार ने एमएसपी पर कमेटी के लिए किसान नेताओं के नाम भी मांग लिए हैं। वहीं केस रद्द करने को लेकर भी सरकार पूरी तरह से हरकत में है। हालांकि वह आंदोलन में मरे किसानों के लिए केंद्र से मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं।

### बादली में एक ही परिवार के चार सदस्य मृत मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में मंगलवार सुबह एक घर में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार सदस्य मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि अमित कुमार (30), उनकी 25 वर्षीय पत्नी और छह साल की बेटी तथा तीन साल का बेटा घर में मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि मौत की वजह का पता अभी नहीं चल पाया है। हालांकि, पहली नजर में ऐसा लगता है कि कुमार ने अपनी पत्नी और बच्चों को जहर देने के बाद खुद को फांसी लगा ली।

## दो तेज रफ्तार कार आपस में टकराई, 6 मरे

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**बारात** से लौट रही कार और एक अन्य कार की भीषण भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में पति-पत्नी भी शामिल हैं। इसमें एक कार में सवार छह लोगों में से चार की मौत हो गई। तो वहीं दूसरी कार में सवार दो लोगों ने दम तोड़ा।

बता दें कि एक गाड़ी में छह लोग सवार होकर जींद बारात से पूंडरी वापस आ रहे थे, तो दूसरी गाड़ी में



सवार लोग गांव दबखेड़ी कुरुक्षेत्र से सफीदों के गांव मलहार जा रहे थे। जैसे ही दोनों गाड़ियां कस्बा पाई के पास पहुंची तो दोनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा इनमें सवार व्यक्ति भी बुरी तरह से अंदर फंस गए। मृतकों की पहचान बरेली निवासी कार चालक सत्यम (26), रमेश (30) निवासी सैनी मोहल्ला पूंडीर, अनिल निवासी मोर मोहल्ला नरवाना, शिवम निवासी गांव सातरोड हिसार शामिल है, जबकि सतीश निवासी पूंडीर और बलराज निवासी नरवाना घायल हो गए। वहीं दूसरी कार सवार पति-पत्नी विनोद (40) और बाला देवी (35) निवासी गांव दबखेड़ी निवासी कुरुक्षेत्र की मौत हो गई, जबकि दंपति बेटा विराज (सात) और एक महिला सोनिया घायल हो गई।

### संजीव कौशल हरियाणा के नए मुख्य सचिव



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव विजय वर्धन मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर अब 1986 बैच के आईएएस अधिकारी संजीव कौशल प्रदेश के नए मुख्य सचिव होंगे। निवर्तमान मुख्य सचिव विजयवर्धन के सेवानिवृत होने की वजह से यह पद खाली हुआ था। संजीव हरियाणा के 35वें और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार के पांचवें मुख्य सचिव होंगे। संजीव कौशल मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भी रह चुके हैं। उनकी गिनती प्रदेश के सुलझे हुए अधिकारियों में होती है।

## छात्राओं को मुफ्त बस सुविधा देगी सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा लड़कियों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने की योजना के तहत सरकारी कॉलेजों से लड़कियों का डाटा 3 दिसंबर 2021 तक पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया, राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की जो लड़कियां गांव से शहर के सरकारी कॉलेजों में दैनिक रूप से पढ़ने जाती हैं, उनके लिए प्रदेश सरकार द्वारा फ्री-बस पास की सुविधा आरंभ हुई है। ऐसे में उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों के प्रिंसिपल को निर्देश दिए गए हैं कि जो लड़कियां उनके गांव से सरकारी कॉलेज तक फ्री-बस पास की सुविधा लेने की इच्छुक हैं उनका डाटा 3 दिसंबर तक कॉलेज के ईआरपी पोर्टल पर अपलोड करें।

## हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट वेतन और सेवा शर्त संशोधन विधेयक पेश

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में मंगलवार को उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय (वेतन एवं सेवा शर्त) संशोधन विधेयक 2021 पेश किया गया। इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि उच्च एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को पेंशन की अतिरिक्त मात्रा या परिवार पेंशन के लिए कोई हकदारी सदैव उस माह की पहली तारीख से होगी, जब पेंशन भोगी या कुटुम्ब पेंशनभोगी निर्दिष्ट आयु पूरी कर लेता है।

लोकसभा में विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय (वेतन एवं सेवा शर्त) संशोधन



विधेयक 2021 पेश किया। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय (वेतन एवं सेवा शर्त) अधिनियम 2009 की 17ख एवं 16ख में क्रमशः अंत:स्थापित किया गया था, जिसमें प्रत्येक सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उनकी मृत्यु के पश्चात उसका कुटुम्ब उसमें निर्दिष्ट मान के अनुरूप पेंशन या कुटुम्ब पेंशन की अतिरिक्त मात्रा का हकदार होगा।

# जल्द करवट लेगा दिल्ली-एनसीआर में मौसम

### पश्चिम मध्यप्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट बारिश की संभावना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण थाईलैंड और अंडमान सागर के नजदीकी इलाकों में एक कम दबाव का क्षेत्र बना है।

संभावना है कि अगले 12 घंटों में यह अंडमान के पश्चिम उत्तर-पश्चिम और मध्य क्षेत्र पर पहुंच सकता है। दो दिसंबर तक इसके डिप्रेशन में और तीन दिसंबर तक इंट्रासाइकिल तूफान में बदलने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना जताई गई है।



● फाइल फोटो।

### कई स्थानों पर हो सकती है बर्फबारी

आईएमडी के अनुसार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में दो दिसंबर को बारिश के साथ ही कई स्थानों में भारी बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा, तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल, केरल, माहे और लक्षद्वीप क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। अगले दो दिनों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा में भारी बारिश हो सकती है। एक और दो दिसंबर के दौरान पश्चिम मध्यप्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट बारिश की संभावना है।

इससे पहले आईएमडी के आरके जेनामणि ने बताया था कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते 30 नवंबर से दो दिसंबर तक ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी वर्षा होगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक से दो दिसंबर की रात तक गुजरात, कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कई इलाकों में तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके साथ ही जेनामणि ने कहा था कि दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश होने के आसार हैं और कुल मिलाकर इस दौरान मौसम में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 01 दिसंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

Good Morning!

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 23.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 15.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- न्यू जनता कॉलोनी में 4 गलियों में लॉकिंग टाइल्स और चार पार्कों के सौन्द्रीयकरण का शुभारंभ : सुबह 10:30 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह नौ बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: 2 बजे

## निवेश गुरु

**पड़ोस** में क्रिकेट खेलना मेरे बचपन की सबसे यादगार चीजों में शामिल है। हम हर मैच को इंटरनेशनल टूर्नामेंट की तरह गंभीरता से खेला करते थे और हर गेंद एक तरह की दुविधा पैदा करती थी। मैं अपने समय में अपनी टीम का एक बढ़िया बल्लेबाज था और एक अच्छा स्कोर खड़ा करना मेरी जिम्मेदारियों में शामिल था। जब भी मैं कोई गेंद खेलता था तो इस दुविधा में रहता था कि इसे मुझे रक्षात्मक तरीके से सिंगल के लिए खेलना चाहिए या बाहर निकलकर छक्का जड़ना चाहिए? हर विकल्प के अपने फायदे थे और उसी से जुड़े हुए परिणाम। एक तरह जबरदस्त उत्साह हुआ करता था। दूसरी तरह आउट होने और इस वजह से मैच गंवाने का डर।

## यूटीलिटी न्यूज

### 50 प्रतिशत बच्चे जाएंगे स्कूल

**फरीदाबाद।** कोरोना के नए वायरस के खतरे को भांपते हुए हरियाणा सरकार ने पहली दिसंबर से सभी स्कूलों को पूरी क्षमता के साथ खोलने का फैसला वापस ले लिया है। अब पहले की तरह सिर्फ 50 प्रतिशत बच्चे ही स्कूलों में आ सकेंगे। फिलहाल स्कूलों का समय भी नहीं बदलेगा। 10 दिसंबर के बाद ही हालात को देखते हुए स्कूलों को पूरी क्षमता के साथ खोलने या नहीं खोलने का फैसला लिया जाएगा। जिस कारण जिले में जारी किए जा रहे निर्देशों को स्कूल संचालकों ने बदल दिया है। हालांकि कुछ स्कूलों में इसके बारे में कोई निर्देश नहीं दिए गए है, क्योंकि यह निर्देश सुबह जारी किए गए थे। लेकिन सरकार के आदेश दोपहर बाद आए है। जिस कारण एक दिसंबर को स्कूलों में बच्चे पहुंचेंगे। उन स्कूल संचालकों का कहना है कि एक दिसंबर को स्कूल आने पर ही बच्चों को इसकी सूचना दे दी जाएगी।

## क्विक न्यूज

### सड़क निर्माण कार्य किया शुभारंभ

**बल्लभगढ़।** वार्ड 38 सुभाष कॉलोनी में करीब 8 लाख रुपये से बनने वाली कंक्रीट की सड़क के कार्य का मंगलवार को हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा ने स्थानीय लोगों के हाथ नारियल तुड़वाकर शुभारंभ कराया। बता दें कि यह सड़क बालाजी मंदिर से शुरू होकर कॉलोनी के बीच से गुजरेगी। सड़क के बनने से कॉलोनी वासियों की करीब 40 साल पुरानी समस्या दूर हो जाएगी। पंडित टिपर चंद शर्मा ने कहा कि यह लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी जिसे पूरा कराया जा रहा है और जल्द ही सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि बुद्धा सैनी, पार्षद हरप्रसाद गोड़, दर्शन ठाकुर, लक्ष्मण यादव, सुभाष सैनी, चौधरी खेमचंद, वीरेंद्र, कृष्ण पाल, बाबूलाल वैष्णव, रमेश रावत सहित कालोनी वासी मौजूद रहे।

# एनजीटी के आदेशों के बावजूद शहर में धड़ल्ले के साथ हो रहे निर्माण

### कहां हैं निर्माण पर नजर रखने के लिए तैनात निगम के 20 एसडीओ और 40 जेई

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**दिल्ली** एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते एनजीटी द्वारा निर्माण कार्यो पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन एनजीटी के आदेशों को ताक पर रख कर शहर के चप्पे चप्पे पर धड़ल्ले के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां तक कई सरकारी साइटों पर भी निर्माण कार्य हो रहे हैं। जिन सरकारी साइटों पर निर्माण कार्य बंद है, वहां खुले में पड़ी निर्माण सामाग्री और मिट्टी प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने का काम कर रही है। शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए छोटे बच्चों के स्कूल तो एक बार फिर बंद कर दिये गए हैं। लेकिन निर्माण कार्य पर किसी तरह से प्रतिबंध लगाने की कोई जरूरत महसूस नहीं की जा रही है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने हाल ही में तोड़फोड़ विभाग को भंग करने के बाद अवैध निर्माणों पर नजर रखने के लिए सभी 40 वार्डो में एक एक एसडीओ और दो दो जेई तैनात किये हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गतदिवस निर्माण कार्य करने पर एनएचएआई और हीब्रो अपार्टमेंट पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया हैं। लेकिन दूसरी तरह शहर में खुले निर्माण कार्य हो रहे हैं। लेकिन निगम द्वारा नियुक्त किये गए 60 अधिकारियों का प्रदूषण अथवा निर्माण कार्यो से कोई लेना देना नहीं हैं।



बड़खल अनखीर रोड पर सीवर लाइन की साइट पर लगे मिट्टी के ढेर।



एनएच पांच स्थित बिल्डिंग में प्रतिबंध के बाद भी हो रहा निर्माण कार्य।

### सरकारी साइटों पर निर्माण और लापरवाही

**शहर** की हवा को लगातार जहरीला होते देखकर एनजीटी ने सभी सरकारी व निजी निर्माण कार्य पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। निजी भवनों का निर्माण कार्य तो आम बात है, सरकारी विकास कार्यो से संबंधित निर्माण कार्य भी शहर में धड़ल्ले के साथ चल रहे हैं। जिसकी वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा गतदिवस एनएचएआई और हीबो अपार्टमेंट पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इन दोनों की साइटों पर निर्माण कार्य किये जा रहे थे। लेकिन जुर्माने के बाद भी बाइपास रोड पर कई जगह निर्माण होता हुआ देखा गया है। वहीं अमृत योजना के तहत बड़खल अनखीर रोड पर सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। निर्माण कार्य तो फिलहाल बंद है। लेकिन चारों तरफ लापरवाही से लगाए गए मिट्टी के ढेर प्रदूषण को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। एनएच चार में सेंट्रल स्कूल के पास दीवार का निर्माण हो रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी परिजनों के तहत शहर में कई जगह नालों और सड़कों का निर्माण हो रहा। प्रदूषण बढ़ने के बाद भी प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य नहीं रोके जा रहे हैं।

### प्रतिबंध के बावजूद निर्माण

**पिछले** कुछ समय से शहर की आबोहवा लगातार जहरीली होती जा रही है। जिससे लोगों को सांस में लेने में तो परेशानी हो रही है। फिर भी नगर निगम द्वारा जरा भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को ध्यान में रखते हुए शहर में निर्माण कार्य पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। निगम अधिकारियों ने इस आदेश का पालन करने के लिए लोगों को न तो जागरूक करने का प्रयास किया और न ही इस संदेश को उन लोगों तक पहुंचाने के लिए कोई प्रयास किए। जिससे शहर में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ निर्माण कार्य चल रहे है। शहर का ऐसा कोई हिस्सा नहीं है, जहां इन दिनों निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। निर्माण कार्य के साथ ही साइटों पर निर्माण सामाग्री को भी खुला रखा हुआ आम देखा जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम की तरफ से निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए किसी तरह के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य के कारण हवा में धूल की मात्रा लगातार बढ़ रही है। जिससे प्रदूषण का स्तर भी आए दिन बढ़ रहा है।



सेक्टर 21डी में निर्माणाधीन मकान में काम करते मजदूर।

### लापरवाही से बढ़ रहा प्रदूषण



**समाजसेवी** अनीशपाल का कहना है कि शहर में बढ़ते प्रदूषण के लिए काफी हद तक नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार है। प्रदूषण को रोकने के लिए तय नियमों का निगम की तरफ से पालन नहीं किया जा रहा है। निगम ने अभी तक सरकारी निर्माण कार्यो पर रोक नहीं लगाई। शहर में उड़ने वाली धूल प्रदूषण को लगातार बढ़ाने का काम कर रही है। दिनभर धूल उड़ने से रोकने के लिए नगर निगम की तरफ से सिर्फ दिखावे के लिए छिड़काव किया जा रहा है।

### कूड़े के ढेर बढ़ा रहे प्रदूषण

**शहर** को स्वच्छत बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव की तरफ से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए वे एनजीओ की मदद भी ले रहे हैं, जिनकी मदद से स्कूली बच्चों से लेकर शहर के लोगों तक को स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। लेकिन घरों से कूड़ा उठाने वाली ईकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी निगमायुक्त के प्रयासों पर लगातार पानी फेरने का काम कर रहे हैं। निगमायुक्त के लाख आदेशों के बावजूद कंपनी के कर्मचारी सूखा और गीला कूड़ा अलग अलग इक्ट्ठा नहीं कर रहे हैं। कूड़े को घरों से उठाने के बाद कर्मचारी अवैध रूप से शहर में जगह जगह बनाए गए अवैध डंपिंग पॉइंटों पर लाकर डाल दिया जाता है। जहां कूड़ा कई कई दिनों तक पड़ा सड़ता रहता है। कूड़े के साथ मौजूद जहरीली पदार्थ उड़कर लगातार हवा का जहरीला बनाने का काम करते हैं। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों और वहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है। कूड़ा सूख जाने के बाद इनमें कई जगह आग लगने की घटनाएं भी हो रही है।

# डीएवी में समावेशन कार्यक्रम किया आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवी** शताब्दी कॉलेज, फरीदाबाद का कला संकाय अपने शिक्षण सत्र का प्रारंभ नवंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों के परिचय के लिए एक समावेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कला संकाय के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। बीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मिस फ्रेशर अंजलि गौड और मिस्टर फ्रेशर आशुतोष दुबे चुने गए। बीए द्वितीय वर्ष से मिस फ्रेशर महिमा शर्मा और मिस्टर फ्रेशर अंकित है। रैम्प वाक भी हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सविता भगत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने समावेशन कार्यक्रम को नए छात्रों का नए परिवेश में अनुकूलता और उनके समावेशन के लिए उपयोगी बताया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डीएवी कॉलेज के एलुमनी एडवोकेट शिवराज बैंसला एडवोकेट रविन्दर चपराना और मिस्टर अनिल प्रताप, प्रशासक, रावल इंस्टीट्यूट थे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सविता भगत और कला संकाय डीन डॉ. विजयवंती ने सभी अतिथियों को पौधा देकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की अपील की और सभी फैकल्टी का परिचय दिया। अंत में विद्यार्थियों का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर डॉ. सुनीति आहूजा, डॉ. अर्चना भाटिया, डॉ. रुचि अरोड़ा आदि की गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि सभी विभागों के शिक्षक और छात्र भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल रहे।



डीएवी शताब्दी कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मुख्य अथिति के साथ चुने गए मिस्टर एंड मिस फ्रेशर।

# जेसी बोस आनलाइन परीक्षा आयोजित करेगा

### विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केंद्र पर ऑनलाइन कराई जाएगी परीक्षाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ऑनलाइन** परीक्षा की मांग कर रहे छात्रों को बड़ी राहत देते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 14 दिसंबर से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा को ऑनलाइन मोड में कराने का निर्णय लिया है। यह परीक्षाएं अब विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित परीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी।



जेसी बोस विश्वविद्यालय।

उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन परीक्षा की मांगों को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति श्री राज नेहरू से मुलाकात की थी, जिस पर कुलपति ने उनकी सभी समस्याओं को सहानुपतिपूर्वक सुना था एवं आश्वासन दिया था कि विद्यार्थियों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय उचित निर्णय लेगा। विद्यार्थियों ने कुलपति के समक्ष सिलेबस को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा की मांग की थी। साथ ही, बाहरी राज्यों के लिए विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधा तथा कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जताई थी। विभिन्न आंतरिक समीक्षाओं और अधिकारियों एवं संबद्ध कालेजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विश्वविद्यालय ने कोविड प्रोटोकॉल के उचित अनुपालन में अधिसूचित केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है।

# वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

### ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगजीत ने 100 से अधिक वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सड़क** दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा की गई नई पहल के तहत ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगजीत के ने सेक्टर 58, ऑटो मार्केट, कैली गांव चौक, जेसीबी चौक, सीकरी पुल और नेशनल हाईवे पर 100 ट्रैक्टर और ट्रकों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे पर दुर्घटना के कारणों की रिपोर्ट तैयार करके दुर्घटनाक्षेत्र में टकराव के कारणों को दूर किए जाएगा। धुंध के समय में दृश्यता कम हो जाती है इसलिए वाहन चालक को अपने आगे या पीछे चलने वाली गाड़ियां कम दिखाई पड़ती हैं। अचानक ब्रेक लगाने की वजह से टकराव के स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बल्लभगढ़ ट्रैफिक टीम ने लोगों को यातायात नियमों के पालन के साथ-साथ अपने वहानों पर रिफ्लेक्टर लगाने की सलाह दी। रिफ्लेक्टर काफी चमकीले होते हैं और धुंध के अंदर भी यह दूर से दिखाई दे जाते हैं जिससे वाहन चालकों को अपने आगे पीछे चलने वाली गाड़ियों की दूरी का अंदाजा हो जाता है और किसी आकस्मिक स्थिति में ब्रेक लगाने पर वाहन चालक रिफ्लेक्टर की वजह से गाड़ी को दूर से ही देखकर संभल सकता है। इसकी वजह से दुर्घटना से बचाव करने में सहायता मिलती है।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा समय-समय पर नागरिकों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरूक किया जाता रहा है और भविष्य में भी नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा।



ट्रक पर रिफ्लेक्टर लगाते पुलिस कर्मी।

# कुपोषण मुक्त बनाने को चलाया पोषण अभियान

### कार्यक्रम के अंर्तगत पोषण ट्रैकर ऐप भी लांच की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महिला** एवं बाल विकास द्वारा पोषण अभियान के अंर्तगत जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंर्तगत पोषण ट्रैकर ऐप लांच की गई थी, जिसका एक दिवसीय प्रशिक्षण आज मंगलवार को एनआईटी बाल भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षणकर्ता अनूप जिला संयोजक पोषण अभियान नारनौल थे। इस प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी, सीडीपीओ अनीता गाबा, मीरा, मंजु जिला संयोजक गीतिका, विकल के साथ लगभग दो सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी खंड से, सभी सुपरवाइजर मौजूद रही।



बाल भवन में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ट्रैकर ऐप लांच कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी देते अधिकारी।

आप को बता दें कि जिला में कुपोषित बच्चों की पहचान करके उनका इलाज कराया जाएगा। कुपोषित बच्चों का इलाज नागरिक अस्पताल बीके में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नि:शुल्क किया जाएगा। जिला मे कुपोषित बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्पर के माध्यम से चिह्नित किया जा रहा है। इसके अलावा सभी बच्चों का डाटा भी ऑनलाइन करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गत 16 नवम्बर से जिला के सभी 1294 आंगनबाड़ी केंद्रों को खोलने के आदेश सरकार ने जारी किए गए है। अब जिला में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर्स अपने-अपने इलाकों में कुपोषित बच्चों की पहचान कर रही हैं। वे जीरो से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की वजन और हाइट की जांच कर रही हैं और जो बच्चे कुपोषित पाए जा रहे हैं। उन्हें चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने बताया महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चिह्नित कुपोषित बच्चों का इलाज स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल करके नागरिक अस्पताल बीके में करवाया जाएगा।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**तिरंगा शान से इस देश का फहरेगा सरहद पर**
**यक़ीनन क़र्ज़ माटी का भी तो उतरेगा सरहद पर**
**लहू से जब कभी जयघोष लिखने का समय होगा**
**लहू उस दिन युवा पीढ़ी का ही बिखरेगा सरहद पर**

# मॉकड्रिल : राजा नाहर सिंह महल में आया भूकंप

### बल्लभगढ़ एम्बुलेंसों के सायरनों की आवाज से लोग हुए अचम्भित

### अधिकारियों और कर्मचारियों ने आयोजित की मॉकड्रिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के राजा नाहर सिंह पैलेस में एम्बुलेंसों की सायरनों की आवाजें बाजार में लोगों की चर्चा विषय बन गईं। इस मौके पर जिला प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ, स्वयंसेवी संगठनों और रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से प्राकृतिक आपदा, भूकंप आने पर माकड्रिल कर घायलों के बचाव और प्राथमिक उपचार किया जा रहा था। प्राकृतिक आपदा के दौरान कैसे स्वयं को और अपने सहयोगियों को बचाना है, के बारे में माकड्रिल का मौका था। आपदा के दौरान कार्य बेहतर तरीके से कैसे करें और किसी प्राकृतिक आपदा में कार्य किया है तो अनुभव भी आपस में साझा करें। मंगलवार को जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ के सहयोग से राजा नाहर सिंह महल में आपदा प्रबंधन एवं बचाव के लिए डीआरओ बिजेन्द्र सिंह राणा की अध्यक्षता में माकड्रिल की गई।



बल्लभगढ़ नाहर सिंह महल में आयोजित मॉकड्रिल करते एनडीआरएफ की टीम।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को राजा नाहर सिंह पैलेस में जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ द्वारा संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। एक दिन का मॉक ड्रिल में प्राथमिक उपचार और सीपीआर चेक करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इसमें पहले चरण में रेडक्रॉस के वालिन्टियर द्वारा भूकंप में घायल हुए लोगों का प्राथमिक उपचार करके अस्पतालों में पहुचाने, एनडीआरएफ की टीमों द्वारा अलग-अलग घटनाओं की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर और वहां बचाव कार्यों के लिए टीमों के पहुंचने और आपदा से निपटने के रिसपांस के बारे में भी माकड्रिल कर लोगों को बताया गया।

दूसरे सत्र में कर्मचारी और अन्य के साथ आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। एनडीआरएफ की 8वीं बटालियन टीम के सदस्यों द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। जिसमें कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों और घरों में लोगों को आपदा की स्तिथि का सामना करने के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत करवाया गया। आपदा के समय घायल व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल तक पहुंचाने के तौर तरीकों को प्रकटिकल करके जानकारी विस्तार से दी गई। एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि आपदा का कोई भी समय नहीं होता। यह किसी भी समय आ सकती है।

# वंशिका ने चार और छह के मार्जन से हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रतन** कान्वेंट फरीदाबाद की पांचवीं कक्षा की छात्रा वंशिका ने जिला स्तर के फरीदाबाद स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित किए जा रहे खेलों में अंडर 11 साल की प्रतियोगिता में तीनों राउंड में बढ़त बनाते हुए अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी बानी कौर को चार और छह के मार्जन से हरा दिया। यह छात्रा अब हरियाणा स्कूल चैस एसोसिएशन टूर्नामेंट में सेलेक्ट हो गई है आगे वह स्टेट लेवल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

वंशिका की इस कामयाबी पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने उसको बधाई देते हुए पुरस्कृत किया और छात्रा को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रदान की। इसके अलावा छात्रा को सम्मानित करते समय अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया तथा वंशिका के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए प्रार्थना सभा में अन्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए इस प्रकार के प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के चेयरमैन यशवीर सिंह डागर ने भी वंशिका को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।



रतन कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा वंशिका।

# कुंडली मिलने से ज्यादा एचआईवी की जांच जरूरी

**कविता।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के कारण एचआईवी के मरीजों की संख्या कम हो गई। वर्ष 2020 में मात्र 183 मरीज सामने आए, लेकिन वर्ष 2021 में एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ गया। इस वर्ष कुल 51166 जांच में से 339 पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसमें पुरुषों की संख्या सर्वाधिक 245, महिलाओं की संख्या 75, गर्भवती महिलाओं की संख्या 16 और ट्रांसजेंडरों की संख्या तीन है।

पिछले 20 सालों में 3305 मरीजों की पहचान हुई है। एचआईवी से पुरुष अधिक ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में महिलाएं भी बीमारी की चपेट में आ रही हैं। लोगों को चाहिए कि वह विवाह से पहले ही कुंडली मिलान की तरह एचआईवी की भी जांच कराएं। ताकि जिले में एचआईवी ग्रस्त रोगियों की संख्या न बढ़े। इस बार विश्व एचआईवी दिवस पर देशभर में कोई कार्यक्रम न करते हुए इसे काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय कर्मचारियों ने लिया है।

**विश्व एचआईवी दिवस पर विशेष**



डॉ. शीला भगत।

### जागरुकता के बाद भी हर वर्ग हो रहा एचआईवी ग्रस्त : डॉ. शीला

### खुलासा 20 वर्षों के आंकड़ों में एचआईवी ग्रस्त पुरुषों की संख्या अधिक

### जागरुकता है बचाव

**डॉ. शीला** भगत ने बताया कि एचआईवी एक जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी को लेकर सरकार द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद लोग जरा सी लापरवाही के कारण न केवल खुद बल्कि अन्य लोगों को भी एचआईवी का शिकार बनने को मजबूर कर रहे हैं। जिसमें में बच्चे भी शामिल हैं।

### हर वर्ग चपेट में

**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि एचआईवी की चपेट में जिले के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष, गर्भवती सभी आयुवर्ग के लोग आ रहे हैं। लोगों को एचआईवी से बचाव के उपाय अपनाने चाहिए, लेकिन आज भी बहुत बड़ा तबका जागरूक होने के बाद भी इस बीमारी से ग्रस्त हो रहा है। इसलिए सबसे जरूरी है कि शादी में कुंडली मिलाने के बजाय एचआईवी जांच कराएं और अन्य बीमारियों के साथ एचआईवी की भी जांच करवा लें। ताकि इस बीमारी का समय रहते पता चल सके।

**पिछले 20 वर्षों में आए मरीजों की संख्या**

| वर्ष | पुरुष | महिलाए | गर्भवती | कुल मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 2002 | 07 | 03 | 00 | 10 |
| 2003 | 07 | 03 | 00 | 10 |
| 2004 | 12 | 08 | 00 | 20 |
| 2005 | 20 | 09 | 01 | 30 |
| 2006 | 23 | 16 | 00 | 39 |
| 2007 | 35 | 19 | 00 | 54 |
| 2008 | 48 | 23 | 00 | 73 |
| 2009 | 95 | 37 | 09 | 141 |
| 2010 | 142 | 39 | 05 | 186 |
| 2011 | 119 | 54 | 06 | 179 |
| 2012 | 120 | 68 | 07 | 195 |
| 2013 | 144 | 24 | 06 | 174 |
| 2014 | 158 | 62 | 11 | 231 |
| 2015 | 102 | 53 | 06 | 161 |
| 2016 | 182 | 82 | 11 | 275 |
| 2017 | 165 | 81 | 11 | 259 |
| 2018 | 248 | 95 | 27 | 370 |
| 2019 | 235 | 94 | 15 | 344 |
| 2020 | 141 | 65 | 09 | 183 |
| 2021 नवंबर तक | 248 | 75 | 16 | 339 |

# आधा अनाज बांटकर, डिपो होल्डर विभाग को दे रहे हैं पूरा हिसाब

### शिकायत वापस लेने को डिपो होल्डर दे रहे ग्रामीणों को धमकी

**कविता।** फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ सरकार गरीबों को अनाज मुफ्त बांटने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ छायंसा गांव की एक शिकायत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें पीएम से शिकायत की गई है कि छायसां और आसपास के गांवों में अनाज पूरा नहीं मिल रहा है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने डिपो होल्डरों के खिलाफ लिखित में शिकायत पीएम के नाम जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन गुड्डी भाटी के पति कप्तान भाटी को सौंपी है। शिकायत में बताया है कि उनसे मशीन में एंट्री करवा कर आधा अनाज ही दिया जा रहा है। इस लिखित शिकायत को सोशल मीडिया पर वायरल करने पर डिपो होल्डर ग्रामीणों को धमकियां दे रहे हैं।



### अपडेट पूरा, मिला आधा

**छायंसा** निवासी मनोज कुमार और सुरेन्द्र ने बताया कि गांव में पांच डिपो धारक हैं। जिनके पास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों का राशन आता है। जिसमें प्रधानमंत्री का अनाज उन्हें फ्री और मुख्यमंत्री का अनाज पैसों से दिया जाता है, लेकिन इस बार नवंबर माह में उन्हें मुख्यमंत्री वाला अनाज ही बांटा है। लेकिन फ्री यानी पीएम वाला अनाज नहीं दिया। हैरानी तो इस बात की है कि पीओएस मशीन में प्रधानमंत्री वाले अनाज का भी अपडेट डाल दिया गया है। जोकि पूरी तरह से गलत है।

### मिल रही धमकी

**ग्रामीणों** ने बताया कि उन्होंने शिकायत देने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जिसके बाद उन्हें डिपो होल्डर फोन पर या फिर उनके घरों में पहुंच कर शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। वहीं उन्हें कह रहे हैं कि अनाज पीछे से ही नहीं आया तो वह कैसे दें।

### ये है पूरा मामला

**बल्लभगढ़** स्थित गांव छायसां के निवासी मनोज, सुरेन्द्र, सोहनलाल, मदन, सतवीर, अमरपाल, दुल्लीचंद, राजू, बिजेन्द्र, राजकुमार, साहिल, सुभाष गोपाल, ललीता, शकुंतला, श्रीपाल, चंद्रपाल आदि लोगों ने हस्ताक्षर करके पीएम के नाम की लिखित शिकायत जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन को सौंपी है। शिकायत के मुताबिक ग्रामीणों ने पीएम को बताया कि गांव में सभी डिपो धारकों ने नवंबर माह का राशन आधा दिया है और पूरे राशन का अंगूठा उनसे लगवा लिया है। वहीं उनके गांव के बीपीएल धारकों तो सरकारी चीनी और नमक अगस्त से ही नहीं दिया जा रहा है।

डिपो होल्डरों का यहां तक कहना है कि पीओएस मशीन में पीएम और सीएम के राशन की एंट्री अपने आप ही हो रही है। इसमें वह क्या कर सकते हैं। उनके नाम दी गई यह शिकायत गलत है।

# करतार भडाना के मुंशी से लूटपाट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



लुटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक के साथ क्राइम ब्राच 48 के पुलिस अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त फरीदाबाद विकाश अरोडा ने शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वारदातों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के आदेश एवं पुलिस उपायुक्त एनआईटी नितीश अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 27 नवम्बर को क्रेशर जोन के मुंशी के साथ हुई लूट मामले में 2 आरोपियों को पलवल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विमल गांव सिलोठी पलवल और हितेश निवासी सिविल लाइन कॉलोनी पलवल के रूप में हुई है।

27 नवम्बर की रात को समय करीब 8.50 पीएम पर भडाना क्रेसर जोन का मुंशी अपनी मोटरसाइकिल पर अनंगपुर पहुंचा तो वह खड़े एक लड़के ने मुंशी के पिठू बैग पर हाथ मार कर बैंग खींच लिया जिससे मोटर साईकिल डगमगा कर गिर गई, मुंशी का पैर मोटरसाइकिल के निचे दब गया था। बैग छीनने वाले आरोपी ने अपने साथी के साथ मुंशी का रुपयों से भरा बैंग छिन लिया था। थोड़ी दूरी पर आगे खड़ी गाड़ी जिसमें दो आरोपी मौजूद थे, बैग छिनने वाले दोनों आरोपियों सहित रुपयों से भरा बैग लेकर फरार गए थे। सीसीटीवी फुटेज व विशेष सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 ने 2 आरोपियों को पलवल से गिरफ्तार करने मे सफलता मिली। आरोपियो के कब्जे से 89 हजार रुपए बरामद किए है। डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त आरोपियो को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी विमल को पलवल की राम नगर कॉलोनी से व आरोपी हितेश को पलवल की सिविल लाइन से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# डीडी क्रिकेट क्लब ने छह विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 19वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में डीडी क्रिकेट क्लब ने एचआरएस ड्रीम इलेवन टीम को 6 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि एचआरएस ड्रीम इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 140 रन बनाए।

टीम की ओर से शुभम नाकारा ने 32 रन, अमित ने 27 रन, हितेश ने 20 रन, इन्जामुल हक ने 14 रन बनाए। डीडी क्रिकेट क्लब के नितिन ने तीन विकेट, सुमित अब्भी ने दो विकेट, कार्तिक और अभय ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीडी क्रिकेट क्लब की टीम ने 15.2 ओवर में चार विकेट पर 144 रन बनाकर जीत हासिल की। सुमित अब्भी ने 72 रन, यश कौशिक ने 13 रन, ललित ने 12 रन बनाए। एचआरएस ड्रीम इलेवन के रूपेश ने दो विकेट, धर्मेंदर ने एक विकेट ली।



रविंद्र फागना मिक्स कारपोरेट क्रिकेट लीग मैच में मैन आफ दा मैच में अमित कौशल को नवाजा गया।

मैंन ऑफदा मैच का पुरस्कार सुमित अब्भी को दिया गया।

**चेयरमैन 11 ने दो विकेट से जीता मैच :** डे नाइट वारियर्स और चेयरमैन इलेवन के बीच दूसरा मैच में डे नाइट वारियर्स ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते 14.4 ओवर में 10 विकेट पर 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेयरमैन इलेवन ने 16.1 ओवर में 8 विकेट पर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैंन ऑफ दा मैच का पुरस्कार अमित कौशल को दिया।

# निगम ने 18 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए 30 नवंबर को 18 इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 19 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। एनआईटी जोन-1 ने सात चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 03.47 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। जिनमें से 02 इकाईयों ने प्रोपर्टी टैक्स मौके पर ही जमा करा दिया है, एनआईटी जोन-2 ने 04 चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 06.66 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसी तरह बल्लभगढ़ जोन- 1 ने सात चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 09 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाईयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नही हुई है, उन इकाईयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।

# एनएसयूआई द्वारा छात्रों का प्रदर्शन रहा कामयाब होंगी ऑनलाइन परीक्षा

### जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने किया लाठी चार्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएसयूआई** के उपाध्यक्ष विकास फागना के नेतृत्व में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के छात्रों की होने वाली परीक्षाओ को ऑनलाइन माध्यम से करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को सेकड़ो छात्रों ने कॉलेज गेट पर अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रदर्शन की तैयारी में थे लेकिन पहले से विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस को सुचना दे दी थी की। छात्र विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन करने गेट पर आ रहे है मौके पर पहुंच कर पुलिस प्रशाशन ने छात्रों को घेर लिया और उन पर लाठी चार्ज की और विकास फागना को पुलिस ने गिरफ्तार कर चौकी ले जाया गया। थोड़ी देर में ही छात्रों ने चौकी को घेर लिया। इस मामले की सुचना मिलते ही हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक चौकी में पहुंचे और छात्रों को समझाया। पुलिस ने विकास फागना को शाम को छोड़ा दिया।



थाने के बाहर धरना देते जेसी बोस विश्व विद्यालय के छात्र और एनएसआईयू छात्र संघ के सदस्य।

गौरतलब है की एनएसयूआई के पूर्व उपाध्यक्ष विकास फागना के नेतृत्व में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए के छात्रों की होने वाली परीक्षाओं को ऑनलाइन माध्यम से कराने की मांग को लेकर सेकड़ों छात्रों ने विवि के गेट पर कई बार प्रदर्शन किया लेकिन विवि और से उन्हें यह कहकर संतुष्ट कर दिया जाता था की उनकी मांग ऊपर पंहुचा दी गई है और उन्हें घर भेज दिया जाता था। लेकिन कई बार प्रदर्शन करने के बावजूद भी कोई हल नहीं रहा था। विकास फागना ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों की हर लड़ाई में साथ है। एनएसयूआई छात्रों की हर आवाज को बखूबी उठाई आई है चाहे उन्हें जेल क्यों न जाना पड़े।

# जिले में 27.27 लाख लोगों को लगा टीका

### जिले के पांचों लेबर चौकों पर और तीनों सब्जी मण्डियों में नियमित लगाए जा रहे वैक्शीनेशन कैम्प : डीसी जितेंद्र यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद के पांचों लेबर चौकों पर और तीनों सब्जी मण्डियों में कोविड-19 के बचाव के लिए नियमित रूप से हर रोज वैक्शीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार तक जिला में 2727679 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए।

डीसी ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि लोगों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए वैक्शीन की डोज निरन्तर लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद की जनता को बिना किसी डर के वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। जिला चिकित्सा अधिकारी डां विनय गुप्ता ने बताया कि पहली वैक्शीनेशन के बाद दूसरी वैक्शीनेशन 12 से 16 सप्ताह में लगवाने पर ईम्युनिटी पावर ओर भी बेहतर कारगर साबित हो रही है। जिला की जनता स्वैच्छा टीकाकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वे भी वैक्सीन लगने के बाद भी प्रोटोकोल नियमों की पालना जैसे मास्क पहनना, सोशल डिस्टैंसिग व सैनीटाईजेशन नियमित रूप से करते रहे और वैक्शीन अवश्य लगवाए। वैक्शीनेशन के नोडल अधिकारी कम एसएमओ डॉ. मानसिंह ने बताया कि जिला में अब तक 2727679 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली डोज के 1720438 और दूसरी डोज के 1007241 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। डॉ. मानसिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1581411 लोगों को वैक्शीनेशन करने का टारगेट दिया गया था। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी जिला में 75 स्थानों पर 18 से 45 और 45 से अधिक आयु के लोगों को भी वैक्शीनेशन किए जाएंगे। इनमें 64 सरकारी स्थानों पर और 11 प्राइवेट स्थानों पर वैक्शीनेशन किए जाएंगे। लेबर चौक बल्लभगढ़, सेक्टर-19 ए, सेक्टर-17, खेड़ी चौक और प्याली चौक पर, सेक्टर-16 ए, बल्लभगढ़ और डबुआ सब्जी मण्डियों में लोगों को वैक्शीनेशन किया जा रहा है।



कोरोना से बचाव का टीका लगवाती सुनीता।

# प्राइवेट कॉलेजों में सीट बढ़ाकर शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा : अत्री




सेक्टर 16ए स्थित जवाहर नेहरू कॉलेज के बाहर पुतला फूंक कर रोष प्रकट करते एनएसयूआई के सदस्य।

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने प्राइवेट कॉलेजों की तरह सरकारी कॉलेजों की पीजी कक्षाओं में सीट न बढ़ाने के विरोध में हरियाणा के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

प्रदर्शन करने के बाद सीट बढ़वाने के लिए हरियाणा के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, डीएचई के निदेशक और एमडीयू के वाईस चांसलर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नेहरू कॉलेज के प्राचार्य की अनुपस्थिति में वरिष्ठ प्राध्यापक राजपाल, नरेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र और विवेकानंद को सौंपा गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने किया। इस दौरान एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि 29 नवंबर को एमडीयू यूनिवर्सिटी की तरफ से एक पत्र जारी किया गया था जिसमें एमडीयू से मान्यता प्राप्त सभी प्राइवेट कॉलेजों में 10 प्रतिशत सीट बढ़ाई गई हैं लेकिन सरकारी कॉलेजों में सीट नही बढ़ाई हैं। सरकार के इस तुगलकी फरमान के बाद छात्रों में भारी रोष है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 के तीन नए मामले आए पॉजिटिव



कोरोना की जांच कराती ज्योति।

**फरीदाबाद।** जिले में मंगलवार को कोरोना वायरस के तीन मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि एक मामला ठीक होने पर घर पर भी भेजा गया है। वहीं मंगलवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव का कोई केस अस्पताल में भर्ती नहीं है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिला मे 28 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 28 हो गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 2237 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1231910 लोगों का टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99948 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1130002 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1537 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला फरीदाबाद में ऑक्सीजन और वैंटीलेटर पर कोई केस नहीं है। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डा. रामभगत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में अब तक 1092638 लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1092638 हो गई है। इसके अलावा 275 कोराना पोजिटिव लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है।

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन



सेक्टर 81 स्थित मिलेनियम वर्ल्ड विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में शतरंज खेलते खिलाड़ी।

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में चल रही जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंत में अंडर-11 और अंडर 14 आयुवर्गों के खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया। लड़कों में अंडर-11 आयुवर्ग में निकुंज खन्ना, योहान जैन, आरव गुलिया, आर्श खंदारी का चयन हुआ। वहीं लड़कियों में अंडर-11 आयुवर्ग में वंशिका, बानी कौर, सौम्या, गुरनूर कौर का चयन हुआ। लड़कों में अंडर-14 आयुवर्ग में केशव अरोरा, जसनाम सिंह, तनिष्क सैनी, शिवांश ग्रोवर का चयन हुआ। वहीं लड़कियों में अंडर-14 आयुवर्ग में तविशा बिंदल, सिया भाटिया, जसमीन कौर, सिया कहारिया का चयन हुआ।

### चौकीदार को बंधक लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार



लुट-पाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवको के साथ सेक्टर 65 क्राइम ब्राच के पुलिस जवान।

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने सेक्टर 59 स्थित कॉपर वायर फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर 30 लाख रुपए की कॉपर वायर लूट के मामले में क्राइम ब्रांच 65 ने 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, पुलिस रिमांड पर लिए गए मुख्य आरोपी सूचना पर दो और आरोपियो को गिफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहमद अनवर गांव मीरापुर मुजफरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी खचेड़ू कॉलोनी सेक्टर 31 फरीदाबाद और नासिर निवासी बाबा नगर ओल्ड फरीदाबाद 28 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया है। दोनो आरोपियो को क्राइम ब्रांच 65 ने गुप्त सूत्रों व वैज्ञानिक सहायता से गिरफ्तार किया। आरोपियो से 10 बंडल तार पहले बरामद किए जा चूके है।46 बंडल अभी बरामद किए गए हैं। आरोपियो का आज 2 दिन का पुलिस रिमांड पूरा होने पर आज पेश अदालत कर सभी 8 आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

### डीएवी में टीकाकरण शिविर



डीएवी इंस्टीटूयूट आफ मैनेमेंट मे आयोजित शिविर में टीका लगाते स्वास्थ्य कर्मी।

**फरीदाबाद।** डीएवीआईएम एंटी-कोविड सेल के सहयोग से मंगलवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में ईएसआई अस्पताल फरीदाबाद के कर्मचारियों ने समन्वय स्थापित किया। शिविर के दौरान सभी सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। उचित टोकन प्रणाली का पालन किया गया। प्रतीक्षा, टीकाकरण और अवलोकन के लिए अलग-अलग कमरे आवंटित किए गए। डॉ सतीश आहूजा, प्रिंसिपल डायरेक्टर ने एंटी कोविद सेल की अध्यक्ष रीमा नांगिया और उनकी टीम वंदना जैन, सचिन नरूला और डॉ दीपक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने डॉ गीतिक खुराना द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस शिविर को सफल बनाने में डीएवीएम के रोटरक्टर्स के प्रयासों की भी सराहना की।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन पांच से

**फरीदाबाद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया की खेलों इण्डिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन दिनांक 05 से 14 फरवरी 2021 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता के 25 खेलों में अण्डर 18 वर्ष (लड़के व लड़कियां) का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य की और से टीम ईवेन्ट में भाग लेने वाली (लड़के व लड़कियां) अंडर 18 वर्ष आयु वर्ग टीमों के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल निम्न स्थान व तिथियों में लिया जाने हैं। उन्होंने बताया कि कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे खेलों के लिए लड़कियों का ट्रायल 19 दिसंबर और लड़कों के लिए इन सभी खेलों का ट्रायल 20 दिसंबर को होंगे। कबड्डी का ट्रायल सर छोटूराम स्टेडियम रोहतक में, खो-खो का ट्रायल महाबीर स्टेडियम हिसार में, हैंडबॉल का ट्रायल महाबीर स्टेडियम हिसार में, वॉलीबॉल का ट्रायल कर्ण स्टेडियम करनाल में, फुटबॉल का ट्रायल कर्ण स्टेडियम करनाल में, हॉकी का ट्रायल मार्कण्डेषवर हॉकी स्टेडियम शाहाबाद(कुरूक्षेत्र) में, बास्केटबॉल के ट्रायल कैथल स्टेडियम सैक्टर-21 कैथल में होंगे। अत: जो भी खिलाड़ी ट्रायल देने का इच्छुक है वह दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें।

### ओयो में दुष्कर्म के बाद गर्लफ्रेंड को चाकू मारने वाला गिरफ्तार



युवती को चाकू मार कर घायल करने के आरोप में गिरफ्तार यश लाल घेरे में।

**फरीदाबाद।** आरचिड ओयो होटल में युवती से दुष्कर्म और चाकू मारकर हत्या करने के प्रयास में थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की धरपकड़ के लिए डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने क्राइम ब्रांच डीएलएफ को निर्देश दिए थे। क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी अनिल की टीम ने आरोपी को सेक्टर 21 एरिया से मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ पर राहुल कॉलोनी निवासी आरोपी यश ने बताया कि वह तिकोना पार्क स्थित डकोरा कार सैन्टर पर, कार डेकोरेशन का कार्य करता है। उसकी पीड़ित लड़की के साथ पिछले तीन साल से दोस्ती थी। फरवरी माह में लड़की ने बातचीत करना बंद कर दिया था और वह यूपी चली गई। आरोपी शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के यूपी जाने से नाराज था। युवती वापस फरीदाबाद आई तो उसने बीमारी का बहाना बनाकर लड़की को बातचीत करने के लिए ओयो होटल बुलाया। होटल में लड़की से शादी करने की बात की लड़की ने मना कर दिया। जिस पर उसने चाकू का डर दिखाकर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद फिर उससे शादी के लिए पूछा। लड़की ने फिर मना किया तो गुस्से में आकर लड़की पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करके फरार हो गया।

# साक्षरता दर बढ़ाने में सभी करें सहयोग : बोधराज सीकरी

## सबका सहयोग नामक संस्था ने सरकारी स्कूलों को सवारने का उठाया बीड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में कोई भी बच्चा निरक्षर न रहे, इसके लिए सबका सहयोग नामक संस्था ने अब सरकारी स्कूलों की कायाकल्प करने के लिए कदम बढ़ाए हैं। इसी कड़ी में संस्था ने गुरुग्राम की सब्जी मंडी स्थित बाल विद्यालय दो से शुरुआत की है। इस स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके बोधराज सीकरी ने इस स्कूल को सुधार कर शिक्षा विभाग को समर्पित किया है।


गुरुग्राम की सब्जी मंडी स्थित राजकीय बाल विद्यालय-2 के सुधार कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी का स्वागत करते शिक्षक और समाजसेवी।

बोधराज सीकरी ने कहा कि सबका सहयोग नामक संस्था ने इस स्कूल का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी प्राथमिक शिक्षा उन्होंने इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। उस समय में छत के नाम पर सिर्फ छप्पर हुआ करता था। जब बरसात आती थी तो स्कूल तालाब का रूप ले लेता था। ऐसे दौर और हालातों में उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा इस विद्यालय से ली है। अब वे चाहते हैं कि इस तरह के और भी विद्यालयों की सुधार किया जाए, ताकि भारत के भविष्य को स्वर्णिम बनाया जा सके। श्री सीकरी ने भारत की नई शिक्षा नीति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस नीति के तहत सिर्फ शिक्षा ही नहीं दी जाएगी, बल्कि बच्चों में संस्कार भी पैदा किए जाएंगे। रोजगार देने वाली शिक्षा दी जाएगी। कला और संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है कि उन्होंने बेहतरीन शिक्षा नीति बनाई है।

उन्होंने बताया कि सबका सहयोग संस्था ने स्कूल के पांच कमरों की तुरंत कायाकल्प शुरू कर दी है। विद्यार्थियों के बैठने के लिए ड्यूल डेक्स, पंखों की भी व्यवस्था की है। संस्था के अध्यक्ष आलोक अरोड़ा के मुताबिक इससे पहले संस्था शहर में बर्तन बैंक भी खोल चुकी है। अंध विद्यालय में कोरोना वेक्सिनेशन कैम्प भी आयोजित कर चुकी है। अब सरकारी स्कूलों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने शिक्षाविद पीएन मोगिया, केके गांधी, अनिल कुमार व संस्था के सदस्यों समेत काफी संख्या में समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान महत्वपूर्ण योजना : शर्मा

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले के दौरान किया मेले का निरीक्षण

**फरीदाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना समाज में रह रहे कम वर्षिक आय वाले नागरिकों के लिए बेहतरीन योजना है। यह जरूरतमंदों के उज्ज्वल भविष्य के लिये प्रभावी रूप से सहयोगी है। वह मंगलवार को सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का निरीक्षण करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी कई नागरिक ऐसे हैं जिनके पास या तो पर्याप्त रोजगार नही हैं या फिर उनकी आय बहुत कम है। जिसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत उन परिवारों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। जिनकी आए सालाना 1 लाख रुपया से कम है।

इस दौरान जजपा के जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) तेजपाल डागर ने हरियाणा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभ, उद्देश्य, पात्रता, महत्वपूर्ण दस्तावेज, विशेषताएं, आवेदन प्रक्रिया जैसे विषयों बारे पात्र व्यक्ति को जानकारी हासिल कर योजना का लाभ लेने का आव्हान करते हुए कहा कि जिला मे लाभार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतरीन योजना है। जजपा जिलाध्यक्ष (शहरी) अरविंद भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान सरकार आम जनमानस की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाई जा रही हैं।

# साऊथ सिटी-2 आई ब्लॉक में लगी स्वच्छता की पाठशाला


साउथ सिटी-2 में स्वच्छता पाठशाला के दौरान उपस्थित अधिकारी, नागरिक।

**गुरुग्राम।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी करने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर निगम गुरुग्राम एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में साऊथ सिटी-2 के आई ब्लॉक में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश यादव मुख्य अतिथि तथा अधिवक्ता ऋतु कपूर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। नगर निगम गुरुग्राम के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने लोगों को पॉलीथिन की बजाए कपड़े के थैले का उपयोग करने के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कचरे को अलग-अलग रखने की भी जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि उनके घरों में पुराने कपड़े जो वे स्वयं उपयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन उपयोग के काबिल हैं, तो क्लॉथ कलेक्शन बॉक्स में डालें। आई ब्लॉक में यह क्लॉथ कलैक्शन बॉक्स लगाया गया है। कार्यमक्रम में लोगों ने कपड़ा थैला बैंक की संचालक सारिका को काफी पुराने कपड़े भेंट किए ताकि वे उन कपड़ों से थैले बना सकें।

# प्रदर्शन को लेकर की जा रही हैं सभाएं

**फरीदाबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी फरीदाबाद तीन दिसंबर को बढ़ती हुई महंगाई, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, और खाद्य पदार्थों की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश फरीदाबाद को मांगों का ज्ञापन देगी। यह जानकारी सीपीएम जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने एक प्रेस बयान में दी।


उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिला कमेटी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसके लिए गांव में जाकर सभाएं की जा रही हैं। जिला कमेटी ने धौज, जमालपुर खोरी, सिरोही में जन अभियान चलाया। अभियान शिव प्रसाद जिला कमेटी सचिव की देखरेख में चलाया। पूर्व जिला कमेटी सदस्य और बैंक मैनेजर ओम प्रकाश साथ में रहे। जनसभाओं को संबोधित करते हुए पार्टी के नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर महंगाई पर लगाम लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# अलोकतांत्रिक तरीके से वापस लिए कृषि कानून : अजय यादव

## हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि सरकार ने अलोकतांत्रिक तरीके से बिना चर्चा के ही कृषि कानूनों के विधेयक को वापिस लिया है, यह लोकतंत्र की हत्या है। पहले तो सरकार ने बिना बहस के कृषि कानूनों को किसानों पर थोप दिया था और अब बिना बहस के ही कानूनों को वापस लिया जा रहा है।


कैप्टन अजय यादव।

उन्होंने कहा कि 600 से ज्यादा किसानों की मौत पर, न्यूनतम समर्थन मूल्य गांरटी कानून पर लखीमपुर में किसानों के कुचलने, निर्दोष किसानों पर मुकद्दमों आदि को लेकर चर्चा होनी चाहिए थी, ताकि सच्चाई पूरे देश के सामने आती। सरकार की मंशा कुछ ओर है। संसद में पहले भी कई विधेयक वापस हुए हैं। जिन पर सदन में बहस कराई गई थी। कृषि के कानूनों को भी वापस लिया गया है, इस पर विपक्ष यदि चर्चा करना चाहता था तो इसमें सरकार को कोई आपत्ती नहीं होनी चाहिए थी।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि किसान जब सड़क पर उतरे तो सरकार ने सड़कों पर कील लगवा दी थी और अब विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना चाहता है तो सरकार चर्चा ही नहीं करना चाहती। सरकार सच्चाई से भाग रही है। लेकिन जिस तरह से एक साल बाद सरकार को कृषि के कानून वापस लेने पड़े इसी तरह से किसानों की सारी जायज बातें एक दिन माननी पड़ेगी। इसलिए सरकार को जल्द से जल्द किसानों से बातचीत करके उनकी मांगों को स्वीकार कर लेना चाहिए।

वहीं हरियाणा लोक सेवा आयोग व हरियाणा चयन आयोग द्वारा किए गए भर्ती घोटालों पर कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार देश के सबसे बड़े नौकरी घोटाले को दबाना चाहती है।

आरोपित एचसीएस अनिल नागर, अश्विनी शर्मा व नवीन को केवल औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया हुआ है। जबकि आरोपियों से सख्ताई से पूछताछ करनी चाहिए और उनके ठिकानों पर छापेमारी मारी जानी चाहिए। लेकिन सरकार के मंत्री तक इस भर्ती घोटाले में शामिल हैं जिनको बचाने के चक्कर में सरकार प्रदेश के युवाओं का हक छीनने में लगी हुई है।

# गुरुग्राम जिला में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा पहुंचा 38 लाख के पार

## कोरोना के नए वैरिएंट से बचाव की दिशा में प्रशासन प्रयासरत

## नए वैरिएंट से बचाव में वैक्सीन मजबूत सुरक्षा कवच

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**देश** में कोरोना के खिलाफ चलाए जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान में गुरुग्राम जिले में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन का आंकड़ा करीब 38.50 लाख तक पहुंच गया है। इस आंकड़े के साथ अब गुरुग्राम में वह दिन दूर नहीं, जब पूरी आबादी को कोरोना रोधी वैक्सीन लग जाएगी। कोरोना के साथ अब इनके नए वैरिएंट ओमीक्रॉन से भी बचाव के प्रयास जिले में शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी बताया है।

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रॉन से बचाव की दिशा में जिला प्रशासन गुरुग्राम पूरी तरह से सजग है। स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन हर पहलू पर फोकस रखते हुए ऐहतियाती कदम उठा रहा है। सरकार के निर्देशों की पालना जिला में प्रभावी रूप से की जा रही है। निरंतर कोरोना से बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। वैक्सीनेशन प्रक्रिया को निर्बाध रूप से जारी रखते हुए नए वैरिएंट से बचाव के लिए वैक्सीन व मास्क ही बचाव के रूप में सशक्त माध्यम अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता व जिलावासियों की जागरुकता के चलते कोरोना के नए वैरिएंट से निपटने के लिए सभी लोग सक्रिय हैं। डॉ. यश गर्ग ने कहा कि कोरोना की कोई नई लहर ना आए, उसके लिए वैक्सीन व मास्क मजबूत सुरक्षा कवच हैं। जिला में कोरोनारोधी टीकाकरण सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं कराया है या जिनकी दूसरी डोज लगनी शेष है। वे सभी अपना टीकाकरण नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। अब भी हमें सतर्क रहने और भीड़ वाले इलाकों से बचने की जरूरत है, ताकि वायरस न फैल सके। साथ ही निर्धारित गाइड लाइन का अनुपालन भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार की ओर से जो भी दिशा-निर्देश कोरोना के नए वैरिएंट से बचाव को लेकर जारी किए जाएंगे उनका अनुपालन जिला में दृढ़ता से सुनिश्चित की जाएगी।

# एलिवेटेड मार्ग के बीच में खड़े पेड़ कभी भी ले सकते हैं जान

एन रोहिल्ला। सोहना

**गुरुग्राम**-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग के बीच में आ रहे पेड़ों को हटाएं बिना ठेकेदार ने सड़क का निर्माण करा दिया। सड़क के बीच आ रहे पेड़ जानलेवा हादसों को दावत दे रहे हैं। स्थानीय लोग पेड़ों को काटे जाने की मांग कर रहे हैं।


सोहना में एलिवेटेड मार्ग के बीच में खड़े पेड़।

शहर के दमदमा मोड़ से शुरू हो रहा गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही वाहनों चालकों के लिए जान की दुश्मन बनी हुई है। एलिवेटेड मार्ग की शुरुआत में ठेकेदार ने सड़का निर्माण तो करा दिया, लेकिन सड़क के बीचों बीच आ रहे पांच पेड़ों को हटाया नहीं। पेड़ों से कभी भी वाहन टकराने से जानलेवा हादसा हो सकता है। सड़क के बीच में आ रहे पांच पेड़ पांच से लेकर 30 साल पुराने हैं।

**पेड़ बने जान के दुश्मन :** सड़क के दोनों तरफ बनें आवासीय मकान व दुकानदार पेंड़ों को सड़क के बीच में से हटाए जाने की मांग कर रहे है। स्थानीय निवासी लखपत सिंह का कहना है कि सर्दी का मौसम पड़ने वाली धुंध में सड़क के बीच आ रहे पेड़ वाहना चालकों को नजर नहीं आएंगे। जिनसे तेजफ्तार से आने वाला वाहन टकराने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है। धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि इसी स्थान से स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और सोसायटी को में जाने वाले वाहन गूजरते है। जिन्हे गुरुग्राम से आने के बाद वापस जाना होगा। जबकि कालेज व यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले विद्यार्थी तेज स्पीड से वाहनों को चलाते है।

**ठेकेदार के खिलाफ धरने की चेतावनी :** स्थानीय लोगों का कहना है कि एलिवेटेड सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा एक सप्ताह के अंदर पेड़ों को हटाया नहीं जाता है तो ठेकेदार के खिलाफ पेड़ों के नीचे धरना देकर बैठ जाएंगे। समाज सेवी मनजीत का कहना है कि ठेकेदार की यह लापरवाही किसी की भी जान ले सकती है। ज्ञानसिंह का कहना है कि ठेकेदार के खिलाफ केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री के पास लिखित में शिकायत भी दी जाएगी।

# पात्र लाभार्थियों की आय बढ़ाने में शत-प्रतिशत योगदान दें अधिकारी: डा. यश गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। फर्रूखनगर

**गरीब** परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए अब राज्य सरकार उनके घर द्वार पर जाकर विशेष मेलों का आयोजन करवा रही है, ताकि वे परिवार अपनी पसंद से सरकार के विभिन्न विभागों के माध्यम से लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार की आय बढ़ा सके। इसी कड़ी में मंगलवार को फरूखनगर में मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेले लगाया गया।


गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना के तहत मेले में जायजा लेते उपायुक्त डा. यश गर्ग।

मेले का शुभारम्भ जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग ने किया। मेले में कुल 292 पंजीकृत लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया था। शहरी व ग्रामीण आंचल से करीब 120 लोगों ने लाभ उठाया। फरूखनगर खंड कार्यालय परिसर में आयोजित विशेष मेले के निरीक्षण के दौरान जिला उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित मेले में आने वाले पात्र लाभार्थियों को उनकी आवश्यकतानुसार सरकारी योजना का लाभ देकर उनके जीवन स्तर व उनके आय के स्त्रोत बढ़ाने में सभी अधिकारी अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। जिला उपायुक्त ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री मनोहर लाल की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य में आर्थिक तंगी में गुजारा कर रहे लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने व उनकों समाज की मुख्यधारा में लाने में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान उन्होंने आसपास के क्षेत्र से आये विभिन्न लाभार्थिज्यों से मेले में दी जा रही जानकारियों का भी फीडबैक लिया। उन्होंने मेले में उपस्थित सभी 18 विभागों के अधिकारियों से भी फीडबैक लेते हुए कहा कि आज के मेले के अनुभवों से सीख लेकर आगामी दिनों में जिला के अन्य क्षेत्रों में लगाये जाने वाले मेलों में पात्र लाभार्थियों को कम समय व सरल तरीके से लाभान्वित करने का प्रयास करें।

इस मौके पर गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम पटौदी प्रदीप कुमार, एसीपी पटौदी बीर सिंह ने बताया कि आज टीकली गांव में आयोजित मेले में कुल 18 विभागों सहित विभिन्न बैंकों के स्टाल लगाए गए थे। मेले में आने वाले चिन्हित परिवारों को तीन चार दिन पहले ही उपरोक्त स्थान व समय की सूचना दे दी गयी थी। मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना फैले इसलिए सभी विभागों के अलग अलग काउंटर लगाए गए थे। वहीं इस पूरी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना का एक पूरा प्रारूप तैयार किया गया था, जिसमें सभी विभागों की योजनाएं नाम सहित दर्शाई गई हैं।

# शहर को जाम मुक्त करने के लिए जब्त किए जाएंगे वाहन : एसएचओ

**सोहना।** बाजार की सड़कों पर या चौक-चौराहों पर खड़े होने वाले वाहनों के जब्त करने और चालान काटने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। शहर में बड़े वाहनों पर दिन के समय में प्रतिबंद रहेगा।


सोहना सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह।

सोहना सिटी थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने मंगलवार को कार्यभार संभालने के साथ ही शहर को जाम मुक्त बनाने की बात कही है। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर में जाम की समस्या विकराल रूप ले रही है। जिससे शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि बाजार में दुकान के सामने या सड़क, आम रास्ता या चौक चौराहे पर बिना पार्किंग खड़े होने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा। ऐसे वाहनों के चालान काटने के साथ-साथ जनहित में केस भी दर्ज किया जा सकता है। शहर में वन वे यातायात से जोड़ा जाएगा।

**दिन में रहेगी नो इंट्री :** सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दिन के समय में बड़े वाहनों के प्रवेश पर शहरी क्षेत्र में रोक रहेगी। व्यापारी या दुकानदार केवल रात्रि के समय में ही अपनी दुकान या गोदाम के बाहर सामान की लोडिंग या अंनलोडिंग करा सकेंगे। स्कूल के बड़े वाहनों को भी आबादी वाले क्षेत्र में जाने से प्रतिबंध होगा।

**गश्त में संकोच नहीं :** शहर के अंदर राइडर, पीसीआर और एसएचओ मोबाइल से 24 घंटा की गश्म प्रक्रिया में पहले से तेजी लाई जाएगी। शहर में नाकाबंदी को जरूरत के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। नाकों पर वाहनों की जांच और बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों की धड़पकड़ की जाएगी। किशोरों को वाहन चालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## एसजीटी के स्वास्थ्य शिविर में 186 मरीजों की जांच


जांच शिविर में जांच कराते मरीज।

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज द्वारा मंगलवार को सामुदायिक चिकित्सा विभाग की आउटरीच गतिविधियों के तहत फरूखनगर के सेलेब इंस्टीट्यूट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान बीस चिकित्सकों, जिनमें 5 स्पेशलिस्ट ने सेवाएं दी। फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के डीन डॉ. संसार चंद शर्मा ने कहा कि शिविर के दौरान 186 मरीजों की जांच की गई और उन्हें औपचारिक इलाज भी दिया गया। इस शिविर में स्त्री रोग एवं प्रसूति, नेत्र विज्ञान, बाल रोग के चिकित्सकों ने रोगियों का मुफ्त में इलाज किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि कम्यूनिटी चिकित्सा विभाग समय समय पर इस तरह के शिविर का आयोजन करता रहा है और इन शिविरों से सैकड़ों मरीजों को लाभ भी पहुंचा है।

## 134ए के तहत परीक्षा पांच दिसम्बर को

**सोहना।** खंड स्तर पर 134ए के तहत पांच दिसम्बर को परीक्षा होगी। परीक्षा में कक्षा दो से नौ में दाखिला लेने के लिए 302 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। 134ए के तहत खंड स्तर पर पांच दिसम्बर को होने वाली परीक्षा के लिए शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया है। परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के हैड क्लर्क जसवंत सिंह ने बताया कि इस बार परीक्षा के लिए कुल 409 विद्यार्थियों ने आवेदन भरे थे। जिसमें से 302 विद्यार्थी ही परीक्षा में बैठेंगे। जिनके रोल नंबर जल्द ही विभाग द्वारा वितरण किए जाएंगे। हैड क्लर्क ने बताया कि कक्षा तीन में दाखिला लेने के लिए सबसे ज्यादा 62 परीक्षार्थी होंगे। सबसे कम कक्षा नौवीं के लिए मात्र 23 विद्यार्थी ही परीक्षा देंगे। कक्षा दो के लिए 29, कक्षा चार के लिए 42, कक्षा पांच के लिए 40, कक्षा छह के लिए 36, कक्षा सात के लिए 29 और कक्षा आठ के लिए 41 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। जसवंत सिंह ने बताया कि 107 आवेदन नियम के तहत पूरे कागजात न होने के कारण रद्द करना पड़ा है। परीक्षा में ड्यूटी देने वाले शिक्षकों को एक दिन पहले ही जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

## गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान


गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम में गुरुद्वारे में नमन करने पहुंचे महिलाएं, पुरुष।

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की कल्पना चावला शाखा द्वारा मंगलवार को गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस पर उनके चरित्र, व्यक्तित्व को आत्मसात करने का आह्वान किया। सेक्टर-39 के गुरुद्वारे में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस सम्पन्न किया। भारत विकास परिषद से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी राजीव मित्तल ने बताया कि शहीदी दिवस कार्यक्रम के दौरान कीर्तन दरबार भाई सतबीर सिंह ने सजाया। ज्ञानी हरइकबाल सिंह बाली (मुम्बई वाले) की कथा ने गुरु तेगबहादुर जी के त्यागमयी जीवन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात शाखा अध्यक्षा कुसुम गर्ग ने भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय देकर गुरु तेगबहादुर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर स्वरचित कविता पाठ किया। शाखा की ओर से ज्ञानी को शॉल ओढ़ाकर और गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को सरोपा भेंट कर सम्मान दिया गया। शाखा द्वारा निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्रों को ज्ञानी ने शील्ड और आचार्यों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में कल्पना चावला शाखा से कुसुम गर्ग अध्यक्ष, अनु आनन्द सचिव, आदर्श आर्य कोषाध्यक्ष, अर्चना गेरा महिला संयोजक दुर्गेश, रीना, अर्चना, कुसुम अग्रवाल, अमित गुप्ता, प्रिया, राजकुमार, बबीता गुप्ता, सोनिया, अनिल बंसल, बीबी पुष्करणा, रजनी, मीनू, सरला, मधु, किरण, अमृत, कमलेश तथा कुसुम गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों को प्रशिक्षण में कमी नहीं आने दी जाएगी


मंगलवार को सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग।

**सोहना।** सोहना एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग ने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास करने में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। स्टेडियम में जल्द अन्य खेलों के ट्रक भी बनाए जाएंगे। मंगलवार को खेल स्टेडियम परिसर में तीरंदाजी में जिला और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल समिति के अध्यक्ष एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग, तीरंदाजी कोच भगवत सिंह सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए एसडीएम ने कहा कि खिलाड़ी अपने खेल पर ध्यान दे। खिलाड़ी को ट्रक और कोचिंग में कोई कमी नहीं आने दो जाएगी। स्टेडियम में अन्य खेलों को बढ़ावा देने उद्देश्य से ट्रक बनाएं जाएंगे। क्षेत्र का नाम करने वाले खिलाड़ियों को 26 जनवरी और 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर तीरंदाजी कोच भगवत सिंह खिलाडियों के प्रशिक्षण पर जरुरत से अधिक ध्यान दे रहे है। जिसका परिणाम आज उनके निर्देशन में कोचिंग ले रहे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे है।अन्य खेलों के कोच भी जल्द लाए जाएंगे।

## पत्रकारों के परिजनों के निधन पर शोक

**गुरुग्राम।** एनसीआर मीडिया क्लब ने वरिष्ठ पत्रकार उमेश गर्ग के चचेरे भाई संजय गर्ग और आदित्यराज की दादी केदल देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। क्लब ने एक बैठक करके संजय गर्ग और केदल देवी को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि उमेश गर्ग के ताऊ के पुत्र संजय गर्ग का 29 नवम्बर को बीमारी के चलते हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था। आदित्यराज की दादी केदल देवी का भी बीते 26 नवम्बर को निधन हो गया था। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा ने कहा कि क्लब दोनों शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और भगवान से प्रार्थना करता है कि वह शोक संतप्त परिवारों को यह अपार दुख सहने की शक्ति दे। एनसीआर मीडिया क्लब के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप डबास ने कहा कि संजय गर्ग और केदल देवी का निधन दोनों परिवारों के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। महासचिव नवीन धमीजा ने कहा कि क्लब की सम्वेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। क्लब की वाइस प्रेसिडेंट सरोज अग्रवाल, ट्रेजरर राज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनीष राज मासूम, डॉ. अल्पना सुहासिनी, धर्मवीर शर्मा, अरविंद सैनी, पवन नरवाल, तरुण झा, सीमा गिल, आयशा हनफी, सीमा सैनी, रेनू कैलाश, संजीव सैनी, हनु सैनी, कासिम खान, प्रियंका सरकार, नरेश शर्मा और प्रेमचंद पालमी समेत अनेक पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# एफएलएन से होगा निपुण भारत का निर्माण : डॉ. अब्दुल रहमान खान

## स्कूल मुखियाओं की बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मुख्यमंत्री** हरियाणा मनोहर लाल खट्टर द्वारा आरंभ किए गए निपुण भारत अभियान के अंतर्गत एफएलएन कार्यक्रम से निपुण हरियाणा का निर्माण होगा। इस अभियान के अंतर्गत अध्यापकों का क्षमता संवर्धन के साथ-साथ विभिन्न पहलुओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेवात के अध्यापक लर्निंग लेवल में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें, बच्चों को रुचिकर माध्यम से पाठ्क्रम को पढ़ाएं।

यह बात जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. अब्दुल रहमान खान ने स्कूल मुखियाओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। डॉ. रहमान ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का पदभार संभालने के बाद हर खण्ड में मुखियाओं की बैठक लेने का सिलसिला शुरू किया है, जिसका मंगलवार को अंतिम पड़ाव फिरोजपुर झिरका में था, दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्याल में आयोजित बैठक में अब्दुल रहमान खान ने कहा कि कोरोना के चलते स्कूल काफी लंबे समय तक बंद रहे जिससे बच्चों के पठन-पाठन में काफी गेप आ गया है, अब चूंकि फिर से स्कूल खुल गए हैं तो बच्चों की उपस्थिति के साथ-साथ रुचिकर माध्यम से बच्चों को मुख्य धारा में लाया जाए, इसके अलावा स्कूल काया कल्प अभियान में शैक्षिक और गैर शैक्षिक पहलुओं पर भी सुधार की आवश्यकता है। हर माह कायाकल्प का गूगल लिंक भरना है और उसका रिकॉर्ड रखना है।

रिकॉर्ड और वास्तविकता को जांचने के लिए जिला स्तर और खण्ड स्तर पर टीम बनी हुई हैं जो कि स्कूलों में जाकर इस बात की जांच करेंगी की रिकॉर्ड और वास्तविकता में कोई फर्क तो नहीं है। इसके अलावा नीति आयोग की सीधी नजर भी जिले की शैक्षिक व्यवस्था पर है, इसलिए सभी स्कूल मुखिया अपने सभी अध्यापकों के साथ मिलकर शैक्षिक स्तर में सुधार का प्रयास करें।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश देते हुए कहा कि सुबह और शाम को एक पीरियड में 1-8 तक के सभी बच्चों को गिनती पहाड़े बुलवाए जाएं। इसके अलावा सभी मॉडल संस्कृति स्कूलों में 25 हजार रुपये की ग्रांट जारी की गई है जिसे नियमानुसार खर्च किया जाए। इसके अलावा 18 वर्ष से ऊपर के जो भी विद्यार्थी हो उनको टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्कूल मुखिया व सभी अध्यापक साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें।

### मेवात के विद्यार्थियों में टेलेंट की कमी नहीं

**खण्ड** शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह मजोका ने अपने संबोधन में कहा कि मेवात के विद्यार्थियों में टेलेंट की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें निखारने की जरूरत है। अध्यापक चाहे तो बच्चों को एक बेहतरीन नागरिक बना सकता है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ कुसुम मलिक ने 4 एस पर और निपुण भारत अभियान के अंतर्गत एफएलएन प्रकाश डालते हुए मुखियाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर एपीसी अभिषेक, नाजिम आजाद, नौशाद अली खान, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शफी मोहम्मद, मोहम्मद अरसद, हाजी अय्युब, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लिपिक इरफान आदि सभी मुखिया व सीआरसी उपस्थित थे।

# नूंह जिले में नालको के सीएसआर पहल के तहत कोविड-19 जागरुकता अभियान



बजेड़ा गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**बिसनौली** सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) के साथ मिलकर हरियाणा के नूंह जिले में कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के निरंतर प्रयासों के तहत मंगलवार को बजेडा गांव में एक विशेष सामुदायिक स्वास्थ्य आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया।

नूंह सीएचसी के एसएमओ डॉ. गोबिंद शरण ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। नालको- समर्थित कार्यक्रम जिसका शीर्षक चिकित्सा एवं पोषण संबंधी सहायता के साथ इम्यूनिटी में सुधार के माध्यम से कोविड-19 की रोकथाम पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सहायता अंत:क्षेपों के माध्यम से समुदाय के कमजोर वर्गों के मध्य कोविड-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम ने एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के 250 से अधिक लोगों की जांच की। साथ ही, बीएसजीएसएस ने कुल 450 इम्यूनिटी बूस्टर पैक एवं 225 लोगों को विशेष कोविड सुरक्षा किट प्रदान की।

सरपंच बजेडा एवं कई स्थानीय नेताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। अनूप कुमार, निदेशक-संचालन, बीएसजीएसएस एवं डॉक्टरों एवं तकनीशियनों की टीम ने मौजूदा क्षेत्र में कार्यक्रम का समन्वय किया। एनजीओ, बीएसजीएसएस, जिसे दो पूर्व सिविल अधिकारियों, सेवकों, विजय झा और नंदिता बक्शी का संरक्षण प्राप्त है, दो दशकों से अधिक समय से दिल्ली यूपी, पंजाब एवं हरियाणा में कार्यरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरकोफैड ने भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन



भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

**नूंह।** हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ (हरकोफैड) पंचकूला द्वारा सहकारिताओं द्वारा युवा उत्थान विषय पर मंगलवार को यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह के सभागार में जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इम्तियाज खान ने मुख्यातिथि व डॉ. एजाज विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। साथ ही मनोज कुमार गोयल सहकारी शिक्षा अधिकारी हरकोफैड आयोजन अधिकारी व डॉ सहैल संयोजन के तौर पर उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के तौर पर जगदीश चंद्र, जसबीर सिंह अधिकारी सहकारी विभाग व डॉ सिद्दीकी ने प्रतियोगिता का परिणाम तैयार किया। इस प्रतियोगिता में 1100 रुपए का प्रथम पुरस्कार वाईएमडी कॉलेज नूंह के दिनेश कुमार, 700 रुपये का द्वितीय पुरस्कार वाईएमडी कॉलेज के बलबीर सिंह, 500 रुपये का तृतीय पुरस्कार मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला की फरहान खान, 200 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के आरसी अख्तर, 200 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार वाईएमडी कॉलेज के मोहम्मद रसीद को दिया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया गया। वहीं प्राचार्य डॉ मोहम्मद इम्तियाज खान ने सभी प्रतिभागियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में रुचिपूर्वक, उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हरकोफैड अधिकारी मनोज कुमार ने सहकारी समिति रजिस्टर्ड करवाने व इनके माध्यम से रोजगार देने और रोजगार पैदा करने वाले बनने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गोयला में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को किया जागरूक



समन्वय बैठक के दौरान उपस्थित किसान।

**तावडू।** उपमंडल के गांव गोयला में मंगलवार को सहगल फाउंडेशन कार्यालय में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र के 15 गांव के किसानों को मिट्टी जांच से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक किया गया। सहगल फाउंडेशन से जुड़े तावडू ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद आरिफ ने बताया कि मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र से विशेषज्ञ परगट सिंह,रामसेवक, बागवानी विभाग से राहुल कुमार,श्रम विभाग से राकेश व अब्दुल गनी आदि ने क्षेत्र के गांव रहाडी ,सीलखो, बिसर सराय बेरी,भंगवो, खरक ,बुराका राठीवास व कलवाड़ी के लगभग 70 किसानों को मिट्टी जांच व मिट्टी में पोषक तत्वों की हो रही कमी के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया इसके अलावा उन्होंने फसल में जरूरी पोषक तत्वों के लिए उपाय भी बताए।वहीं सरकारी योजनाओं से मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर अरुण कुमार, नंदपाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नूंह जिले में नूंह (महिला) आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(महिला) नूंह मरोड़ा ने अबकी बार लड़कियों के लिए सेविंग टेक्नोलॉजी और कोपा कोर्स शुरू किया है। इन 2 कोर्सों से नूंह (महिला)आईटीआई में प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि अबकी बार वर्ष 2021-22 में विभाग द्वारा महिला आईटीआई में 2 कोर्सो से प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। अब महिला आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले किए जा रहे हैं जिससे मेवात की लड़कियां ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षित हो सके। हरियाणा सरकार ने प्रतिमाह हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भी मेवात की लड़कियों के लिए अलग से देने की घोषणा की है। जो कि एक सराहनीय कार्य है। सरकार और विभाग का मुख्य उद्देश्य मेवात की ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को प्रशिक्षित करने का है ताकि वो भी प्रशिक्षित होकर अपना कौशल बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सके।

### 15 दिन में सड़कों पर लगाए सफेद पट्टी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 15 दिन में सडक़ो पर सफेद पट्टी लगाने, आईकेट लगाने का कार्य करें ताकि धूंध से होने वाली दुर्घटनाएं रोकी जा सके।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी के आरोप में खाद विक्रेता गिरफ्तार



खाद वितरण के दौरान लाइन में लगे किसानों को समझाता जवान।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिले** में पहले डीएपी तो अब यूरिया खाद लेने के लिए किसानों में मारामारी जारी है। वहीं कुछ लालची किस्म के खाद्य विक्रेता किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कालाबाजारी करने से नहीं चूक रहे हैं। सोमवार देर शाम तावडू शहर में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया, जहां पर एक अधिकृत खाद विक्रेता निर्धारित कीमत से अधिक दामों में यूरिया खाद बेचकर कालाबाजारी कर रहा था। इस मामले की शिकायत जिला उपायुक्त को पहुंची तो प्रशासन हरकत में आया। जिसके बाद शहर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और फर्टिलाइजर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

कृषि विकास अधिकारी याकूब ने बताया कि सोमवार शाम को एसडीएम कार्यालय से उनके मोबाइल पर चार वीडियो और एक फोटो भेजे गए। मोबाइल पर भेजे गए वीडियो और फोटो के मुताबिक शहर के बावला चौक पर एक खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद का बैग निर्धारित कीमत 267.50 रुपये से अधिक 320 रुपये में बेचकर कर कालाबाजारी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि बावला चौक पर स्थित बंसल फार्म पर विक्रेता अनिल कुमार निवासी तावडू इस कार्य को अंजाम देकर आवश्यक वस्तु अधिनियम व उर्वरक नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक भरत सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अनिल कुमार निवासी तावडू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### यूरिया खाद के लिए जद्दोजहद जारी

**पहले** डीएपी तो अब यूरिया खाद लेने के लिए किसानों में जद्दोजहद जारी है। सोमवार और मंगलवार तक तावडू में लगभग 3300 बेग यूरिया पहुंचा। यूरिया पहुंचने की खबर मिलते ही क्षेत्र से महिला-पुरुष किसान बड़ी संख्या में नई अनाज मंडी एसडीएम कार्यालय के सामने एकत्रित हो गए। जहां पर किसानों को खाद का टोकन प्राप्त करने के लिए लंबी कतार में घंटों तक खड़ा रहना पड़ा, तो उसके बाद किसानों ने शहर में अलग-अलग जगहों से लाइन में लगकर किसी तरह यूरिया खाद का बैग लिया। सोमवार शाम कालाबाजारी की खबर आने के बाद भी मंगलवार को नई अनाज मंडी में एक बार फिर निर्धारित कीमतों से अधिक दामों पर यूरिया बैग बचे जाने की खबर आई, लेकिन मौके पर मौजूद कृषि उपमंडल अधिकारी के संज्ञान में मामला आया तो उन्होंने अधिकृत विक्रेता को सख्त लहजे में चेतावनी दी।

# नौ दिसंबर को झज्जर में जन सरोकार रैली में पहुंचें मेवात के लोग : पूर्व मंत्री हर्ष कुमार

## जिलास्तरीय बैठक में राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोहरा ने भी की वरिष्ठ नेताओं से चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जजपा** ने नौ दिसंबर को झज्जर में रैली सफल बनाने के बारे में एक महत्वपूर्ण जिलास्तरीय बैठक मंगलवार पार्टी ऑफिस नूंह पर की। रैली कार्यक्रम के मेवात प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने कहा कि जजपा अपने तीसरे स्थापना दिवस को झज्जर में जन सरोकार दिवस के रूप में मनाएगी। जिसमें लाखों की संख्या में प्रदेश के लोग शामिल होंगे। आशा करते हैं कि मेवात की भागीदारी भी उसमें सराहनीय व अहम रहेगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों की रैली के लिए जिम्मेदारी भी बांटी।



झज्जर में जजपा रैली को सफल बनाने के बारे में नूंह में जिलास्तरीय बैठक की।

राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोहरा ने भी कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा सख्या में लोगों को साथ लेकर मेवात से नौ दिसंबर को झज्जर में होने वाली रैली में पहुंचने की अपील की। बैठक में नूंह जिला के जिला प्रभारी, पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, जिलाध्यक्ष तैयब हुसैन घासेड़िया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया, वरिष्ठ नेता इकबाल जेलदार, युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन, व्यापार प्रकोष्ठ प्रधान अनिल बंसल ने कार्यकर्ताओं को भी संबोधित कर रैली को सफल बनाने की अपील की। जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि बैठक में अल्पसंख्यक सैल प्रधान शिराजूद्दीन सिराज, हमीद पापडा, जाहिद पूर्व सरपंच, अय्युब खान, हल्का प्रधान नूंह आस मोहम्मद, हल्का प्रधान जान मोहम्मद, हल्का प्रधान दाऊद, नूंह युवा हल्का प्रधान सुखबीर गुर्जर, पुन्हाना युवा प्रधान शाहीद हुसैन, युवा प्रधान एजाज, प्रदेश महासचिव लुकमान खान, सहित जिला नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्र नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के सभी वरिष्ठ नेता गण, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने मेवात प्रभारी को पूरा आश्वासन दिया कि मेवात से ज्यादा से ज्यादा लोग झज्जर रैली में नौ दिसंबर को पहुंचेंगे। बैठक में जन सरोकार दिवस के रूप में मनाई जाने वाली रैली को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जिम्मेदारी भी बांटी गई।

## बुबलहेडी पावर हाउस में आज नौ घंटे बिजली रहेगी बाधित

**मेवात।** जिले के बुबलहेड़ी 33 केवीए पावर हाउस में आज बुधवार को करीब नौ घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। ग्रामीणों को इस दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए बिजली विभाग ने यह सूचना जनहित में जारी की है। जूनियर इंजीनियर दीपक कुमार ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। दीपक कुमार जेई ने बताया कि बुबलहेड़ी 33 केवीए पावर हाउस के अंतर्गत तकरीबन 15-20 गांव आते हैं। उन्होंने कहा कि सीकर से अलीगढ़ तक हाईटेंशन लाइन का कार्य होना है, इसलिए सुरक्षा कारण देखते हुए बुबलहेड़ी पावर हाउस की बिजली सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी तरह से बाधित रहेगी।

# डायल 112 : नूंह जिला में 5837 लोगों को उपलब्ध कराई सहायता

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**प्रदेश** के लोगों को 24 घण्टे सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई 112 हेल्पलाइन सेवा आम नागरिक व पुलिस विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रही है। हेल्पलाइन सेवा के तहत नूंह में बनाये गए मिरर कंट्रोल रूम के माध्यम से जिला में 12 जुलाई से अभी तक 5 हजार 837 जिलावासियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई गई है।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि त्वरित सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई यह हेल्प लाइन जिला में काफी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को शुरू की गई यह सेवा आमजन व पुलिस विभाग के बीच विश्वास के एक नए आयाम को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में 1288 नागरिकों को सहायता उपलब्ध करवाई गई है। एसपी वरुण सिंगला ने बताया अब आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग अलग नम्बर डायल करने की बजाय तीनों आपात सेवाएं 112 डायल कर लाभ ले सकते हैं।

### रिस्पांस टाइम 15 मिनट से भी कम

**श्री वरुण** सिंगला ने बताया कि शुरुवाती कुछ दिनों में ईआरवी का लोकेशन तक पहुंचने का जो समय निर्धारित था वह अपेक्षा से कुछ अधिक रहा। उन्होंने कहा कि ईआरवी के रिस्पांस टाइम को निर्धारित समयावधि में लाने के लिए प्रतिदिन आ रही कॉल व उनको दी जा रही सेवाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा उपरोक्त पूरी प्रक्रिया के बाद अब करीब 90 प्रतिशत कॉल लोकेशन पर 15 मिनट से भी कम समय में 112 की सेवाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बाकी 10 प्रतिशत ईआरवी की सेवाओं को भी निर्धारित समयावधि में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे है।

पायनियर क्लासीफाइड

सूचना

मैं फते मौहम्मद पुत्र सरदारी पुत्र अब्दुल निवासी जफराबाद तह0 तावडू जिला नूंह बयान करता हूँ यह कि बरूवे इंतकाल न 18459 मुस्ततील न. 105 कीला न. 21 रकबा 8 कनाल 0 मरला का 1/96 भाग रकबा 1 मरला 6 सरसाई (50 वर्गगज) तावडू का मालिक काबिज हूं। जो मौके पर खाली प्लाट है। प्लाट को मेने अनीशा पत्नी शौदान पुत्र जुम्मा निवासी तावडू से खरीद किया है। प्लाट की प्रोपर्टी आई.डी. न. 051518370/7/02 है। जो तावडू नगर पालिका कार्यालय के अससमेंट रजिस्टर में मेरे नाम दर्ज नहीं है। प्लॉट की प्रॉपर्टी आईडी नंबर को मेरे नाम पर तावडू नगर पालिका कार्यालय एसेसमेंट रजिस्टर में दर्ज किया जाए यदि इस जानकारी पर किसी को एतराज है तो वह 7 दिन के अंतर्गत तावडू नगर पालिका कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनके हंसराज पुत्र श्री चन्दरू निवासी मकान नं० 188, भीम बस्ती, ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र रवि व पुत्रवधू सुन्दरी को उनके अभद्र व्यवहार व आऐ दिन हमारे साथ लड़ाई झगड़ा करना व गाली गलौच करना व हमारी कोई बात न मानना व आये दिन झूठे केसो में फसाने की धमकी देना व हमारे कहे अनुसार न चलने के कारण मैंने अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में जो कोई भी व्यक्ति उक्त लोगों से किसी भी प्रकार का लेन-देन व रिश्ता रखता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। प्रार्थी हंसराज

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्त्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

# करोड़ों की सौगात देने पर भाजपा नेताओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार


जाकिर हुसैन।

नरेंद्र पटेल।

राकेश जैन।

मनीष जैन।

योगेश तंवर।

मास्टर गंगादान।

जयपाल जांगड़ा।

ताहिरा अजमत।

डॉ सुरेश बघेल।

कमल गोयल।

दीपक कुमार। नूंह

**मुख्यमंत्री** मनोहरलाल द्वारा मेवात के विकास के लिए करोड़ों की सौगात देने पर जिले के भाजपा नेताओं ने सीएम का आभार जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि 27 नवंबर को फिरोजपुर झिरका के मंहू चौपड़ा में हुई रैली में मुख्यमंत्री ने मेवातवासियों का दिल जीत लिया।

सीएम ने मेवात के विकास के लिए पीटारा खोलते हुए मंच से मेवात के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पिछले पांच साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार द्वारा मेवात के विकास के लिए 1300 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ने नूंह जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों का ख्याल रखते हुए घोषणाएं की। भाजपा नेता पूर्व विधायक जाकिर हुसैन कहा कहना है कि मुख्यमंत्री ने मेवात के विकास को लेकर बड़ी सौगातें दी हैं। प्रदेश सरकार मेवात के विकास की ओर पूरा ध्यान दे रही है। भाजपा नेता राकेश जैने ने कहा कि 250 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं से मेवात के विकास को पंख लगेंगे। नूंहके जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने मेवात के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया जब से प्रदेश में भाजपा आई है तब से मेवात प्रगति पर दिखाई दे रहा है। एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश तंवर का कहना है कि भाजपा सरकार के चलते मेवात प्रगति पर है आने वाले समय में मेवात और तरक्की करेगा। नूंह एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मास्टर गंगादान ने कहा भाजपा सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए सभी की मांगों को पूरा कर रही है। भाजपा में सभी का पूरा मान सम्मान रखा जा रहा है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के नूंह जिलाध्यक्ष जयपाल जांगड़ा का कहना कि फिरोजपुर झिरका में मुख्यमंत्री की विकास रैली में करोड़ो की सौगात मेवात वासियों को देकर प्रदेश सरकार ने बेहतर कार्य किया है। नूंह भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ताहिरा अजमत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात की आवाम को करोड़ों रुपये की सौगात दी है। नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलाइन जैसी मुख्य मांग पर ध्यान देते हुए मेवातवासियों का दिल जीत लिया। भाजपा नेता डॉ. सुरेश बघेल ने कहा कि सही मायने में मेवात का अब विकास हो रहा है जब से भाजपा ने कमान संभाली है तब से मेवात में बदलाव दिखाई दे रहा है।

पूर्व की सरकारों ने मेवात की अनदेखी की। भाजपा नेता कमल गोयल ने कहा कि मेवात के विकास को लेकर मुख्यमंत्री काफी चिंतित हैं। इसलिए जब भी मुख्यमंत्री मेवात में आते हैं तो कई विकास कार्यों की सौगातें देकर जाते हैं।

# डीसी ने किया सीएम अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले का शुभारंभ

**नूंह।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदम में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना अहम है। अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए प्रदेश भर में अंत्योदय मेलों का आयोजन कर लाभपात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सीधे तौर पर लाभांवित किया जा रहा है।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह डीआरडीए परिसर नूंह में आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय अंत्योदय मेले का रिबन काटकर शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। एडीसी डा. सुभिता ढाका व एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा ने जिला प्रशासन की ओर से का मेले में पहुंचने पर उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह का स्वागत किया। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने मेले में लगी विभिन्न विभागों की योजनाओं को दर्शाती स्टॉल का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से रूबरू होते हुए विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना से सरकार उल्लेखनीय कदम उठा रही है। इस मेले में 17 विभाग व 12 बैंक भाग ले रहें है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्ट अप योजना के माध्यम से लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कृषि कानून वापसी से छोटे किसानों को नुकसान

## इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को विवादास्पद तीन कृषि कानून वापस लेने के सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए क्षमा मांगी कि वे किसानों के एक हिस्से को इन कानूनों के लाभ समझाने में विफल रहे। क्या ये कानून इतने जटिल हैं कि किसानों की समझ से परे हैं? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ द्वारा जुलाई, 2018 से जून, 2019 कालखंड के लिए जारी रिपोर्ट 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति तथा परिवारों की भूमि व मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस से पता चलता है कि किसानों में अपने उत्पादों की मिलने वाली कीमत को लेकर भारी असंतोष है। उनमें सबसे ज्यादा असंतोष कृषि उत्पाद मंडी समिति या एपीएमसी में बिक्री को लेकर है जो राज्य एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत घोषित बाजार है। इसके बाद 'निजी स्थानीय बाजार' में बिक्री होती है। लगभग 83 प्रतिशत किसान इन दोनों जगहों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी में कम दाम पर बिक्री राज्य कानूनों के कारण है जिनके चलते किसान अपना उत्पाद केवल 'निर्धारित' मंडी में बेच सकते हैं। मंडी में अढ़तिये या कमीशन एजेंट उत्पाद की नीलामी तथा उसकी बिक्री करते हैं। उनका तथा लाइसेंसधारी व्यापारियों व खरीदारों का वर्चस्व है। दोनों सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले। इसके साथ ही उसे फसल अस्वीकार होने, जानबूझ कर कम तौलने, भुगतान में विलंब, आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाजार फीस, अढ़तियों का कमीशन तथा ग्रामीण विकास सेस-आरडीसी जैसी चीजें भी किसानों की परेशानी बढ़ाती हैं।

हालांकि, निजी स्थानीय बाजार में बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है, पर आमतौर से एपीएमसी तक पहुंच न रखने वाले छोटे किसान मजबूरी में अपना उत्पाद औने-पौने दामों में उन व्यापारियों को बेचने को मजबूर होते हैं जिनका मंडी पर वर्चस्व होता है। लेकिन भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं की सहायता के कारण राज्य कानून के उल्लंघन के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। संक्षेप में वर्तमान राज्य एपीएमसी कानूनों के अंतर्गत किसानों को नुकसान होता है। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता अन्य स्थानों पर बेचने का अवसर मिलना है। अतीत में राज्यों ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए थे। 20 राज्यों ने ठेका खेती को अनुमति दी, 23 राज्यों ने किसानों से 'सीधी खरीद' की अनुमति दी, 22 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने निजी थोक बाजारों को अनुमति दी, जबकि 15 ने फलों और सब्जियों को एपीएमसी कानून से बाहर कर दिया। ये प्रयास टुकड़ों में थे और छोटे किसानों की पहुंच बेहतर नहीं बना सके जो कुल किसानों में 80 प्रतिशत से अधिक हैं। तीन केन्द्रीय कानून यह कमी पूरी करते थे क्योंकि बिना एपीएमसी मंडियों में व्यवधान पैदा किए ये गैर-एपीएमसी मंचों पर बिक्री की अनुमति देते थे। इन कानूनों में ऐसा कुछ नहीं है जिसे किसान समझ न सकें। यदि तीन कानूनों में कुछ अत्यधिक जटिल था तो इसे केन्द्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकों में समझा जा सकता था। मंत्रियों ने किसानों की मांग पर अनेक संशोधनों के लिए सहमति भी दी थी। और ज्यादा संशोधनों को मंजूरी देने के साथ ही प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ कर कानूनों का क्रियान्वयन दो साल के लिए टालने का कदम भी उठाया था। लेकिन यदि अवस्थापना द्वारा समावेश के अनेक संकेत देने के बावजूद यदि किसान नेता 'वापसी' से कम किसी चीज पर तैयार नहीं थे तो इसका कारण पंजाब व हरियाणा के कुछ किसानों की भयानक जिद थी जिनके पास बड़ी-बड़ी जमीनें हैं। इनमें अढ़तिये भी शामिल थे जिनका बिक्री व खरीद पर प्रभुत्व है और वे दूसरे संभावित प्रतियोगियों को इस क्षेत्र से दूर रखना चाहते हैं।

केंद्रीय एजेंसियां देश में उत्पादित गेंहूं व चावल का 30 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं। गेंहूं का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन पंजाब व हरियाणा में होता है, जबकि चावल में इन राज्यों का हिस्सा 14 प्रतिशत है। लेकिन अपनी कुल खरीद में एजेंसियां 60 प्रतिशत गेंहूं व 35 प्रतिशत चावल केवल इन दोनों राज्यों से खरीदती हैं। इसके साथ ही इसमें से लगभग सारी खरीद बड़े किसानों से होती है। किसानों के इस वर्ग को आशंका थी कि यदि इस क्षेत्र को सबके लिए खोल दिया गया तो वे अपना विशेषाधिकार खो देंगे। अढ़तियों का भी अपने कमीशन की रक्षा करने में निजी स्वार्थ है और उनका छोटे किसानों पर भी व्यापक नियंत्रण है। यदि छोटे किसानों को अपना उत्पाद गैर-एपीएमसी स्थानों पर बेचने की अनुमति मिले तो अढ़तिये उन पर अपना नियंत्रण खो देंगे, जबकि वर्तमान समय में वे सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह हैं। अढ़तिये छोटे किसानों से औने-पौने दाम पर उत्पाद खरीद कर उसे ऊंचे दामों पर बेच कर भारी मुनाफा कमाते हैं। वे इन छोटे किसानों को ऊंची दरों पर कर्ज देते हैं तथा उनसे ब्याज के रूप में भारी आमदनी प्राप्त करते हैं। कृषि कानून वापस लेने के इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं। इसके साथ ही कृषि ढांचागत संरचना में निजी निवेश की किसी संभावना के उबरने के पहले ही भारी नुकसान हुआ है। यह अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए जरूरी है। यह कदम आश्चर्यजनक है, लेकिन ऐसा हुआ है और इसके कुछ कारण निम्न हो सकते हैं।

पहला, जनवरी, 2021 में कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करने का आदेश देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति इस संस्तुति के लिए गठित की थी कि वह किसानों के बीच सभी पक्षों से बात कर नतीजा निकाले। बताया जाता है कि मार्च, 2021 को पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने तीन कानूनों का समर्थन किया था। लेकिन अदालत ने यह मुद्दा लंबित रखा। दूसरा, सार्वजनिक विमर्श में किसानों को एक समान समूह के रूप में पेश किया गया और इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया गया कि संपदा, आय, आदि के मामले में बड़े और छोटे किसानों के बीच भारी अंतर है। इससे बड़े किसानों को निर्णायक बनने में सहायता मिली। छोटे किसान असंगठित हैं, इसलिए उनकी आवाज नहीं सुनी जाती है। तीसरा, बड़े किसानों व व्यापारियों की लाबी ने मुद्दों पर भ्रम फैलाने में सफलता पाई। उदाहरण के लिए, वे कहते रहे कि 'गेंहूं किसान को प्रति क्विंटल 1975 रुपये की एमएसपी से अपने उत्पाद का केवल आधा दाम मिलता है।' इस प्रकार वे बताते रहे कि केन्द्रीय कानूनों से उनको क्या मिला, लेकिन सच्चाई यह है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगनादेश के कारण कानून लागू ही नहीं थे। चौथा, वे छोटे किसानों का ध्यान 'असली कारणों' से हटाने में सफल हुए कि उनकी परेशानी का कारण उत्पीड़क राज्य एपीएमसी कानून हैं। उनको समझा दिया गया कि केन्द्र द्वारा गारंटी एमएसपी कानून उनकी सारी समस्याओं का समाधान होगा।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि तीन कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है।

इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और बोझ पड़ेगा तथा राज्यों की वित्तीय व्यवस्था खराब होगी। जलवायु पर कानूनों से किसानों को अलग रखने की मांग से प्रदूषण बढ़ेगा तथा विश्व समुदाय को गलत संकेत जाएगा। देखना होगा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहस कर इस गिरावट को रोकने में सफल होंगे?

# गुलामी से मुक्ति

## आजाद हुआ बारबाडोस

**कैरीबियन** में बारबाडोस अब एक गणतंत्र और दुनिया का नवीनतम स्वतंत्र सदस्य है। महत्वपूर्ण है कि उसने ब्रिटिश राजतंत्र से संबंध तोड़े और इस प्रकार वह 17वीं शताब्दी से जारी क्रूर औपनिवेशिक अतीत से मुक्त हुआ है। बारबाडोस शानदार समुद्र तटों व क्रिकेट का देश है जहां से गार्डन ग्रीनएज, डेस्मंड हीन्स, मैल्कम मार्शल व जोयल गार्नर उभरे थे। अब यह गणतंत्र लोकतंत्र की नई विरासत लिखेगा। यह उन थोड़े से देशों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अब भी अपने पूर्व उपनिवेशवादियों के साथ जुड़े हैं। 1627 में बारबाडोस ब्रिटिश उपनिवेश बना जो अफ्रीका से गुलाम बना कर लाए गए लोगों द्वारा की जाने वाली खेती पर निर्भर था और यहां गुलामी प्रथा की समाप्ति केवल 1807 में हुई। 1966 में इसे स्वतंत्र दर्जा प्राप्त हुआ, पर यह कामनवेल्थ व्यवस्था का हिस्सा बना रहा। यह व्यवस्था राष्ट्रकुल देशों से अलग है, यह एक संप्रभु राज्य था जिसकी राज्य प्रमुख तथा राजतंत्र शासक ब्रिटिश रानी एलिजाबेथ द्वितीय थीं। वर्तमान समय में बारबाडोस को छोड़ कर ऐसे 15 राज्य हैं। इसने अपनी स्वतंत्रता की 55वीं वर्षगांठ पर पूर्व उपनिवेश से संबंध तोड़ा है। उसके अंतिम गवर्नर-जनरल अब देश के पहले राष्ट्रपति हैं। ये दोनों प्रतीकात्मक पद हैं, पर राष्ट्रपति बारबाडोस वासियों की स्वतंत्र इच्छा अभिव्यक्त करते हैं। इसके प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि बारबाडोस किस दिशा में बढ़ रहा है और दुनिया उससे क्या उम्मीद कर सकती है। उनके अनुसार, 'बारबाडोस वासी एक बारबोसी को राज्य प्रमुख देखना चाहते थे। यह स्वयं में विश्वास की अभिव्यक्ति है



और बताती है कि हम क्या प्राप्त करने में सक्षम हैं।' व्यवस्था से अलग होने वाले अन्य देशों में गुयाना, ट्रिनीडाड व टोबैगो तथा डोमिनिका हैं। नए गणतंत्र का उभार ऐसे समय हुआ है जब ब्रिटेन का औपनिवेशिक अतीत उसकी जनता की आलोचना का शिकार है तथा रानी और उनका परिवार भी इसमें शामिल है। प्रिंस हैरी व मर्गेन मार्केल ने देश से अनुरोध किया है कि वह आगे बढ़ने के लिए अपना औपनिवेशिक अतीत स्वीकार करे, भले ही यह चाहे जितना असहज करने वाला ही क्यों न हो।

अब भी ब्रिटेन के अलावा मानचित्र पर बिंदुओं की तरह लगने वाले कई देश अमेरिका, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क, नीदरलैंड, नार्वे व न्यूजीलैंड के आधिपत्य में हैं। गणतंत्र के रूप में इन देशों के स्वतंत्र रूप से उभरने से उपनिवेशवादियों व उपनिवेशों से टकराव की समाप्ति होगा जिसने पूरी बीसवीं शताब्दी में दुनिया में वि-औपनिवेशीकरण की लहर पैदा की थी। अनेक उपनिवेशों ने अतीत की जंजीरें तोड़ कर अपना स्वतंत्र शासन, गरिमा और पहचान स्थापित की थी। औपनिवेशीरण उत्पीड़क तथा समता व संप्रभुता के सिद्धान्तों का विरोधी है जो संयुक्त राष्ट्रसंघ का प्रमुख आधार हैं। तथ्य यह है कि कुछ स्थानों पर अब भी ऐसी आदिमकालीन उत्पीड़क व्यवस्था विद्यमान है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे बारबाडोस के उदाहरण से देखा जा सकता है। वि-औपनिवेशीकरण का एजेंडा केवल एक सिद्धान्त पर आधारित है कि देश को किसी भी प्रकार के बाहरी प्रशासन से मुक्त होना चाहिए तथा उसकी जनता को किसी भी प्रकार की सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी उम्मीद करती है कि बाकी देश भी बारबाडोस के माडल पर चल कर आत्मनिर्भरता के मानवीय अधिकार की तरह स्वतंत्रता को गले लगाएंगे।

# कर्ज के साये में भारत की सुपर आर्थिक प्रगति यात्रा

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत एक उच्च ऋण और एक आर्थिक रामबाण के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर देने के उद्देश्य से दुनिया में शामिल हो गया। दिल्ली से सटे 10,500 करोड़ रुपये के जेवर हवाई अड्डे सहित बुनियादी ढांचे में भारत के 233.08 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आधिकारिक तौर पर अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया इसके लिए प्रयास कर रही है। इसका परिणाम विश्व ऋण में अति-विकास 226 ट्रिलियन डॉलर है। अपनी 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट में, आईएमएफ ने कहा कि भारत का कर्ज 2016 में उसके सकल घरेलू उत्पाद के 68.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 89.6 प्रतिशत हो गया है। इसके 2021 में 90.6 प्रतिशत और फिर 2022 में घटकर 88.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2026 में धीरे-धीरे 85.2 प्रतिशत तक पहुंचना। जेवर ने प्रदेश चुनाव को देखते हुए यूपी में विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस हिस्से को सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में से एक बना सकता है जो बड़ी संख्या में प्रवासियों को आमंत्रित करता है जो स्थानीय संसाधनों को बढ़ा सकते हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट ने एक नई चिंता और बढ़ा दी है। राष्ट्र उम्मीदों पर उड़ान भरने की उम्मीद करता है लेकिन हवाईअड्डा परियोजनाएं, उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई और कृषि भूमि का अधिग्रहण पारिस्थितिक चिंताओं को बढ़ाता है। लेकिन एक देश जो कोरोनावायरस महामारी से बाहर निकलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, वह तेजी से विकास की तलाश में है ताकि नकदी प्रवाह हो। सरकार ने 'नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी)' का विस्तार 7,400 परियोजनाओं तक कर दिया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के अनुसार, 217 परियोजनाएं रु। 1.10 लाख करोड़ (15.09 बिलियन डॉलर) 2020 तक पूरे हो चुके थे। एनआईपी के माध्यम से, सरकार ने जुलाई 2021 तक बुनियादी ढांचे के विकास में 1.4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया। हालांकि, बुनियादी ढांचे में जितना अधिक निवेश किया जाता है, उतनी ही अधिक



लागत देश को वितरित करने की होती है। जब तक उद्योग से लेकर कृषि तक गतिविधियों में समग्र वृद्धि नहीं होती है, तब तक लाभ वहन करना महंगा हो जाता है। आईएमएफ का कहना है कि गरीब देशों के लिए वित्तपोषण पर बाधाएं विशेष रूप से गंभीर हैं। यह देखते हुए कि 2020 में, राजकोषीय नीति ने इसके लायक साबित कर दिया, वित्तीय मामलों के लिए आईएमएफ निदेशक विटोर गैस्पर का कहना है कि 2020 में सार्वजनिक ऋण में वृद्धि ष्टह्वङ्कद्बष्ठ-19 और इसके आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय परिणामों का जवाब देने की आवश्यकता से पूरी तरह से उचित थी। लेकिन वृद्धि एकतरफा होने की उम्मीद है, उन्होंने कहा। ऐसे में सवाल यह है कि कर्ज को कैसे कम किया जाए। उन्होंने कहा कि ऋण की गतिशीलता नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से एक मजबूत योगदान द्वारा संचालित होती है, साथ ही प्राथमिक घाटे में बहुत अधिक क्रमिक कमी होती है।

आईएमएफ ने कहा कि राजकोषीय दृष्टिकोण के लिए जोखिम ऊंचा है। यह भारत को अपनी नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2007-08 के वैश्विक मंदी ने एक अस्थिर वित्तीय व्यवहार का पालन किया। परिणाम उच्च मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के होंगे जो आगे लागत में वृद्धि करेंगे और एक अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे जिससे अधिक संघर्ष हो सकते हैं। भारत की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गई है। कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी भी बढ़ रही होगी और मुद्रास्फीति का एक चक्र जारी रह सकता है।

यह देश भर में कारों और कार के उपयोग पर उच्च कराधान और उच्च दंड के शासन में भी देखा जा रहा है। बिहार में राज्य के बाहर पंजीकृत वाहनों और एचएसआरपी प्लेटों पर सबसे अधिक सख्ती है। इन्हें छोटी-छोटी बातों के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन ये छोटी-छोटी बातें लोगों के जीवन को मुश्किल बना रही हैं। यूजर चार्ज में बेवजह बढ़ोतरी की जा रही है। कुछ निजी रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग शुल्क छत से गुजर रहा है। प्रत्यक्ष रूप से, किसी को भी %कीमतें बढ़ रही हैं% के रूप में दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन इसकी समग्र समीक्षा की आवश्यकता है।

आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2021-22 में 9.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में उच्च मूल्य दबाव देखा जाता है। आर्थिक गतिविधियों में संकुचन, कम राजस्व, और महामारी से संबंधित समर्थन उपायों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटे को बढ़ाकर क्रमश: 8.6 और 12.8 प्रतिशत जीडीपी के केंद्र और राज्य सरकारों के लिए किया गया है।

लेकिन आईएमएफ इस बात से चिंतित है कि नीतिगत समर्थन के बावजूद, बैंक ऋण वृद्धि धीमी रही है, जबकि बड़े कॉरपोरेट्स को पूंजी बाजार में आसान परिस्थितियों से लाभ हुआ है। शुद्ध अंतर्वाह और चालू खाते में सुधार ने विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का समर्थन किया है। तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में चालू खाते की शेष राशि घाटे में रहने का अनुमान है।आईएमएफ की समग्र रिपोर्ट आने वाले वर्षों में आसान स्थिति नहीं होने का संकेत देती है।

देश को चलाना आसान नहीं है। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन सतर्क हैं जबकि सरकार को लगता है कि उनके प्रयासों में बाधा आ रही है। भारत को उम्मीद है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास आईएमएफ को झुठला देंगे और इन्फ्रा पुश देश को लक्षित विकास की ओर ले जाएगा।

## आप की बात

### सड़क पर सुरक्षा

**देश** में सड़क सुरक्षा सप्ताह हर वर्ष जनवरी माह में मनाया जाता है। इस वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा सप्ताह एक महीने मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश सरकारें करती हैं। जिससे लोग सुरक्षित यात्रा सड़कों पर कर सके। प्रति वर्ष लाखों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत, विकलांग और मानसिक रूप से कमजोर और याददाश्त खो देते है। हमारे देश मे बढ़ती दुर्घटनाओं का कारण लोगों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नही किया जाता। दोपहिया वाहनों के चालक हेलमेट, चार पहिया वाहनों के चालक सीट बेल्ट का प्रयोग नही करते। शराब पीकर, कानो में इयर फोन,तेज आवाज में गाने बजाने,गलत साइड में वाहन चलाना और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहनों को चलाकर स्वयं खतरा उठाकर दुसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। शराब पीकर और कान में मोबाइल लगाकर बात करते हुये वाहन चलाने वाले ज्यादा दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। फर्राटे भरते वाहन सड़को पर अचानक पालतू जानवर,बच्चे और वन्य जीव जन्तुओं के आ जाने से वाहनों पर नियंत्रण नही कर पाते और भयानक किस्म की दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### क्रीमी लेयर पर बहस

**सर्वोच्च** न्यायालय में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) को लेकर जोरदार बहस चल रही है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्रीमी लेयर का पैमाना सबके लिए एक-जैसा क्यों हो? उसने पूछा है कि 8 लाख रुपये की सालाना आमदनी की सीमा सब पर एक-जैसी क्यों थोपी गई है? ऊंची जातियों के गरीब लोगों को जो 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, उसका आधार क्या है? गरीब पिछड़ों और गरीब अगड़ों को एक ही तुला पर क्यों तोला जा रहा है? इसलिए तोला जा रहा है कि पिछड़ों को तो पहले से ही 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है वह भी बिना किसी आर्थिक सीमा के! जबकि अगड़ों में कई ऐसे गरीब है जो बदहाली में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके लिए 2 जून कि रोटी कमाना बड़ा कठिन कार्य है। एसेमें उनका कोई प्रतिभावान बच्चा अच्छे मार्क्स लाने के बावजूद आरक्षण के चलते अयोग्य घोषित कर दिया जाए तो वह क्या करें? अत: सुप्रीम कोर्ट को यह 10 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ अगड़ी जाति के निम्न आय वर्ग वालों के लिए ही रखना चाहिए !इसमें पहले से50त्न आरक्षण पा रही पिछड़ी जाति को फिर से 10 प्रतिशत आरक्षण में शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### टिकैत से सवाल

**टिकैत** और उनके समर्थक कह रहे हैं कि कृषि कानून वापस लेना काफी नहीं, अभी एमएसपी पर कानून चाहिए , तथा कथित तौर पर धरने के दौरान मरने वाले 700 लोगों का मुआवजा मिलना चाहिए। धरने पर सरकार ने कोई गोली नहीं चलाई, कोई लाठियां नहीं पटकाई, तो ये 700 लोग कहां मारे गए ? कहीं इनमे वे तो शामिल नहीं हैं जिन्हे धरने वालों ने जिंदा जलाकर, या हाथ-पैर काटकर मौत के घाट उतारा था। एक महिला की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी, दिल्ली के बहुत सारे कारखाने धरनों के कारण बंद हो गए, और उनके श्रमिक सड़क पर आ गए, उनके परिवारों मे बीमारी/ भूख से मौतें हुई, टिकैत या उनके किसान यूनियन वाले साथी इनके लिए मुआवजे देंगें? कॉंग्रेस के शासन मे किसानों पर कई दफा गोली चली, किसान मरे, पर मुआवजे के लिए धरने नहीं हुए। फिर अब क्यों? यदि टिकैत आत्महत्या से हुई मौतों की बात कर रहे हैं, तो कृषि कानूनों से पूर्व साल मे 17,000 आत्महत्याएं हो रही थीं, यानि 16,300 मौत कम हुई। इसके लिए सरकार को धन्यवाद नहीं देना चाहिए?

- **अजय मित्तल**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भर्ती** और पेपर लीक में भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन गया है।

- **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**ब्रिटेन** और दुनिया भर के यहूदी लोगों को चानुका की बहुत बहुत शुभकामनाएं जो इस सप्ताह मेनोराह जलाएंगे।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री



**हमें** नए कोरोनावायरस संस्करण को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

रैन बसेरों में कहीं ताला,

# तो कही बिजली-पानी की सुविधाओं का दिखा अभाव : राजीव

## पूर्व मीडिया सलाहकार ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

### नगर निगम के अधिकारियों को दिए रैन बसेरों की दशा सुधारने के लिए दिशा-निर्देश

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**सर्दी** का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन निगम की ओर से संचालित रैन बसेरों की दशा बदहाल है। कहीं ताला लटके पड़े हैं तो कहीं रैन बसेरा के बाहर गंदगी का अंबार लगे हैं। शनि मंदिर के पास स्थाई रूप से बने रैन बसेरा में भी गर्म पानी की व्यवस्था के लिए लगा सोलर सिस्टम खराब पड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सोमवार देर रात्रि रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया तो ये सारे हालात सामने आए।

भाजपा नेता राजीव जैन सबसे पहले मुरथल अड्डा स्थित रैन बसेरा का जायजा लेने पहुंचे तो वहां ताला लटका हुआ मिला। इतना ही नहीं वहां रैन बसेरा का कोई बोर्ड भी नहीं लगा हुआ था। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम के बाहर रखे रैन बसेरा का निरीक्षण किया तो वहां पीने की


रैन बसेरे में व्यक्ति से बातचीत करते भाजपा नेता राजीव जैन।

पानी और बिजली की व्यवस्था नहीं थी। इस रेन बसेरे में सो रहे व्यक्ति ने बताया गद्दे भी किसी दानी सज्जन ने दिए थे, वे उसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बाद वे शनि मंदिर के पास स्थाई रूप से बने रैन बसेरे का जायजा लिया। रैन बसेरे में करीब 15-16 व्यक्ति विश्राम कर रहे थे। यहां भी गर्म पानी मुहैया कराने के लिए लगाए गए सोलर सिस्टम खराब पड़ा मिला। रैन बसेरे में लगे सीसीटीवी कैमरे भी करीब डेढ़ साल से बंद पड़े हुए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रैन बसेरों का संचालन करने वाले निगम के अधिकारी कभी मौके पर जाकर मुआयना नहीं करते। राजीव जैन ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर से बात कर सभी जानकारियां दे दी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही निगम की ओर से इन रैन बसेरों में अवाश्यक सुविधाएं मुहैया कराया जाएगा, ताकि यहां ठहरने वाले व्यक्तियों को जाड़े के मौसम में किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। राजीव जैन ने कहा कि करीब पांच साल पहले उनके प्रयासों से ही शनि मंदिर के पास स्थाई रूप से रैन बसेरे का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम को देखते हुए हर रैन बसेरों में पेयजल और बिजली की सुविधाओं के साथ ही गद्दे, कंबल और चादर की व्यवस्था की जाए। साथ ही रैन बसेरों के भीतर और बाहर सफाई के पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

# घरवाले कर रहे थे दुल्हन का इंतजार पहुंचा बारातियों की मौत का समाचार

### दंपति की मौत से बीमार मां की हालत बिगड़ी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**रिश्तेदार** और घरवाले दुल्हन की इंतजार में बैठे थे। दुल्हन का स्वागत करने की पूरी तैयारियां कर ली गई थी। लेकिन तभी हादसे की सूचना पहुंची हर तरफ मातम पसर गया। किसी ने सोचा भी नहीं था कि दुल्हन के आने से पहले बारातियों के मरने की खबर आ जाएगी। पूंडरी राजौंद मार्ग पर गांव पाई के पास हुए हादसे नहीं छह घरों के चिराग बुझा दिए।

जिस किसी को भी इस हादसे का पता लगा उसके चेहरे पर दुख की लकीरें पसर गई। कैथल के पूंडरी निवासी राहुल की बारात जींद की सैनी धर्मशाला में गई थी। एक कार में सवार बाराती घर लौट रहे थे।



उनकी कार जब गांव पाई के पास पहुंची तो दूसरी कार से सामने टक्कर हो गई। दूसरी कार में सवार लोग कुरुक्षेत्र के दाबखेड़ी गांव से जींद के मलार गांव में जा रहे थे। ये अपनी बीमार मां से मिलकर गांव लौट रहे थे। बारात की गाड़ी और दूसरी कार की टक्कर से 4 बारातियों की मौत की सूचना पूंडरी पहुंची तो शादी वाले घर में मातम पसर गया। जिस घर में नव वधु के स्वागत की तैयारी चल रही थी, वहां शवों की सूचना पहुंची। नाच गाना रुक गया। दूसरी तरफ विनोद और बाला की मौत से उनकी बीमार मां की हालत और बिगड़ गई।

**मरने वालों में पति-पत्नी भी शामिल :** पाई गांव के पास दोनों कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में जींद की तरफ जा रही कार में विनोद, बाला, सोनिया और विराज सवार थे। विनोद और उसकी पत्नी बाला की मौत हो गई। जबकि विराज और सोनिया घायल हैं। दूसरी तरफ बारात से लौट रही कार के ड्राइवर बरेली निवासी सत्यम, सैनी मोहल्ला पुंडरी निवासी रमेश, नरवाना निवासी अनिल, हिसार निवासी शिवम की मौत हो गई। दो बाराती सतीश और बलराज घायल हैं।

**दिन निकलने से पहले ही लौटने लगे बाराती :** दुल्हन निशू के पिता नरेश नंबरदार की जींद सब्जी मंडी में आढ़ती है। मंडी में इनकी 34 नंबर दुकान है। बारात रात को जींद ही ठहरी थी। कुछ बाराती अपने-अपने वाहनों में अल सुबह 2 से 3 बजे ही निकल गए थे। डोली सुबह करीब 6 बजे गई थी।

### जींद के अपराही मोहल्ला में भी मातम पसरा

जींद के अपराही मोहल्ला में स्वर्गीय रामधारी नंबरदार के छोटे भाई नरेश नंबरदार की बेटी निशु की शादी थी। बारात पूंडरी से जींद की सफीदों गेट सैनी धर्मशाला में आई थी। बारात की एक कार पूंडरी लौटते समय कैथल के गांव पाई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना जींद में करीब साढ़े 9 बजे पहुंची। वहां भी मातम पसर गया। पुलिस से पहले ग्रामीणों ने शुरू कर दिया था बचाव कार्य पाई गांव के पास हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी, जो बचाव कार्य में लगे थे। हादसे के बाद एक कार पेड़ से टकरा गई थी। घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कारों का सामान बिखरा पड़ा था। शव गाड़ियों में ही फंसे थे। पुलिस ने घायलों और दो शवों को अस्पताल पहुंचाया। मरने वालों की संख्या 6 हो गई।



# निर्माण मजदूर-कारीगरों की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल कल से

### उपायुक्त कार्यालय पर डालेंगे महापड़ाव

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।

**भवन** निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (संबंधित सीटू) जिला कमेटी भिवानी-चरखी दादरी जिला सचिव ने बताया कि पूरे जिले भर में हर रोज निर्माण के मजदूर-कारीगरों की बैठकें चल रही हैं।

इसी कड़ी में भिवानी जिले के पालवास, बामला, मिताथल, गुजरानी, तिगड़ाना, बडेसरा, चांग, नेहरू कॉलोनी, भगत सिंह चौक, हनुमान ढाणी चौक, बैंक कॉलोनी चौक, तोशाम ब्लॉक के पटौदी, बजीना, थिलोड, आलमपुर, ढाणी माहू, डाडम, बहल के बिधनोई व बहल में नुक्कड़ बैठकें की गईं। निर्माण मजदूर-कारीगरों की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्माण मजदूर फैडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर दो और तीन दिसंबर को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल सफल बनाने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा शमिल होने के लिए आह्वान किया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि दो-तीन दिसंबर को निर्माण मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल होगी और हड़ताल के दौरान जिला उपायुक्त कार्यालय भिवानी में महापड़ाव डाला जाएगा जिसके लिए यूनियन के कार्यकर्ता गांव-गांव में जा रहे हैं ।

# आनंद सागर का युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने किया जोरदार स्वागत


संत आनंद सागर का सत्कार करते भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा।

### भाजपा ही देश का कर सकती भला : आंनद सागर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** जनता पार्टी संत समाज व डेरा समन्वय विभाग हरियाणा प्रमुख आनंद सागर कुरुक्षेत्र भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा के कार्यालय पहुंचे जंहा उनका रुबल शर्मा व पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर आनंद सागर ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सनातन संस्कृति और संस्कार ही सबसे बड़े हथियार हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की अखंडता और एकजुटता के साथ भारतवर्ष को एक बार फिर विश्वगुरु बनाने की दिशा में बढ़ाए जा रहे कदम संत समाज के आशीर्वाद और सहयोग से मंजिल तक पंहुचेंगे। इस अवसर पर बीजेपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने आनंद सागर महाराज को सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। आनंद सागर महाराज ने रुबल शर्मा को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक जीवन में तरक्की और सफलता का आशीर्वाद दिया। आनंद सागर ने कहा कि भाजपा ही देश का भला कर सकती है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के संकल्प को हरियाणा में मनोहर लाल आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सनातन संस्कृति और स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है ताकि भारत फिर से विश्वगुरु बन सके। रुबल ने कहा कि युवा मोर्चा देश की रीढ़ युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए सबसे बड़ा और खुला मंच बनकर अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर परियोजना के जिलाध्यक्ष रामलाल आर्य, पूर्व पार्षद टोनी मदान, जसवीर समानी, संजू लाला, विजय सांपला, पवन शर्मा, सुनील गुर्जर, राजेन्द्र कुमार, हरबंस लाल, बरखा राम सैनी, संजीव सरपंच, प्रदीप सैनी, शीला चौधरी, तुषार सैनी, विक्रम सिंह मथाना समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

### जादू की ट्रिक्स दिखा कर किया वैज्ञानिक विश्लेषण

**कुरुक्षेत्र।** शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान में निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन द्वारा अन्धविश्वास और शहीद भगत सिंह की वैज्ञानिक विचारधारा विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान करनैल सिंह ने की और वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रुप में बलवंत सिंह ने शिरकत की।

वर्कशॉप का मंच संचालन प्रांतीय महासचिव सुरेश कुमार ने किया। लेक्चरर बलवंत सिंह ने जादू की ट्रिक्स दिखा कर उनका वैज्ञानिक विश्लेषण किया और यह बताया कि समाज में फैले अंधविश्वासों का अनुचित लाभ उठाकर किस प्रकार से धूर्त लोग लोगों को मूर्ख बनाते हैं और उनकी पसीने की गाढ़ी कमाई हड़प जाते है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए समाज में फैले अंधविश्वास और मनोरोग ही उन पाखंडी लोगों की शक्ति का काम करते हैं चमत्कारों का पदार्फाश करते हुए बलवंत सिंह ने बताया कि तर्कशील सोसायटी ने सभी पाखंडियों को 23 शर्तों की चुनौती दी हुई है और जिसके लिए तर्कशील सोसायटी ने इनाम की घोषणा की हुई है कि जो भी पाखंडी उन शर्तों में से किसी एक को पूरी कर देगा, उसको इनाम दिया जाएगा।

# कोरोना से 200 गुणा संक्रामक हो सकता ओमिक्रोन वेरिएंट : डॉ. रजनीकांत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**दुनियाभर** में कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। कोरोना का ओमिक्रोन वेरिएंट, डेल्टा वेरियंट से 200 गुणा संक्रामक हो सकता है। इसे अब तक का सबसे ज्यादा म्यूटेशन वाला वेरिएंट बताया जा रहा है। टीकाकरण होने के बाद भी ये कितनी तेजी से फैल सकता है और इसे लेकर क्या करना चाहिए। इस पर वैज्ञानिकों द्वारा शोध किया जा रहा है। इस वायरस कम घातक और ज्यादा संक्रामकता वाला बताया जा रहा है। इसलिए कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भारत सरकार द्वारा बताई गई गाइडलाइन का पालन करें।

यह बात आयुष विवि में रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग के प्रो. डॉ. रजनीकांत ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय द्वारा थानेसर ब्लॉक के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के अंदर कोरोना जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अब तक सात स्कूलों के लगभग दो हजार से अधिक बच्चों को डेंगू



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते डॉ. रजनीकांत।

और कोरोना महामारी से बचाव की जानकारी दी गई है। डॉ. रजनीकांत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के अंदर ओमिक्रोन के केस पाए गए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इस स्ट्रेन के लोगों के ऊपर लक्षण बहुत सामान्य हैं। जैसे कि व्यक्ति को लंबे समय तक थकान महसूस होना और गले में खराश रहना। इसके साथ ही पीड़ित व्यक्ति की सूंघने और स्वाद की क्षमता बरकरार रहती है जो की डेल्टा वैरिएंट के संक्रमण में खत्म हो जाती थी। वायरस के हमारे शरीर की कोशिकाओं से संपर्क बनाने वाले हिस्से की बात करें तो इसमें 10 म्यूटेशन हुए हैं, जबकि डेल्टा वेरियंट में दो ही म्यूटेशन थे। इसलिए ओमिक्रोन वेरियंट ज्यादा संक्रामक हो सकता है। सावधानियां अपनाएं और सतर्क रहें। मास्क का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। इस दौरान योग शिक्षक योगेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को योग कराए। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अच्छे आहार के साथ-साथ रोजाना योग करें। जिस प्रकार अच्छा आहार औषधि का काम करता है। उसी प्रकार योग व्यक्ति के बाह्य और अंदरूनी अंगों को मजबूत बनाता है।

# वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सदस्यों ने 2020 में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में दिया 38 अरब डॉलर का योगदान

पायनियर समाचार सेव। गुरुग्राम

**वर्ल्ड** गोल्ड काउंसिल द्वारा हाल में जारी एक रिपोर्ट ने इसके सदस्यों द्वारा, जिनमें दुनिया की सर्वाधिक अग्रगामी सोच रखने वाली स्वर्ण खनन कंपनियां हैं, उन देशों एवं समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान की भूमिका को रेखांकित किया है जहां ये परिचालन करती हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की सदस्य कंपनियों द्वारा कुल-मिलाकर, उन देशों की जीडीपी में 37.9 अरब डॉलर मूल्य का योगदान करों एवं वेतन के अलावा सप्लायर्स को किए गए भुगतान के रूप में किया गया जहां इनका परिचालन है। यह उनके द्वारा की गई स्वर्ण बिक्री का 63 प्रतिशत है और प्रत्येक औंस स्वर्ण के मूल्य में लगभग 1,100 डॉलर मूल्य वर्धन के बराबर है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की सदस्य कंपनियों द्वारा 200,00 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से नौकरियों पर रखा गया, जिनमें 95 प्रतिशत उन देशों के नागरिक हैं जहां ये कारोबार करती हैं। इसके अलावा, इन कंपनियों ने स्थानीय सप्लायर्स के जरिए भी 12 लाख अतिरिक्त नौकरियों का सृजन किया। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल सदस्य कंपनियों में वेतन राष्ट्रीय औसत से औसतन छह गुना अधिक है। इन कंपनियों द्वारा आयात पर खर्च किए प्रत्येक डॉलर के बदले करीब पांच डॉलर की रकम स्थानीय स्तर पर सोर्सिंग पर खर्च की गई। संदीप बिस्वास, सीईओ न्यूक्रेस्ट माइनिंग एवं चेयर ऑफ द वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ईसीजी टास्कफोर्स ने कहा, स्वर्ण निर्माता उन देशों के समुदायों, सरकारों और नागरिक समाजों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जहां ये परिचालन करते हैं ताकि जिम्मेदार खनन से उत्पन्न मूल्य को परस्पर साझा जा सके। इस रिपोर्ट में हमारे उद्योग द्वारा दुनियाभर के देशों में किए जा रहे जबर्दस्त सामाजिक एवं आर्थिक योगदान का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। जिम्मेदारी के साथ काम करने वाली स्वर्ण खनन कंपनियां बेहतर वेतन और मूल्य प्रदान करने वाले रोजगार अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ कर भुगतान और दीर्घकालिक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कर स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती देती हैं। स्वर्ण क्षेत्र द्वारा स्थानीय समुदायों के दीर्घकालिक लाभ के लिए किए जाने वाले निवेश के प्रभाव स्वर्ण खान का जीवनकाल समाप्त होने के बाद भी जारी रहते हैं। सोशल एंड इकनॉमिक कन्ट्रीब्यूशन ऑफ गोल्ड माइनिंग रिपोर्ट वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की 31 सदस्य कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने शोध भागीदार स्टीवर्ड रैडक्वीन के सहयोग से इसे तैयार किया। रिपोर्ट के लिए स्टीवर्ड रैडक्वीन ने एक इकनॉमीट्रिक इनपुट-आउटपुट मॉडल का इस्तेमाल किया जो कि आर्थिक क्षेत्रों के बीच वित्तीय प्रवाह का आकलन करती है।




## संक्षिप्त समाचार

### यूथ बाल संस्कर केंद्र ने निकाली तिरंगा यात्रा


तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चे और अध्यापकगण।

**कुरुक्षेत्र।** यूथ ब्लड डोनर आर्गेनाइजेशन कुरुक्षेत्र द्वारा स्लम एरिया के व झुग्गी झोपड़ी बच्चों के लिए संचालित युथ बाल संस्कार केंद्र में संस्था के मेंबर्स तथा प्रधान सुमित खत्री की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बच्चों को हिंदुस्तान के तिरंगे की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और तिरंगे के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। संस्था की सचिव सुमन प्रजापति ने बच्चों को देश सेवा व अपनी नैतिक जिम्मेवारियों के प्रति जागरूक किया। संस्था के अध्यक्ष ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बताया कि संस्था द्वारा प्राय- इस तरह के सामाजिक कार्य किए जाते है। अध्यापिका श्रुति व कीर्ति ने बताया कि इस संस्कार केंद्र में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, अपनी सभयता, संस्कार के साथ साथ देश भक्ति की भावना भी दी जाती है। इस अवसर पर संस्था के सह सचिव हरपाल सिंह, केशियर सिमरन कौर, यूथ बाल संस्कार केंद्र की अध्यापिका आरती शर्मा, समाजसेवी समीर जैन, अनु शर्मा, नवदीप कौर व सोनिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### लाठी-डंडों से हमलाकर नकदी छीनने वाले चार आरोपी पकड़े

**करनाल।** पुलिस करनाल की सीआईए वन की टीम द्वारा घात लगाकर और लाठी-डण्डों के साथ हमला करके चोट पहुंचाकर नगदी और मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले फरार चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता विरेन्द्र शर्मा वासी गांव बैरसाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। 23 नवम्बर को सिपाही प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने चार अन्य साथियों के नाम बताए थे। टीम द्वारा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास करते हुए 29 नवम्बर को फरार चारों आरोपियों मंदीप उर्फ मन्नत वासी गांव जठलाना यमुनानगर, अंकित वासी उड़ाना करनाल, सचिन देव, रविकांत उर्फ संटी वासियान गांव समानाबाहु जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर नीलोखेड़ी से गिरफ्तार किया। आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ा रही है भाजपा सरकार : पीटीआई

**भिवानी।** देश-प्रदेश में रोजगार की बयार बहाने का दावा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार रोजगार के अवसर देने की बजाए देश-प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ाने पर तुली हुई है। आलम यह है कि जो लोग पिछले काफी वर्षों से रोजगार कर अपने परिवार का पेट पाल रहे थे, सरकार ने उनके पेट पर भी लात मारने का काम किया है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण 1983 बर्खास्त पीटीआई है। यह बात स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष जारी धरने को संबोधित करते हुए अनिल तंवर ने कही। मंगलवार को बर्खास्त पीटीआई का धरना 533वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए अनिल तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार ने लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले लिए है, जिसके विरोध में आज प्रदेश का कर्मचारी वर्ग अपने हकों की मांगों को लेकर सडकों पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाए, लेकिन प्रदेश सरकार बेरोजगारी को बढ़ाते हुए युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर धकेल रही है। जिसके चलते बेरोजगार युवा अपराध की तरफ बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि बर्खास्त पीटीआई ने लगातार दस वर्षो तक अपना रोजगार करते हुए सरकार की सेवा की, लेकिन प्रदेश सरकार ने एक कलम से उनकी बर्खास्तगी का फरमान जारी कर दिया। जिसके बाद से लगभग दो वर्षो से बर्खास्त पीटीआई लगातार अपनी बहाली की मांग को लेकर संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार उनकी मांग सुनने की बजाए वायदाखिलाफी कर रही है।

### कथा में गोवर्धन गिरिराज भगवान की महिमा को सुनाया

**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन के छठे दिवस में समिति के संस्थापक अध्यक्ष और प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया कि जिस घर में भागवत नहीं रहते वह घर-घर नहीं होता। उस घर में देवताओं का निवास नहीं होता। इतना ही नहीं जिस घर में भागवत नहीं रहते उस घर के लोग चंडाल के समान है। कथा के छठे दिन गोवर्धन गिरिराज भगवान की महिमा को विस्तार विस्तार से बताते हुए कहा कि जो नर नारी गोवर्धन जी का पूजन अर्चन तथा परिक्रमा करते हैं उनकी मनोकामना अवश्य पूरी हो जाती है। 7 कोस के गोवर्धन गिरिराज को दूध से अभिषेक करने वाले नव दंपति को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है । इस कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पंडित रंगनाथ त्रिपाठी ने पूजन कराया। मुख्य यजमान डॉ आनंद सिंह चिकित्सा पदाधिकारी एवं धर्मपत्नी श्रीमती मीरा देवी ने परिवार सहित श्री बालकृष्ण भगवान को और श्रीमद्भागवत का पूजन अर्चन और आरती की। कार्यक्रम में मुकेश सैनी, अमित सैनी, सुनीता शर्मा नगर पार्षद, अश्विनी शर्मा, योगेश शर्मा, राजपाल पाली, करतार सैनी, राजकुमार एडवोकेट, केडी तलवार, सुरेश अग्रवाल प्रधान, अमित सब्बरवाल, अनिल गिल, मनदीप सिंह, राम अवतार, डॉ जीत सिंह मेहरा पूर्व एसडीएम, एचके शर्मा, अनिल गर्ग, सीमा गर्ग, राजबाला, मीनू शर्मा और सरिता शर्मा उपस्थित रहे।

### ओल्ड एमसी बिल्डिंग स्थल पर नई मार्केट का प्लान सिरे चढ़ने की उम्मीद

करनाल। शहर की सुंदरता और ट्रैफिक कंजैशन खत्म करने के लिए प्रशासन के प्रयासों से नगर निगम के पुराने कार्यालय स्थल पर मौजूदा दुकानदारों के लिए नई दुकानें बनाने का प्रोजेक्ट सिरे चढ़ने की उम्मीद में आ गया है। खास बात यह है कि इसमें मौजूदा दुकानों पर बैठे दुकानदारों में से किसी को, किसी तरह का नुकसान नहीं होगा, बल्कि उन्हें उतनी ही साइज की नई और सुंदर दुकानें मिलेंगी, दुकानों के आगे अच्छा-खासा स्पेस भी मिलेगा और नई लुक से बिजनेस बढ़ना भी स्वभाविक होगा। सोमवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कमेटी चौक मार्केट के मौजिज दुकानदारों के साथ प्रोजेक्ट और इसकी खूबियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में मीटिंग की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और दुकानदार दोनों ओर से सकारात्मक वार्तालाप हुई।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| श्री संतोष कुमार<br>चिंता देवी, शारदा देवी<br>खाता सं. LNBHT03718-190101238<br>LNBHT04320-210146168 | 26 नवम्बर 2021<br>₹ 2757272 व<br>₹ 52821<br>25 नवम्बर 2021 | ( 1 ) प्रोपर्टी सेटेल्ड खेवत नं. 1686, खातौनी नं. 2062, बियरिंग खसरा नं. 35/17/2 ( 6-1 ) 17/1 ( 1-4 ), भिवानी जनपाल, तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा **क्षेत्रफल 50 वर्ग गज**<br>( 2 ) प्रोपर्टी सेटेल्ड खेवत नं. 1688/1599 खतौनी नं. 2062, बियरिंग खसरा नं. 35/17/2 ( 6-1 )17/1( 1-4 ), भिवानी जनपाल, तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा **क्षेत्रफल 33.33 वर्ग गज** |
| श्री श्याम कुमार<br>नीलम ( सह-ऋणी )<br>खाता सं. LNAMB00319-200116441 | 29 नवम्बर 2021<br>₹ 1935297<br>25 नवम्बर 2021 | हाउस नं. 104, खतौनी नं. 184, गांव-ननहेड़ा, अम्बाला, हरियाणा **क्षेत्रफल 183 वर्ग गज** |
| श्री वरुण कुमार<br>प्रवीण वर्मा ( सह-ऋणी ), आरती ( सह-ऋणी )<br>खाता सं. LNFAR02919-200134781 | 29 नवम्बर 2021<br>₹ 1838616<br>25 नवम्बर 2021 | आवासीय प्रोपर्टी नं. 1502 ( 5718एच ) क्षेत्र का माप 223 वर्ग गज, पालवाल में स्थित ( आबादी मोहल्ला कोटे कुम्हारन के भीतर ) तहसील व जिला. पालवाल हरियाणा **क्षेत्रफल 223 वर्ग गज** |

स्थान : जयपुर | दिनांक 01.12.2021 | प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# देश के विकास में सहकारी समितियों का अहम योगदान : कविता धनखड़

## सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए सहारात्मक सोच के साथ आगे आएं सदस्य

### आवास प्रसंघ के प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा ने रखी वार्षिक रिपोर्ट, प्रस्तुत किया लेखा जोखा


वार्षिक आम सभा की बैठक में मंचासीन अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सहकारिता** विभाग की अतिरिक्त रजिस्ट्रार कविता धनखड़ ने कहा है कि देश के विकास में सहकारी समितियों का अहम योगदान है। सहकारी समितियों के सदस्यों को सकारात्मक सोच के साथ आगे आना होगा। ताकि सहकारी आंदोलन और मजबूत किया जा सके। एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय सदस्य काम पर ध्यान रखें। अगर सदस्य एकजुट होकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से सहकारी समितियां मजबूत होंगी।

वे दि हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव हाउसिंग फेडरेशन की 27वीं वार्षिक आम महासभा की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि कुशल नेतृत्व के साथ साथ ईमानदार छवि के लोगों को सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए लोगों को आगे आना होगा, ताकि समितियों में गलत कार्य न हो। अगर पूर्व में गलत कार्य किए गए हैं तो उसके कारण ढूंढने का काम करें और भविष्य में गलत कार्य करने से बचें। उन्होंने माना कि कुछ समितियां बंद होने के कगार पर हैं, लेकिन इस स्थिति के लिए समितियों के पदाधिकारी उत्तरदायी हैं। अगर शुरुआत में गलत कार्य नहीं होते तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होता, इसके बावजूद हम भविष्य में एकजुट होकर अच्छे परिणाम दे सकते हैं। उन्होंने आम महासभा में प्रदेश भर से पहुंचे सहकारी भवन निर्माण समितियों के पदाधिकारी व निदेशकों से आह्वान किया कि वे रिकवरी पर ध्यान दें। आम सभा की अध्यक्षता कर रहे निदेशक भरत सिंह मलिक ने विस्तार से समितियों को आ रही समस्याओं और उनके निदान के साथ साथ समितियों को मजबूत करने के सुझाव रखे। इसके साथ साथ उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ओटीएस स्कीम के बिना वर्तमान हालात में समितियों की रिकवरी होना मुश्किल है। ऐसे में सरकार को इस दिशा में कोई निर्णय लेना होगा ताकि समितियों को बचाया जा सके। दि हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव हाउसिंग फेडरेशन के प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा ने आम सभा में वार्षिक रिपोर्ट रखी और विस्तार से आवास प्रसंघ के वित्तीय वर्ष के लेखा जोखे को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आवास प्रसंघ की स्थापना 7 जून 1973 को हुई थी। इन 48 वर्षों में आवास प्रसंघ ने प्रदेश भर में सहकारी भवन निर्माण समितियों को मार्च 2021 तक बनाए गए 21559 मकानों के लिए समितियों को 16887.40 लाख रुपया ऋण दिया। आवास प्रसंघ ने मार्च 2021 तक वर्ष के दौरान 343.40 लाख रुपये की वसूली की है। आवास प्रसंघ का सहकारी समितियों और व्यक्तिगत सदस्यों के पास मार्च 2021 के अंत तक 3270.75 लाख रुपये ऋण के रूप में बकाया खड़ा है।

# आईटी एवं सोशल मीडिया टीम को मजबूत करेगी भाजपा

### बुधवार को गुरुग्राम कार्यालय में होगी प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

### प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी सिखाएंगे सोशल मीडिया के गुर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में अपनी सोशल मीडिया टीम को और मजबूत करने की कवायद में जुट गई है। इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को गुरुग्राम में सिग्नेचर टावर के पास स्थित पार्टी के नए कार्यालय में एक प्रदेश स्तरीय आईटी एवं सोशल मीडिया वर्कशॉप रखी गई है। यह वर्कशॉप एक दिसंबर सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगी। लगभग पांच घंटे तक इस वर्कशॉप में सोशल मीडिया को और मजबूत करने की योजनाओं पर मंथन होगा।

खुद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पूरे समय इस वर्कशॉप में मौजूद रहकर सोशल मीडिया टीम के कार्य पर चर्चा करेंगे और आईटी एवं सोशल मीडिया की मजबूती के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं को गुर सिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया टीम सराहनीय कार्य कर रही है। पार्टी समय-समय पर अपने विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित करती है। इसी कड़ी में बुधवार को आईटी एवं सोशल मीडिया टीम की कार्यशाला रखी गई है। जिसमें प्रदेश के सभी 22 जिलों के आईटी एवं सोशल मीडिया के संयोजक, सह संयोजक, प्रदेश के सभी मोर्चा के सोशल मीडिया संयोजक और सह संयोजक उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में मीडिया टीम के भी प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। अरविंद सैनी ने बताया कि इस कार्यशाला में आईटी एंव सोशल मीडिया के प्रदेश प्रमुख जिलों और मोर्चा की आईटी एवं सोशल मीडिया टीम को फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राम, कू एप, नरेंद्र मोदी एप सहित प्रचार के उपयोग में लिए जाने वाले सभी टेक्निकल टूल्स के प्रयोग के संबंध में बताएंगे। इसके अलावा खुद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहेंगे और आईटी एवं सोशल मीडिया टीम के अब तक के कार्य की समीक्षा करेंगे और भविष्य में कार्य को और बेहतर ढंग से कैसे किया जाए, इस संबंध में भी बताएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर सुधार मंच उठाएगा अब सोनीपत को स्वच्छ उठाने का बीड़ा


ज्वॉइंट कमिश्नर से मिलते नगर सुधार मंच के पदाधिकारी।

**सोनीपत।** नगर सुधार मंच के पदाधिकारी मंगलवार को निगम कार्यालय में ज्वॉइंट कमिश्नर सुभाष जून से मिले और सोनीपत की सफाई व्यवस्था के बारे में चर्चा की। ज्वॉइंट कमिश्नर ने मौके पर ही सेनेट्री इंस्पेक्टर कृष्ण, जोगिन्दर व उमेश को मीटिंग में शामिल किया। शहर में चल रही सफाई व्यवस्था के बारे में विस्तार से बातचीत की। ज्वॉइंट कमिश्नर ने समाज सेवी संस्थाओं से काठ मंडी और कच्चे क्वार्टर की तर्ज पर शौचालय संभालने की अपील की। सोनीपत नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला ने सुझाव दिया कि अब वार्ड वाइज कमेटी बनाई जानी चाहिए। जिसमें पार्षद व समाज सेवी संस्थाओं के लोगों को भी इस अभियान में जोड़ा जाना चाहिए। सभी समाज सेवी संस्थाओं के लोग अगर कही गंदगी या कूड़े का ढेर या सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर बैनर आदि देखेंगे तो निगम को तुरंत अवगत कराएंगे। मंच हर रविवार को एक महापुरुष के चौक को दोबारा से धोना शुरू करेंगे। शहर के मेन रोड पर स्थित डंपिंग स्टेशनों को शिफ्ट करने की कोशिश की जाएगी। इस दौरान मोहन सिंह मनोचा, रविन्द्र सरोहा और प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कैथल में पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा ने भरी हुंकार



**कैथल।** पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा की एक मीटिंग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंच एवं एससी बीसी एकता मंच के संयुक्त बैनर के नीचे हनुमान वाटिका में हुई। बैठक की अध्यक्षता एससी बीसी एकता मंच के जिला प्रधान धर्मपाल रत्ती ने और मंच संचालन धर्मवीर प्रजापति ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा के राज्य महासचिव इंदर सिंह जजनवाला, एससी बीसी एकता मंच के महासचिव सुरेश लोधर, जगदीश मेहरा, डॉक्टर सिमरा पाई, पिछड़ा वर्ग कल्याण सभा के जिला प्रधान प्रेम सिंह जांगड़ा,मास्टर दलबीर राठी, बामसेफ के राष्ट्रीय सचिव सुरेश द्रविड़, मूलनिवासी सुभाष जांगड़ा, चेयरमैन महेंद्र सिंह धनिया, मास्टर शमशेर कालिया, मास्टर सुनील कुमार, कमल कांत वर्मा, रूलदू राम नंबरदार प्रजापति, साइन ट्रस्ट चिका के संचालक नीटू जांगड़ा, मास्टर राजेश सिंहमार ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार के द्वारा 17 नवंबर 2021 को ओबीसी की क्रीमी लेयर से संबंधित अधिसूचना जारी की गई है। जो पिछले वर्ग समाज पर एक बहुत बड़ा कुठाराघात है।मुख्यमन्त्री ने प्रदेश में पिछड़ों की घोर उपेक्षा करके उनके उपर छः लाख का क्रीमिलेयर मानक तय करने का निंदनीय कार्य किया है । उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि समय रहते हरियाणा इस छ लाख आय के मानक को वापिस न लिया गया तो आने वाले चुनाव में इसका विरोध किया जाएगा। बैठक में मास्टर रामफल, बामसेफ के जिला प्रधान मास्टर इंदर सिंह, मास्टर सत्यवीर, मास्टर सुनील कुमार,मास्टर टीपू सांवरिया, कृष्ण जांगड़ा, मास्टर बलवीर शास्त्री, रामेश्वर, राजपाल सिंह, लख्मीचंद पबनावा, संजय भोरिया, बहादुर सिंह, मास्टर रामनिवास, हुसन बाल्मीकि, हरि सिंह सिंहमार, मास्टर अमरनाथ पठानिया, रामचंद्र रंगा व अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### शहीदों को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** भारत के स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में और भारत की पाकिस्तान पर वर्ष 1971 की 50वीं जीत पर एनसीसी ग्रुप अंबाला की ओर से विजय श्रंखला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र में किया गया। विजय श्रंखला के अन्तर्गत शहीदों को नम आंखों से याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लांस नायक रामेश्वर व लांस नायक सेवा सिंह, पंजाब रेजीमेंट के परिवार के सदस्य रहे, दोनों शहीदों की धर्मपत्नी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। बतौर विशिष्ट अतिथि डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल सुखजीत संधू मौजूद रहे। उन्होंने दोनों महान शहीदों के योगदान, बलिदान व फर्ज की तारीफ करते हुए बताया कि उन्होंने अपने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हमें ऐसे महान सपूतों से सबक लेना चाहिए और उन्हें अपना आदर्श बनाना चाहिए। लांस नायक रामेश्वर व सेवा सिंह ने 1971 में लड़े गए आपरेशन कैक्टस युद्ध जो भारत और पूर्वी पाकिस्तान के बीच लड़ा गया था, उसमें अहम भूमिका निभाई थी और लड़ते लड़ते मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र सिंह रावत 10 हरियाणा एनीसीसी बटालियन ने भी उन शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी व उनके बलिदान को एनसीसी कैडेट्स व उनके परिवार के सभी सदस्यों के साथ सांझा किया। यूनिवर्सिटी कॉलेज से रजिस्ट्रार संजीव शर्मा, लेफ्टिनेंट वीरेंद्र पाल व 60 एनसीसी कैडेट्स, समस्त पीआई स्टॉफ, सिविल स्टॉफ और अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। कर्नल सुखजीत सिंह संधू ने सभी एनसीसी कैडेट्स से अनुरोध किया कि वह नकारात्मक ऊर्जा को हटाकर आज से सकारात्मक ऊर्जा के संचार का आह्वान करने का भी प्रण लें और देश के विकास में अपना समग्र व महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

# सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक : कर्मपाल नरवाल



**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग द्वारा कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल के दिशा निर्देशन में मंगलवार को राधाकृष्णन सभागार में टेलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, श्लोकाचारण, भाषण और कविता पाठ किया

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से प्रो. कर्मपाल नरवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कल्याण विभाग की सचिव डाक्टर आशा पुनिया ने कहा कि विद्यार्थियों के सांस्कृतिक विकास के लिए युवा कल्याण विभाग सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल सांस्कृतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की डीन डॉक्टर सुनीता भरतवाल ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रूचि के अनुरूप मनोरंजन से जुड़कर चलते हैं वे तनाव से सदैव दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने युवा कल्याण विभाग का गठन इसी सांस्कृतिक सोच के तहत किया है कि हर विद्यार्थी को सांस्कृतिक चेतना से जोड़ा जा सके। विद्यार्थियों को सांस्कृतिक मूलमंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा जहां विद्यार्थी को ज्ञानवान बनाती है।

# 341 लोगों के चालान कर किया नौ लाख रुपये का जुर्माना

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ जुर्माना लगाया जा रहा है, इतना ही नहीं बार-बार ऐसा करने वाले किसानों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। इस विषय को लेकर सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

इस जिले में किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति ओर जागरूक भी किया जा रहा है ताकि फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा अब तक 341 लोगों के चालान कर 9 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों की रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि हरसेक के माध्यम से 538 और अन्य माध्यमों से 76 सहित कुल 614 आग लगाने से संबंधित घटनाएं सामने आई है। इन सभी लोकेशन पर कृषि विभाग की टीमें पहुंची।

# ईट राइट मेले का शुभारंभ करेंगे खाद्य और औषधि प्रशासन आयुक्त : सुभाष चंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा तीन दिसम्बर को सेक्टर 13 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह नौ बजे वॉकेथन मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि विभाग करनाल के सुभाष चंद्र ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव देशभर में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। मैराथन सुबह नौ से 11 बजे तक रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा राजीव रत्न दोपहर 12 बजे ईट राइट मेले का शुभारंभ करेंगे। ईट राइट मेले में सभी खाद्य कारोबारकर्ता जो फोर्टिफाईड मिल्क, फोर्टिफाईड ऑयल, फोर्टिफाईड आटा-चावल, ऑर्गेनिक फूड, बाजरा, ओटस व मै.


ईट राइट मेले के बारे में जानकारी देते औषधि अधिकारी सुभाष चंद्र।

फार्मर प्रोड्यूसर संस्था, रेवाडी के द्वारा निर्मित रागी, बाजरा रोटी-मक्खन, कढ़ी, खाटे का साग, कचरी की चटनी मोरिंगा के आचार के साथ, बाजरे के लडडू, तिल के लडडू, बाजरे की बर्फी, घीया की बर्फी, बाजरे की मठि, बाजरे का चूरमा, बाजरे की खीर, बाजरे का पिज्जा, बाजरे की रबडी, बाजरे की खिचडी, माथु राम गोहाना वाले के द्वारा निर्मित देसी घी जलेबी, मै. मिस्ठी मिल्क फुड करनाल के द्वारा निर्मित बाजरे की लस्सी व मै. फार्मर एज इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटिड, निशिक के द्वारा निर्मित गन्ना चुस्की, गन्ना की जलेबी, गन्ना की कॉफी जो कि ईट राईट मेले आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। जो अपने खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता और शुद्धता के बारे में प्रदर्शन कर सकेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शुद्ध भोजन सही आदत के बारे में जागरूक करना हैं। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि मेले के दौरान कोविड -19, नियमों का भी पालन करें।

# जत्थेदार रघुजीत सिंह विर्क को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने पर संगत में खुशी की लहर

## पार्टी हाईकमान ने हरियाणा की संगत को दिया अनमोल उपहार : बीबी रविंदर

**पायनियर सामचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर में जत्थेदार रघुजीत सिंह विर्क को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने पर हरियाणा की संगत में खुशी की लहर है। एसजीपीसी में हरियाणा की संगत का मान बढ़ाने पर शिरोमणि अकाली दल महिला विंग हरियाणा की प्रदेशाध्यक्षा बीबी रविंदर कौर, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना और सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया है।

बीबी रविंदर कौर ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल शुरू से ही संगत की भावनाओं की कदर करता है। पार्टी संरक्षक प्रकाश सिंह बादल, राष्ट्रीय प्रधान सुखबीर सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीबा हरसिमरत कौर बादल ने हरियाणा को पूरा सत्कार दिया है। पहले भी रघुजीत सिंह विर्क को सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष का उत्तरदायित्व दिया था और अब फिर से पार्टी हाईकमान ने रघुजीत सिंह विर्क करनाल को यह पद देकर हरियाणा की संगत को नववर्ष का अनमोल उपहार दिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक, पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल, पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान सुखबीर सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीबा हरसिमरत कौर बादल का आभार जताते हुए कहा कि बिना किसी पक्षपात के शिरोमणि अकाली दल सदैव हरियाणा को साथ लेकर चला है।


बधाई देते शिरोमणि अकाली दल महिला विंग हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष बीबी रविंदर कौर, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना और सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह।

# शिक्षा बोर्ड के कैंपस में कूड़े-कचरे से कम्पोस्ट खाद तैयार करने का लगाया लघु संयंत्र

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव कृष्ण कुमार द्वारा बोर्ड परिसर में कम्पोस्ट खाद तैयार करने के लिए लघु संयंत्र का उद्घाटन किया गया। सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 लागू किया है, जिसके तहत घर-घर सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग लेने का प्रावधान है। जिन जगहों से प्रतिदिन 100 किलों से ज्यादा कूड़ा निकलता है उन्हें खुद अपने कचरे का निस्तारण करना होगा। बोर्ड कैम्पस में लगभग 250 आवसीय मकान है, जिनमें से प्रतिदिन लगभग एक क्विंटल सूखा-गीला कूड़ा एकत्रित किया जाता है। बोर्ड कैम्पस में हजारों पेड़-पौधे लगे हुए है, जिनके पत्ते पतझड़ ऋतु में बहुत ज्यादा मात्रा में जमीन/पार्कों में गिरते है। उन्होंने आगे बताया कि इस संयंत्र के माध्यम से सूखा-गीला कूड़ा व पेड़-पौधों से गिरे पत्तों को उपयोग में लाकर कम्पोस्ट खाद तैयार की जाएगी।

# पांच दिवसीय जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का समापन

### समापन पर अंडर-11 और 14 की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भीम** स्टेडियम में जारी पांच दिवसीय जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आज मंगलवार को समापन हो गया। समापन के दौरान अंडर-11 व 14 की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को कांटे की टक्कर दी। प्रतियोगिता के समापन पर डीईओ रामअवतार शर्मा पहुंचे और उन्होंने खिलाड़ियों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई।

प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए एईओ विरेंद्र घणघस ने बताया कि अंडर-14 के 28 से 30 किलाग्राम भार वर्ग में गौरव जीएसएसएस मिताथल ने विक्रांत चक्रवती स्कूल को, 30 से 32 किलोग्राम में अमन एसडी स्कूल ने निखिल आईडल स्कूल को, 32 से 34 किलोग्राम में आकाश वैश्य मॉडल स्कूल ने हर्ष जीएसएसएस कोंट, 34 से 36 किलोग्राम में अमन आदर्श स्कूल ने मयंक जीएस हाई स्कूल को, 36 से 38 किलोग्राम में पुनीत जुगलाल स्कूल ने अभी हैप्पी स्कूल को, 38 से 40 किलोग्राम में जसरीत मोर राजकीय मॉडल स्कूल सेक्टर-13 ने उद्यम सिंह बीपीएस को, 40 से 42 किलोग्राम में अमरजीत जीएमएस बवानीखेड़ा ने कृष्णा जीएसएसएस भिवानी को, 42 से 44 किलोग्राम में रजत डीएवी स्कूल ने दिलजीत संगम स्कूल को, 44 से 46 किलोग्राम नितिन हैप्पी स्कूल ने हिमांशु डीबीएम बामला को, 46 से 48 किलोग्राम में हर्ष हैप्पी स्कूल ने ईशांत जीएसएसएस तिगड़ाना को, 48 से किलोग्राम भार वर्ग में लक्की हैप्पी स्कूल ने दक्ष जनसेवा स्कूल को हराया।

# सरकारी स्कूल हरिगढ़ किंगन में जूनियर रेडक्रॉस गतिविधि का आयोजन

**पीएल वर्मा।** कैथल।

आज मानव जन कल्याणकारी योजनाओं से विश्व स्तरीय संस्था रेडक्रॉस की महानता जानी जाती है। यह संस्था जन सहयोग और सेवा की मिसाल है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य लक्ष्य शांति से मानवता की ओर अच्छे प्रयास का है।

यह बात जिला जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर गोल्ड मेडलिस्ट प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने सरकारी स्कूल हरिगढ़ किंगन में स्कूल जूनियर रेडक्रॉस टीम को जानकारी देते हुए कही। झींजर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी चंद्रकला के दिशा निर्देशन में स्कूल जूनियर रेडक्रॉस गतिविधियों को राज्य स्तर पर एक विशेष पहचान प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनी है। झींजर ने कहा कि जूनियर रेडक्रॉस ग्रुप विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता की भावना से कार्य करता है जो विद्यार्थियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा के अंतर्गत आता है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में एनएसएस और एनसीसी की तरह जेआरसी ग्रुप हर गतिविधि में अग्रणी भूमिका रखता है। जिससे स्कूल स्तर पर खेलकूद गतिविधियों एवं जागरुकता अभियानों से विद्यार्थियों की प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर मगनलाल ने इन सह पाठयक्रम गतिविधियों को स्कूली शिक्षा का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास अनेक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के आयोजन पर निर्भर करता है। डॉक्टर मगन लाल ने कहा कि आज विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ जागरूकता और प्रतियोगिता के मंच की आवश्यकता है। जो हर एक प्रतिभावान अध्यापक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जूनियर रेड क्रॉस गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता पर अपने विचार भी अभिव्यक्त किए। स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश ने स्कूल जूनियर रेड क्रॉस गतिविधियों के साथ-साथ समुचित शिक्षण प्रबंधन की भरपूर तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्कूल में विद्यार्थियों के विकास लिए हर संभव प्रयास और अवसर जुटाए जाते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापिका विजयलक्ष्मी, श्यामलाल बेरवाल, चंद्रभान वर्मा, सरोज बाला, विजय ठाकुर, तरनजीत कौर, प्रोमिला रानी, सरोज बाला, नवनीत बाला, उर्मिला देवी, विमला देवी, जेआरसी काउंसलर जतिंदर सिंह, बलकार सिंह, धर्म सिंह, बलजीत सिंह आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



जूनियर रेडक्रॉस गतिविधि का आयोजन करते स्कूली विद्यार्थी तथा जिला जेआरसी काउंसलर झींजर।

# कू एप की लॉन्चिंग हम सभी के लिए गर्व की बात : पीयूष गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कू एप ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में जिस मजबूती से कदम रखा है, वह गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित राइज-स्टार्टअप टू यूनिकॉर्न कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश में सफल हो रहे नए स्टार्टअप्स की सराहना की।

एक निजी हिंदी टीवी चैनल द्वारा आयोजित इस समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्य मंत्री नरेंद्र तोमर और अर्जुन मेघवाल भी मौजूद रहे। बता दें कि कू एप आम लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यूजर अपने विचार अपनी भाषा में व्यक्त करने के लिए स्वदेशी कू एप का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

जी हिंदुस्तान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कू एप के सीईओ और सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण को भी सम्मानित किया। कू एप के बनने से मशहूर हस्तियों, खिलाड़ियों और अन्य जाने-माने लोगों ने इस पर पर अपना अकाउंट बना कर अपनी भाषा में संवाद शुरू कर दिया है। मसलन, भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली, पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन, वीरेंद्र सहवाग और कई बड़े क्रिकेटर अब कू एप के जरिए अपनी ही भाषा में लोगों से जुड़ रहे हैं। इसी तरह, अभिनेता टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन और श्रद्धा कपूर इस भारतीय ऐप के माध्यम से लोगों से बात करते हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश के 16 मुख्यमंत्री कू एप का इस्तेमाल करते हैं।

# विपक्षी सदस्यों की माफी का सवाल नहीं

# निलंबन रद्द हो, माफी मांगे सरकार : कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 12 राज्यसभा सदस्यों के निलंबन की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कहा कि विपक्ष के सदस्यों की ओर से माफी मांगने का सवाल नहीं है, क्योंकि सरकार संसदीय नियमों का उल्लंघन करके और गलत ढंग से निलंबन का प्रस्ताव लाई जिसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि निलंबन रद्द किया जाना चाहिए ताकि सदन सुचारू रूप चल सके।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में जनता की बात उठाने के लिए माफी बिल्कुल नहीं मांगी जा सकती। उन्होंने ट्वीट किया, किस बात की माफी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं। इस मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस ने वाकआउट किया। पार्टी ने राज्यसभा में कार्यवाही का पूरे दिन तक बहिष्कार किया। कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा, सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटा है, ताकि विपक्ष जनता के मुद्दों पर उससे सवाल नहीं करे। षड्यंत्र के तहत निलंबन करवाया गया है। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया, कुछ सदस्यों को पिछले सत्र के दौरान की घटना के समय नामित गया था, लेकिन उन्हें निलंबित नहीं किया गया। मसलन, प्रताप सिंह बाजवा। क्योंकि अगर किसानों के लिए बाजवा जी निलंबित होते तो पंजाब में उनका नाम होता। इसलिए राजनीतिक आकलन के आधार पर लोगों को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि निलंबन तत्काल रद्द किया जाए और सरकारी माफी मांगे कि निलंबन का प्रस्ताव गलत ढंग से रखा गया था।

गोहिल ने यह भी कहा कि विपक्षी सदस्यों की ओर से माफी मांगने का सवाल नहीं उठता क्योंकि गलती सरकार की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समान विचारधारा वाली पार्टियों के नेताओं के संपर्क में हैं। हम नियमित रूप से बैठक करेंगे और सदन में सरकार को मनमानी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा, अगर सरकार कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक पर चर्चा कराती तो उसका कच्चा-चिट्ठा खुल जाता। सदन में विपक्ष उसे नहीं कर पाएं, इस वजह से चर्चा के बिना ही विधेयक पारित करा दिया गया। गोहिल ने कहा कि कांग्रेस सदन चलने समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर संसद में किसानों के मुद्दे, कोरोना महामारी में मारे गए लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा देने, महंगाई और दूसरों मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि निलंबित किए गए राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों को दुर्व्यवहार के लिए उच्च सदन के भीतर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ये सदस्य सभापति और सदन से माफी मांग लेते हैं तो फिर सरकार उनके प्रस्ताव (निलंबन रद्द करने के) पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए तैयार है।



जनता की बात उठाने को माफी नहीं मांगी जा सकती : राहुल गांधी

## राज्यसभा के 12 सदस्यों के निलंबन के विरोध में दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों का वॉकआउट

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने के विरोध में मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में कांग्रेस समेत अन्य कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया, वहीं उच्च सदन में सभापति के माफी मांगने के लिए कहने के बाद सदस्यों ने पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। वॉकआउट के बाद विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस समेत 16 राजनीतिक दलों के नेताओं ने राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर मंगलवार को सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की और इन सदस्यों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पहुंचे नेताओं से नायडू ने कहा कि सदन में सुगम तरीके से कामकाज चले बिना और सदस्यों के आचरण के लिए उनके माफी मांगे बिना यह संभव नहीं है।

## जब तक क्षमा नहीं मांगते, निलंबित सदस्यों को माफ नहीं किया जा सकता: गोयल

**नई दिल्ली।** अनुचित आचरण के लिए राज्यसभा से 12 सदस्यों के निलंबन का जहां विपक्षी दल भारी विरोध कर रहे हैं वहीं भाजपा ने इस फैसले को उचित ठहराते हुए मंगलवार को कहा कि कम से कम इतना तो जरूरी था।

केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि उनका यह कहना कि निलंबित सदस्य किस बात की माफी मांगे, दर्शाता है कि वह सदन में महिला सुरक्षाकर्मियों हमले जैसी आचरण को जायज ठहरा रहे हैं। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी को यह क्यों नहीं लगता कि उन्हें (निलंबित सदस्यों) माफी मांगनी चाहिए या वह उनके आचरण को जायज ठहरा रहे हैं? राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 12 राज्यसभा सदस्यों के निलंबन की पृष्ठभूमि में कहा कि संसद में जनता की आवाज उठाने के लिए माफी बिल्कुल नहीं मांगी जा सकती। उन्होंने ट्वीट किया, किस बात की माफी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं। दरअसल, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले कहा था कि निलंबित किए गए राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों को दुर्व्यवहार के लिए उच्च सदन के भीतर माफी मांगनी चाहिए।

# निलंबित सदस्यों को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं : नायडू

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राज्यसभा** के सभापति एम वेंकैया नायडू ने, संसद के मॉनसून सत्र के दौरान उच्च सदन में अशोभनीय आचरण करने के कारण शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए जाने के फैसले को मंगलवार को उचित ठहराया और कहा कि निलंबित सदस्यों को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। नायडू ने यह भी कहा कि सभापति होने के नाते किसी पर कार्रवाई करने में उन्हें खुशी नहीं होती लेकिन इसके साथ ही उनकी भी जवाबदेही है।

शून्यकाल के दौरान विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जब यह मुद्दा उठाया और सभापति से 12 विपक्षी सदस्यों का निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया तब नायडू ने कहा यह निलंबन आसन की ओर से नहीं, सदन की ओर से किया गया है। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों ने अपने किए पर किसी तरह का पछतावा जाहिर नहीं किया बल्कि अपने किए को उचित ठहराया। खड़गे की, 12 सदस्यों का निलंबन समाप्त करने की अपील अस्वीकार करते हुए सभापति ने कहा निलंबन का प्रस्ताव रखा गया, उसे मंजूरी दी गई, कार्रवाई की गई, यह अंतिम है। उन्होंने कहा आप सदन को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, हंगामा करते हैं, सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालते हैं.... (महासचिव की) मेज पर से दस्तावेज उठाए गए, कागज फाड़ कर आसन की ओर उछाले गए, कुछ सदस्य (महासचिव की) मेज पर तक चढ़ गए... इसके बाद आप मुझे उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि निलंबन रद्द करने की नेता प्रतिपक्ष की अपील विचार करने योग्य है। इस पर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के सदस्यों ने विरोध जताया। इन दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए वाकआउट कर दिया।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि संसद के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी गई और वह हंगामा करने के लिए बाध्य हुए। ओ ब्रायन ने कहा कि सत्ता पक्ष के 80 सदस्यों को निलंबित किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने कुछ मुद्दों पर चर्चा बाधित की। इसके बाद उन्होंने और उनकी पार्टी के सदस्यों ने भी वाकआउट कर दिया। शून्यकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के विशंभर प्रसाद निषाद ने अपना मुद्दा उठाया और अपनी बात रखने के बाद उन्होंने भी विपक्षी दलों के 12 सदस्यों के निलंबन के विरोध में वाकआउट किया। सभापति नायडू ने कहा कि सदन और सभापति ऐसे मामलों में कार्रवाई के लिए अधिकृत हैं और इसी के तहत सदन ने सोमवार को सदस्यों को निलंबित करने का फैसला किया। उन्होंने कहा जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है, घटना के दिन उनके नाम भी लिए गए थे, उन्हें अपने स्थान पर लौट जाने की अपील भी की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का सार्वजनिक क्लाउड सेवा बाजार 2025 तक 10.8 अरब डॉलर का होगा: आईडीसी

**नई दिल्ली।** भारत का सार्वजनिक क्लाउड सेवा बाजार 2020-25 के दौरान 24.1 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 2025 तक 10.8 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। क्लाउड सर्विसेज का मतलब सार्वजनिक इंटरनेट पर तीसरे पक्ष के प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जाने वाली कंप्यूटिंग सेवाओं से है जिनका इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। भारत के सार्वजनिक क्लाउड सेवा (पीसीएस) बाजार में इंफ्रास्ट्रक्चर-एज-ए-सर्विस (आईएएएस), प्लेटफॉर्म-एज-ए-सर्विस (पीएएस) समाधान और सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास) शामिल हैं। आईडीसी ने बताया कि 2021 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में उसका कुल राजस्व 2.2 अरब डॉलर था। आईडीसी इंडिया की सहायक अनुसंधान निदेशक (क्लाउड और कृत्रिम मेधा) रिशु शर्मा ने कहा, 'नवाचार, सहयोग एवं डिजिटल परिवर्तन के लिए क्लाउड आधारभूत स्तंभ बना हुआ है और इसे भारत में उद्यमों द्वारा तेजी से अपनाया जा रहा है।'

### दुबई एक्सपो में भारत का पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

**दुबई।** पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ सजावटी और अन्य घरेलू सामानों का उत्पादन करने वाली स्टार्टअप बिया की युवा संस्थापक इंडिया पवेलियन के इंडिया इनोवेशन हब में अपनी खुशी को छिपा नहीं पा रही हैं। उनके काम को दुबई एक्सपो में काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। प्रवेश द्वारा लगी लंबी कतारों से पता चलता है कि एक्सपो-2020 में भारतीय पवेलियन के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है। कंपनी के दो संस्थापकों में से एक पूजा सिंह कहती हैं कि इंस्टाग्राम पर केवल चार घंटों में उनके 100 विजिटर और 50 से अधिक फॉलोअर्स हो गए हैं। उनकी कारोबारी भागीदार प्रतीशा मलिक भी इस बात से सहमति जताती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने और भारतीय यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन) की संख्या में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का लगातार जिक्र करते रहे हैं। ऐसे में भारत ने दुबई एक्सपो में अपने मंडप में बड़ी संख्या में नए उद्यमों को जगह देने का प्रयास किया है। दुबई एक्सपो का आयोजन अक्टूबर-मार्च के दौरान होता है। पवेलियन के संचालकों का कहना है कि अब तक 84 ऐसे स्टार्टअप को जगह दी गई है और एक्सपो खत्म होने तक उनकी संख्या 500 तक जा सकती है।

### आनंद राठी वेल्थ का आईपीओ दो दिसंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** मुंबई की वित्तीय सेवा कंपनी आनंद राठी की इकाई आनंद राठी वेल्थ का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दो दिसंबर को खुलेगा। कंपनी ने अपने 660 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 530-550 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि तीन दिन का आईपीओ छह दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ के तहत प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 1.2 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। आईपीओ के तहत 2.5 लाख शेयर कर्मचारियों के लिए आरक्षित रहेंगे। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर आईपीओ से 660 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद है।

### चीन में नवंबर में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार

**बीजिंग।** चीन में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर में सुधार हुआ है। बिजली की स्थिति में सुधार और ऑर्डर बढ़ने की वजह से विनिर्माण गतिविधियां तेज हो रही हैं। एक उद्योग समूह तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी का मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक नवंबर में बढ़कर 50.1 हो गया है। यह अक्टूबर में 49.2 पर था। पिछले दो माह के दौरान यह सूचकांक 50 से नीचे रहा था। आंकड़ों के अनुसार, उत्पादन का मापक नवंबर में 3.6 अंक बढ़कर 52 पर पहुंच गया, जिससे पता चलता है कि विनिर्माण गतिविधियों में सुधार आ रहा है। कैपिटल इकनॉमिक्स की शीना यूई ने एक रिपोर्ट में कहा, बिजली संकट की स्थिति में सुधार के बाद नवंबर में विनिर्माण गतिविधियां तेज हुई हैं। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रॉन की वजह से देश में पुनरुद्धार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### गो फैशन का शेयर 91 फीसद की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में मंगलवार को गो फैशन का शेयर अपने निर्गम मूल्य 690 रुपये पर करीब 91 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 90.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,316 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 94.34 प्रतिशत के लाभ से 1,341 रुपये पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 89.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,310 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। महिलाओं के परिधान ब्रांड गो कलर्स का स्वामित्व रखने वाली कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले सप्ताह 135.46 गुना का अभिदान मिला था। कंपनी के 1,013.6 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 655 से 690 रुपये प्रति शेयर था।

### जापान में कोरोना के नए स्वरूप के पहले मामले की पुष्टि

**टोक्यो।** जापान में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आने की मंगलवार को पुष्टि हुई। एक अधिकारी ने बताया कि नामीबिया से हाल में लौटे व्यक्ति के इस नए स्वरूप से संक्रमित होने की जानकारी सामने आई है। मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने कहा कि रविवार को नरीता हवाई अड्डे पहुंचा 30-32 साल का एक युवक जांच में संक्रमित पाया गया। उसे अलग कर दिया गया तथा उसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मात्सुनो ने निजता कारणों से उसकी नागरिकता के बारे में नहीं बताया। राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान में एक जीनोम विश्लेषण में मंगलवार को पुष्टि हुई कि वह कोरोना वायरस के उस नए स्वरूप से संक्रमित है, जिसकी पहली बार दक्षिण अफ्रीका में पहचान की गई।

### इमारत में लगी आग, दो बच्चों समेत चार की मौत

**मेड्रिड।** स्पेन के बार्सिलोना में मंगलवार को एक इमारत में आग लगने से एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों में एक साल तथा तीन साल के दो बच्चे शामिल हैं। बार्सिलोना सिटी हॉल की प्रवक्ता ने कहा कि चार लोगों को बचाया गया है और उनका इलाज चल रहा है। अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। प्रवक्ता ने कहा कि इमारत के भीतर और लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना मंगलवार सुबह छह बजे मिली।

# टीईटी पेपर लीक मामला: यूपी एसटीएफ ने प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को किया गिरफ्तार

**एजेंसी।** नोएडा

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 (यूपीटीईटी 2021) के पेपर लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ (नोएडा इकाई) ने दिल्ली स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना सूरजपुर में एसटीएफ के द्वारा विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नोएडा इकाई के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजकुमार मिश्रा ने बताया कि 28 नवंबर 2021 को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा होनी थी। परीक्षा वाले दिन प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर आ गया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपी सरकार ने परीक्षा रद्द कर दी, तथा पेपर लीक करवाने में शामिल कई लोगों को यूपी में विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने टीईटी परीक्षा के दिल्ली में पेपर छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के मालिक राय अनूप प्रसाद को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से गोरखपुर के निवासी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने मंगलवार को संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, संसद में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा जी से शानदार मुलाकात हुई। हालांकि इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच किन मुद्दों पर बातचीत हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। बाद में देवेगौड़ा ने ट्वीट कर इस मुलाकात को स्नेहपूर्ण बताया और समय देने के लिए ओर गर्मजोशी से मिलने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। साझा की गई तस्वीरों में प्रधानमंत्री मोदी को देवेगौड़ा का स्वागत करते हुए और फिर हाथ पकड़कर बिठाते हुए देखा जा सकता है।

# चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड भंग, पुरोहितों ने किया स्वागत

**एजेंसी।** देहरादून

**लंबे** समय से आंदोलनरत तीर्थ पुरोहितों की मांग को मानते हुए उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को विवादास्पद चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग कर दिया। अस्तित्व में आने के ठीक दो साल बाद देवस्थानम बोर्ड के भंग होने का जहां तीर्थ पुरोहितों और साधु संतों ने स्वागत किया। वहीं, मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने इसे आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से लिया गया फैसला बताया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट किया, आप सभी की भावनाओं, तीर्थपुरोहितों, हक-



हकूकधारियों के सम्मान एवं चारधाम से जुड़े सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए मनोहर कांत ध्यानीजी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड अधिनियम वापस लेने का फैसला किया है। इससे पहले, ध्यानी समिति ने रविवार शाम को अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी, जिसका उन्होंने परीक्षण कर जल्द निर्णय लेने की बात कही थी। चारों हिमालई धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों के देवस्थानम बोर्ड को भंग करने को लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन के मद्देनजर धामी ने सत्ता संभालते ही भाजपा नेता ध्यानी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। बोर्ड के गठन को अपने पारंपरिक अधिकारों का हनन बताते हुए चारों धामों के तीर्थ पुरोहित इसे भंग करने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे थे। निकट आ रहे विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्होंने आंदोलन तेज करने की धमकी दी थी। धामी सरकार के इस निर्णय को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

# जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही केंद्र सरकार: मायावती

**एजेंसी।** लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही है और उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही और उनमें डर पैदा कर रही है।



मंगलवार को बसपा के लखनऊ कार्यालय में पार्टी के ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), मुस्लिम और जाट समाज के मुख्य और मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद मायावती ने जातिवार जनगणना का समर्थन करते हुए पत्रकारों से कहा कि ओबीसी समाज की जातिवार जनगणना कराने की मांग से बसपा पूरी तौर से सहमत है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा जातिवादी मानसिकता के चलते नजरअंदाज किया जा रहा है। मायावती ने यह बैठक उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 86 विधानसभा सीटों में मुस्लिमों और जाट समुदाय को जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा के लिए बुलाई थी। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा पर मुसलमानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए।

## राष्ट्रव्यापी एनआरसी को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) तैयार करने के बारे में अब तक कोई फैसला नहीं किया गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), 2019 को 12 दिसंबर , 2019 को अधिसूचित किया गया था और यह 10 जनवरी, 2020 को अमल में आया। मंत्री ने कहा कि नियमों के अधिसूचित होने के बाद लोग इस कानून के तहत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# वृंदावन में पांच और विदेशी महिलाओं कोरोना संक्रमित मिलीं

**एजेंसी।** मथुरा

**मथुरा** जिले के वृंदावन में रह रहीं पांच और विदेशी महिलाओं के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। वृंदावन में इससे पहले कोविड-19 के चार मामले आए थे। जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद सिंह ने बताया, वृंदावन के गिरिधर धाम आश्रम में एक-एक कर चार मामले संक्रमण के आए थे और सोमवार को यहां पांच और लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया, उक्त आश्रम को पहले ही निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब संक्रमित विदेशी नागरिकों को आश्रम में ही पृथकवास में रखा गया है। सिंह ने बताया, वृंदावन में शनिवार को लिथुआनिया की रहने वाली 30 वर्षीय महिला संक्रमित पाई गई थी। इसके बाद रविवार को स्विट्जरलैंड की महिला व स्पेन का एक पुरुष संक्रमित पाया गया। फिर सोमवार सुबह ऑस्ट्रियाई सैलानी की पॉजिटिव रिपोर्ट मिली और शाम होते-होते पांच अन्य के कोरोना वायरस के चपेट में आने की पुष्टि हुई।

# संतृप्त वसा से ह्दय रोग का जोखिम, देखना होगा कि वे कि खाद्य पदार्थों से आते हैं

**एजेंसी।** कैम्ब्रिज (द कन्वरसेशन)

शोध



मारिका स्टीर और नीता फोरौही द्वारा, कैंब्रिज विवि में एमआरसी महामरी विज्ञान इकाई

**ह्दय** रोग दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है और यह प्रति वर्ष लगभग 90 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार होता है, लेकिन इसे रोका जा सकता है, और इसके लिए स्वास्थ्य व्यवहार में बदलाव जैसे कि अधिक व्यायाम करना, धूम्रपान छोड़ना और स्वस्थ भोजन करना की अक्सर सिफारिश की जाती है। ह्दय रोग से बचाव के लिए आमतौर पर विशेषज्ञों द्वारा जिस आहार की अनुशंसा की जाती है उसमें सेचुरेटेड फैट या संतृप्त वसा की मात्रा कम करने के लिए कहा जाता है। इसके अलावा पॉलीअनसेचुरेटेड वसा (जो आमतौर पर मेवों, वनस्पति तेल और मछली में पाया जाता है) के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है और इसे अधिक स्वस्थ माना जाता है।

लेकिन हमारे नए शोध से पता चलता है कि केवल संतृप्त वसा की मात्रा पर ध्यान देने के बजाय, हमें यह भी देखना चाहिए कि संतृप्त वसा किन खाद्य स्रोतों से आ रही है। अब तक, संतृप्त वसा पर अधिकांश शोध पूरी तरह से संतृप्त वसा और ह्दय रोग के साथ इसके संबंध को देखने पर केंद्रित है, लेकिन खाद्य पदार्थों में कई अलग-अलग प्रकार के पोषक तत्व होते हैं। यही कारण है कि केवल संतृप्त वसा पर विचार करने के बजाय, यह जांचना महत्वपूर्ण है कि संतृप्त वसा वाले कौन से खाद्य पदार्थ ह्दय रोग से जुड़े हैं। हमारा शोध इसी विषय पर है। हमारा शोध कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के ईपीआईसी-सीवीडी अध्ययन के आंकड़ों पर आधारित था, जिसमें दस यूरोपीय देशों में मध्यम आयु वर्ग के लोगों के ह्दय स्वास्थ्य का अध्ययन किया गया था। इसमें 10,529 प्रतिभागी शामिल थे जिन्हें अध्ययन के दौरान ह्दय रोग का सामना करना पड़ा, जिनकी तुलना हमने 16,730 अन्य प्रतिभागियों से की, जिन्हें ऐसा कुछ नहीं हुआ।

प्रतिभागियों को ईपीआईसी अध्ययन के 385,747 प्रतिभागियों में से औचक रूप से चुना गया था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे निष्कर्ष संपूर्ण अध्ययन आबादी के प्रतिनिधि थे। हमने अपने विश्लेषण के हिस्से के रूप में उनकी आहार संबंधी आदतों के आंकड़ों को भी देखा। हमने विभिन्न कारकों को ध्यान में रखना सुनिश्चित किया है जो ह्दय रोग से संबंधित हो सकते हैं, जैसे कि किसी व्यक्ति की उम्र, लिंग, शारीरिक गतिविधि का स्तर, चाहे उन्होंने धूम्रपान किया हो या शराब पी हो और क्या वे अधिक वजन वाले या मोटे थे। इसने इस संभावना को कम कर दिया कि वसा की खपत और ह्दय रोग के बारे में हमारे निष्कर्षों को वास्तव में इन अन्य कारकों से जोड़ा जा सकता है।

हमें संतृप्त वसा प्रतिभागियों की खपत की मात्रा और ह्दय रोग के विकास के जोखिम के बीच कोई समग्र संबंध नहीं मिला। लेकिन यह तस्वीर अलग थी जब हमने उन खाद्य पदार्थों को देखा जो संतृप्त वसा के विशिष्ट स्रोत हैं। हमने पाया कि जो लोग रेड मीट और मक्खन से मिलने वाली संतृप्त वसा अधिक खाते हैं, उनमें ह्दय रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। इसके विपरीत पनीर, दही और मछली से संतृप्त वसा अधिक खाने वाले लोग ह्दय रोग के कम जोखिम से जुड़े थे। ये निष्कर्ष इन खाद्य पदार्थों और ह्दय रोग के बीच संबंध के बारे में पहले के शोधों के अनुरूप हैं। ये निष्कर्ष हमें दिखाते हैं कि ह्दय रोग और संतृप्त वसा के बीच की कड़ी इस बात पर निर्भर करती है कि यह किन खाद्य स्रोतों से आता है।

## एक से अधिक पोषक तत्व

भोजन में कई अलग-अलग पोषक तत्व, विटामिन, खनिज और गुण होते हैं जो कुछ बीमारियों को रोकने या पैदा करने के लिए एक साथ कार्य कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, हालांकि पनीर और दही में संतृप्त वसा होती है, लेकिन उनमें विटामिन के2 और प्रोबायोटिक्स जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। इनमें से प्रत्येक पोषक तत्व विभिन्न तरीकों से ह्दय रोग के जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं। पिछले अध्ययनों से यह भी पता चला है कि जब ह्दय रोग की बात आती है तो संतृप्त वसा के विभिन्न प्रकारों के साथ इस रोग के होने का जोखिम अलग होता। उदाहरण के लिए, पनीर और दही की तुलना में लाल मांस में पामिटिक एसिड (एक उप-प्रकार की संतृप्त वसा) अधिक प्रचुर मात्रा में होता है। अनुसंधान से पता चलता है कि यह हमारे रक्त में परिसंचारी कोलेस्ट्रॉल के स्तर पर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है, जो हृदय रोग के लिए एक प्रसिद्ध जोखिम कारक है। इसके विपरीत, पेंटाडेकेनोइक एसिड (एक अन्य उप-प्रकार की संतृप्त वसा, जो आमतौर पर डेयरी उत्पाद में पाई जाती है) आमतौर पर ह्दय रोग के कम जोखिम से जुड़ा होता है। इससे हमें पता चलता है कि अंततः, हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों में सभी पोषक तत्वों और बायोएक्टिव घटकों (विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स सहित) के संयोजन से हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यही कारण है कि उन खाद्य पदार्थों में मौजूद पोषक तत्वों पर विचार करना महत्वपूर्ण है, जो हम खाते हैं। ह्दय रोग को रोकना कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, धूम्रपान न करना और स्वस्थ आहार अपनाना। लेकिन जैसा कि हमारे शोध से पता चलता है, जोखिम को कम करने के लिए संतृप्त वसा का सेवन कम करना ही पर्याप्त नहीं हो सकता है। इसके बजाय, यह रेड मीट और मक्खन जैसे खाद्य पदार्थों को कम करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के बारे में है जो संतृप्त वसा वाले अन्य खाद्य पदार्थों की तुलना में काफी अधिक जोखिम से जुड़े हैं।

# नोएडा पुलिस ने एटीएम हैकर्स को बीस लाख रुपए और क्रेटा कार लेकर छोड़ा

● डीसीपी क्राइम को सौंपी गई जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

**इंदिरापुरम** थाने की पुलिस व साइबर सेल टीम ने मंगल चौक से एक ऐसे गिरोह को 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो बैंक का एटीएम हैक करके लाखों रुपए निकाल ले लेते हैं।

पकड़े गए आरोपियों ने दावा किया है कि उन्हें पहले नोएडा पुलिस ने पकड़ा था और बीस लाख की रिश्वत और क्रेटा कार लेकर छोड़ दिया। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के बाद डीजीपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है। आरोपियों की पहचान गिरफ्तार किशनगंज बिहार निवासी शाहनवाज व सगीर, मेहराज, मोहम्मद उमर तथा जमीर शेख के रूप में हुई है।

इनके कब्जे से 10 मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड, 2 कार, 1 बुलेट, 16 एटीएम, एक लैपटाप मय चार्जर, 4 मोहर 6 पैनड्राइव, 4 मैमोरी कार्ड, 4 मैमोरी कार्ड रीडर, 2 एमआरएफ 2 हार्डडिस्क, 2 रैम, 1 कीबोर्ड , 1 एटीएम स्कीमर, 2 यूएसबी आदि उपकरण बरामद किए हैं। नोएडा पुलिस की टीम द्वारा एटीएम हैकर को पकड़ कर उनसे 20 लाख रुपये और क्रेटा कार लेकर छोड़ने का मामला सामने आया है।

जनपद गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम की पुलिस की गिरफ्तारी होने पर इन हैकर ने यह खुलासा किया है। एडीजी इंटेलीजेंस मामले की जांच करा रहे हैं।

आरोपियों ने गाजियाबाद में क्रेटा कार से एक वारदात को अंजाम दिया गया था। जब पुलिस ने हैकर गिरोह से इस क्रेटा कार के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह क्रेटा कार नोएडा पुलिस की एसओजी की टीम के पास है। 3इस पर हुई पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्हें करीब तीन माह पहले एसओजी नोएडा की टीम ने पकड़ा था और उस दौरान उनके पास 10 लाख रुपये नकद थे जिसे एसओजी टीम ने ले लिए थे। उसके बाद बदमाशों से 10 लाख रुपये और लेने के लिए एसओजी की एक टीम उनके घर गई थी। पुलिस टीम वहां से 10 लाख रुपये और क्रेटा कार लेकर आ गई थी।

इस पर थाना इंदिरापुरम पुलिस ने हैकर को उनके घर ले जाकर वहां से एसओजी टीम द्वारा क्रेटा कार ले जाने की सीसीटीवी फुटेज भी बरामद कर ली।

इस संबंध में पूरी रिपोर्ट बनाकर डीजीपी मुख्यालय को भेजी जिसे डीजीपी ने गंभीरता से लिया है और इस प्रकरण में जांच बैठाते हुए रिपोर्ट तलब की है। एडीजी इंटेलीजेंस भी पूरे मामले की जांच करा रहे हैं।



### एक्सिस बैंक के एटीएम से निकाली थी नकदी

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले दिनों हयात अली नामक युवक ने इंदिरा इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हैकर्स ने ग्रीन विस्ता सोसाइटी के एक्सिस बैंक का एटीएम मशीन हैंग करके 7 लाख निकाल लिए थे। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और अपराधियों तक पहुंच गई जिन्हें मंगल चौक से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह लोग एक्सिस, टाटा इंडिकेश एटीएम मशीन को पैन ड्राइव के जरिये जैक पॉट आईएसओ सॉफ्टवेयर में डालकर हैक कर लेते हैं और रुपये निकाल लेते हैं।

### रिश्वत में मांग थे 50 लाख रुपये

*जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नोएडा पुलिस ने एटीएम हैकर को छोड़ने के लिए पहले 50 लाख रुपये की मांग की थी लेकिन बदमाशों के पास इतनी रकम ना हो पाने पर डील 20 लाख रुपये में ही करनी पड़ी। हैकर जब एसओजी के पुलिस कर्मियों को अपने घर रुपये देने के लिए लेकर गए तो वहां पर एक नई क्रेटा कार भी खड़ी थी। इस पर तब तक नंबर भी नहीं पड़ा था। एसओजी के पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह कार भी तुमने ठगी के रुपये से खरीदी है और यह कहकर उस कार को भी वह अपने साथ ही लेकर चले गए।*

# नोएडा प्राधिकरण के विकास कार्यों पर 18,239 करोड़ रुपए खर्च




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

**नोएडा** प्राधिकरण ने शहर के विकास के लिए बहुत सी परियोजनायें बनाई हैं। इनमें से कुछ परियोजनायें का लोकार्पण, कुछ परियोजनायें प्रगतिरत और कुछ प्रस्तावित परियोजनायें हैं। इन परियोजनाओं पर नोएडा प्राधिकरण में 18239 करोड़ रुपए खर्च करे हैं। नोएडा प्राधिकरण हर तरह से शहर को विकसित करने के लिए पूर्ण प्रयास कर रहा है। इन सभी परियोजनायें से लोगों को काफी लाभ और सहूलियत मिलेगी।

नोएडा प्राधिकरण 13721 रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण कर चुका है प्राधिकरण ने 8467 करोड़ रुपए की मैट्रो परियोजनायें, जिनमें 5503 करोड़ रुपए की नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो, 997 करोड़ रुपए की बॉटेनिकल गार्डन-कालिंदी कुंज मेट्रो, 1987 करोड़ की लागत से सेंटर-32 से सेक्टर-62 ब्ल लाइन ऐक्सटेंशन मेट्रो परियोजना का निर्माण कराया गया है।

अप्रैल 2017 से अब तक 3062 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण हो चुका है जिनमें 1074 करोड़ रुपए की लागत से 12653 कारों की क्षमता की मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण, 620 करोड़ रुपए की लागत से एक एलिवेटेड रोड और दो स्थानों पर पुलों का निर्माण, 474 करोड़ रुपए की लागत से दो विद्युत सब स्टेशन और विद्युत लाईन का निर्माण, 344 करोड़ रुपए की लागत से 240 बेड जिला चिकित्सालय और कोविड हॉस्पिटल का निर्माण, 161 करोड़ रुपए की लागत से 3 स्थानों पर अण्डरपासों का निर्माण, 189 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम और शूटिंग रेंज का निर्माण और शिल्प हाट का निर्माण, 82 करोड़ रुपए की लागत से शहीद भगत सिंह पार्क, बायोडायवर्सिटी पार्क, औषधी पार्क का निर्माण, 56 करोड़ रुपए की लागत से कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर और ट्रैफिक पार्क पुलिस आयुक्त कार्यालय का निर्माण, 8 करोड़ रुपए की लागत से 2 स्थलों पर लाईट एण्ड साउण्ड शो आदि महत्वपूर्ण परियोजनायें पूर्ण कराकर लोकार्पित की गई हैं।

# बाजारों से हटाया गया अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**नगर** निगम ने दिल्ली गेट से चोपला मंदिर तक व चोपला मंदिर से सिहानी गेट पुलिस चौकी तक अतिक्रमण हटाया।

सिटी जोन के जोनल प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि रोड को जाम कर पटरी पर सामान रख अतिक्रमण करने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थी। पटरी पर रखा सामान जो अतिक्रमण किया गया था। उसे हटाया गया तथा मुख्य रोड पर कुछ लोगों ने बैनर पोस्टर आदि लगाकर सड़क पर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था, सिहानी गेट पुलिस चौकी नवयुग मार्केट व नगर निगम ईटीएफ स्टाफ व प्रवर्तन दल के सहयोग से राजस्व निरीक्षक अनुज कुमार व क निरीक्षक द्वितीय श्जितेन चौहान के माध्यम से हटवाया गया।



अभियान में 5 मेज 6 काउंटर अवैध रूप से लगाए गए 20 जानवरों को भी हटाया तथा मौके पर मौजूद लोगों को चेतावनी दी गई कि रोड पटरी पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण ना करें जिससे कि मार्ग अवरुद्ध ना हो तथा आवागमन में किसी प्रकार की समस्या पैदा ना हो।

# लोनी विधायक ने भाकपा नेत्री वृंदा करात के खिलाफ पुलिस में दी तहरीर

**गाजियाबाद।** लोनी के भाजपा विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने भाकपा नेता वृंदा करात के खिलाफ लोनी थाने में दी तहरीर दी है। इस तहरीर में विधायक ने वृंदा करात पर गो तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वृंदा व धौलाना के विधायक असलम चौधरी गो तस्करों के सरगना है और देश मे साम्प्रदायिक माहौल खराब कर रहे हैं। साथ ही गौ-तस्करों के खिलाफ सख्ती करने वाली पुलिस का मनोबल भी तोड़ रही है।

वृंदा करात 26 नवम्बर को लोनी में गौकशी करने वाले आरोपियों के परिवार से भेंट की थी। तहरीर में नन्दकिशोर ने कहा है कि वृंदा करात के आगमन के बाद हुई गौतस्करों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

# प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को किया गिरफ्तार

**पेपर लीक मामला**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ष 2021 के पेपर लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ नोएडा यूनिट ने दिल्ली स्थित प्रिंटिंग प्रेस के मालिक को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में थाना सूरजपुर में एसटीएफके के द्वारा विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उत्तर प्रदेश विशेष कार्य दल एसटीएफ के नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि 28 नवंबर वर्ष 2021 को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा सुबह व शाम की दो पारियों में आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि इसमें 21 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा वाले दिन प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा रद्द कर दी, तथा पेपर लिक करवाने में शामिल कई लोगों आनंद गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह, अमर सिंह, अंकित कुमार, धर्मदास, अनूप, संतोष तिवारी, प्रबल सिंह चौहान, अजीत वर्मा, रोहित, पप्पू आर्य, अविनाश, सौरव सिंह, बृजेश कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, वजेंद्र कनौजिया, ललित कुमार, संजय कुमार, बिट्टू कुमार, सोनू कुमार आदि को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने टीईटी परीक्षा के दिल्ली मे पेपर छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिक राय अनूप प्रसाद मूल निवासी जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया है। इनकी दिल्ली के ओखला में प्रिंटिंग प्रेस है।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि कोलकाता, नोएडा, दिल्ली में स्थित विभिन्न प्रिंटिंग प्रेसों मे टीईटी की परीक्षा के प्रश्न पत्र छपवा गए थे। इस मामले में एसटीएफ की तरफ से पांच प्रिंटिंग प्रेस के कर्ता-धर्ताओं के खिलाफ थाना सूरजपुर में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा किया थाए कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के पेपर लिक करवाने में शामिल लोगों के घरों व कार्यालयों पर बुलडोजर चलवागे। गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद इस बात की चर्चा है कि इस अपराध में संलिप्त लोगों की संपत्ति कुर्क होगी।

# भाजपा समर्थक किसान मोर्चा ने निकाली ट्रैक्टर रैली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**बेशक** भारतीय किसान यूनियन गाजीपुर बॉर्डर से संसद भवन तक ट्रैक्टर रैली नहीं निकाल पाई लेकिन नए कृषि कानूनों की वापसी के बाद भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली में महानगर क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। रैली में किसानों की भीड़ देख भाजपाई गदगद हो उठे । इस मौके पर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि किसान सरकार के साथ हैं। आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार सबका विकास, सबका विश्वास की तर्ज पर ईमानदार सोच के साथ कार्य कर रही है।

### कृषि कानूनों को दिया सकारात्मक संदेश

इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चे के जरिए यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के साथ उन्नत खेती के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस ट्रैक्टर रैली के माध्यम से हम सच्चे और ईमानदार किसानों का सकारात्मक संदेश देना चाहते हैं।

इस मौके पर विधायक अजित पाल त्यागी, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, रुद्रप्रताप सिंह त्यागी, वीरेश्वर त्यागी, विजय मोहन, सिमल शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश शर्मा, कामेश्वर त्यागी, तरुण शर्मा, करण, राजेश वर्मा, प्राची शर्मा, स्मृति राय, अम्बरीश त्यागी, आशा सिंह, रनिता सिंह, तारा जोशी, धर्मेंद्र कुमार, विपिन सैनी, लीलू प्रधान, गौरव चौधरी, नवनीत गुप्ता, दयानन्द बंसल, सिद्धार्थ गुप्ता, मूलचंद त्यागी, प्रदीप चौधरी, नीरज गोयल, श्री कांत पाल, वीरेंद्र कुमार कंडेरा सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे ।

## पुलिस से मुठभेड़ के बाद चार डकैतों गिरफ्तार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने कथित डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को नोएडा फेस-3 थाना क्षेत्र से सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से एक आरोपी घायल हुआ है। अपर पुलिस उपायुक्त इलामारन ने मंगलवार को बताया कि नोएडा फेस-3 थाने की पुलिस को सूचना मिली कि, गढ़ी गांव के गोल चक्कर के पास कुछ बदमाश फैक्ट्रियों में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं, जिसके आधार पर वहां छापेमारी की कार्रवाई की गई। इलामारन ने बताया कि एक गोली नीरज नामक बदमाश को लगी जो बुलंदशहर का निवासी है और उसका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, कई घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में सोमव रात हुए अलग-अलग हादसो में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बीती रात प्रवीण तथा सुमित नामक दो युवक स्कूटी पर सवार होकर नोएडा सेक्टर 12 की तरफ जा रहे थे। जैसे ही शिवानी फर्नीचर चौराहे पर पहुंचे, नोएडा सेक्टर 10 की लाल बत्ती की तरफ से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में प्रवीण और सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान प्रवीण की मौत हो गई। प्रवक्ता बताया कि नोएडा सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के सेक्टर- 55 में हुए एक अन्य सड़क हादसे में रितिक (24) नामक युवक की मौत हो गई।

ईकोटेक- 3 थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में अंकित कुमार की मौत हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा सेक्टर-58 क्षेत्र के नवादा गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों नोएडा प्राधिकरण में सफाई कर्मी के रूप में काम करते हैं। एक्सप्रेस-वे क्षेत्र थाना के हाजीपुर अंडरपास के पास एक ट्रक व कैंटर टकरा गए। इस घटना में कैंटर के चालक दीपक व परिचालक मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जज के घर से 50 पानी की टोटियां चोरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

**नोएडा** के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-105 में रहने वाले हाई कोर्ट के जज के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पानी की टोटियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

वहीं थाना 39 क्षेत्र के दो घरों मे चोरी हो गई। थाना सेक्टर.39 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहर सिंह ने बताया कि सेक्टर-105 में जस्टिस विनोद कुमार राय का मकान है। उनके मकान के केयरटेकर तेजबीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर पानी की 50 कीमती टोटियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर 41 के जे. ब्लॉक में रहने वाले अश्विनी कुमार दुबे एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात को अज्ञात चोरों ने उनके घर से उनका लैपटॉप और मोबाइल फोन आदि चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन घरों से उड़ाया लाखों रुपए का माल

वरिष्ठ उप निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर 100 के सेंचुरी अपार्टमेंट में रहने वाले कुमार अभिमन्यु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी के साथ डॉक्टर के पास गए थे। जब वह देर रात को घर लौट कर आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनके फ्लैट का ताला तोड़कर उनकी अलमारी में रखे लाखों रुपए कीमत के आभूषण और नकदी आदि चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 25 हजार जांच, 216 एचआईवी पॉजिटिव निकले

**विश्व एड्स दिवस**

● जांच कराने वालों में 9661 पुरुष और 16,398 महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


**जनपद** में इस वर्ष 25,088 लोगों ने एड्स-एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफिंसिएंशी वायरस) की जांच कराई। इनमें से 216 में एचआईवी वायरस की पुष्टि हुई।

जांच कराने वालों में 8661 पुरुष, 16398 महिलाएं और नौ ट्रांसजेंडर शामिल थे। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. आरके यादव ने बताया एचआईवी पॉजिटिव होने पर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। ऐसे लोगों को सभी संक्रामक रोगों की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है। अधिकतर मामलों में एचआईवी पॉजिटिव टीबी संक्रमित हो जाते हैं। इसलिए हर एचआईवी पॉजिटिव की टीबी की जांच होना जरूरी है। एड्स के संक्रमण को कम करने के लिए एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) दी जाती है, हालांकि इसके फैलाव को केवल बचाव के जरिए ही रोका जा सकता है।

डीटीओ ने बताया कि बचाव के लिए सबसे पहली जरूरत बीमारी के बारे में जानकारी की है। उसके बाद यह पता होना जरूरी है कि रोग का प्रसार कैसे होता है ताकि प्रसार के कारणों पर अंकुश लगाया जा सके। एड्स का फैलाव संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए होने का खतरा रहता है। इसलिए रक्त देते और लेते समय जांच अवश्य कराएं। प्रयोग की गई सुई का इस्तेमाल न करें और असुरक्षित यौन संबंध बनाने से बचें। उन्होंने कहा पुरुष एचआईवी जांच कराने के मामले में महिलाओं से पीछे रहते हैं जबकि यह जांच पूरी तरह से गुप्त रखी जाती है। उन्होंने कहा एड्स न तो सांस के जरिए और न ही छूने से फैलता। एड्स पीड़ितों के साथ ऐसा कोई व्यवहार न करें जो उन्हें पीड़ा देने वाला हो।

वर्ष 2017 में जनपद में कुल 9376 पुरुषों, 29,302 महिलाओं और 108 ट्रांसजेंडरों ने एचआईवी जांच कराई थी, इनमें 372 में एचआईवी की पुष्टि हुई थी। वर्ष 2018 में 9453 पुरुषों और 25,727 महिलाओं के साथ ही 256 ट्रांसजेंडरों की जांच में कुल 287 में वायरस की पुष्टि हुई। 2019 में कुल 40,479 जांच हुईं और 442 संक्रमित मिले जबकि 2020 में 27,641 जांचें हुईं और 213 में एचआईवी की पुष्टि हुई।

### एड्स-टीबी को लेकर कार्यशाला संपन्न



हापुड़। क्षय रोग विभाग ने विश्व एड्स दिवस के मौके पर एड्स और क्षय रोग के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एसएसवी पीजी कॉलेज सभागार में एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। रेड रिबन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया एड्स यानि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस) संक्रमण एक गंभीर बीमारी है और बचाव के जरिए इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बचाव के लिए आमजन में इस रोग के प्रति जागरूकता जरूरी है। एचआईवी संक्रमण असुरक्षित शारीरिक संबंध और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए फैलता है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

बच्चे का प्रदर्शन खुशी देगा। नया विचार आर्थिक तौर पर फायदा दिलाएगा। विदेशी संबंधी से मिला उपहार खुशी दे सकता है। आज के दिन खुले दिल से अपनी बात रखें। मेल-जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** अपाहिज व्यक्ति की सेवा करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे शुभ समाचार देंगे, परिवार के सभी सदस्य खुश हो जाएंगे। स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। मेहनत का फल जरूर मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और प्रसिद्धि भी मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। आपके मन की इच्छा पूरी होगी। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कदम उठायेंगे। आज के दिन आपके सभी काम बनेंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गणेश जी को हरी इलायची अर्पित करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और पैसे कमाने के नए अवसर उपलब्ध होंगे। आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। व्यय की अधिकता रहेगी। आय के स्रोत विकसित होंगे। पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं। यात्रा आपके लिए आनंददायक और बहुत फायदेमंद होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। घर में सदस्यों के साथ उग्र चर्चा या वाद-विवाद हो जाने से भी मन दु:खी हो सकता है।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** गणेश जी की आरती करें।

### कर्क
(ही, हू ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

ऐसे काम से बचें, जिसमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत हो। पर्याप्त आराम भी करें। आर्थिक लाभ जो आज मिलने वाला था टल सकता है। करीबी आज काफी अजीब मूड में होगा और उसे समझना लगभग असंभव साबित होगा। कुछ लोगों के लिए नया रोमांस ताजगी लाएगा और खुशमिजाज रखेगा। आप जो भी करेंगे, बिल्कुल बेहतर ढंग से करेंगे। लाजवाब काम खुद ही आपकी असली कीमत लोगों को बताएगा।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** साबू चावल का दान करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

दिन मिला-जुला रहेगा। दूर के रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है, मन प्रसन्न हो जाएगा। पारिवारिक विवादों से बचने की कोशिश करें। बातचीत करते समय वाणी पर संयम रखें। इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। मेहनत करने पर काम सफल हो सकते हैं। सभी परेशानियों का निवारण होगा। आज के दिन अधिकांश समय खरीदारी और दूसरी गतिविधियां में जाएगा।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** धार्मिक ग्रंथ का दान करें।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

शिक्षा के क्षेत्र में फायदा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में जी-तोड़ परिश्रम करेंगे। दिन शुरुआत में ज्यादा सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है। भविष्य को लेकर बेकार में चिंता करते रहना बेचैन कर सकता है। अटका धन मिलेगा। पारिवारिक कार्यक्रम में व्यस्त रहेंगे जान पहचान बढ़ाने के प्रयास करेंगे। अतिरिक्त जिम्मेदरी निभाने के लिए तैयार रहिए। मन दु:खी हो सकता है।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में नाकाम हो सकते हैं। आप जितनी कोशिश क्यों न कर लें। सभी की इच्छाओं को पूरा नहीं कर सकते हैं। हिम्मत न हारें और काम पर ध्यान केंद्रित करें। धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा। अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे। अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। रोमांस दरकिनार हो सकता है क्योंकि कुछ छोटे-मोटे मतभेद अचानक उभरेंगे। रचनात्मक काम में लगे लोगों के लिए सफलता से भरा दिन है।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** चांदी का कड़ा धारण करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज का आपका दिन उत्तम रहेगा। आपकी जिंदगी में होने वाला बदलाव फेवर में रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। नए कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए दिन शुभ है। दोस्तों के साथ खुशियां मनाएंगे। धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। बच्चों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। आज सारे काम एक के बाद एक बनते जाएंगे। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। सेहत को लेकर सतर्क रहे। अपने खानपान का ध्यान रखे। ऑफिस क माहौल खुशनुमा रहेगा। परिजनों का साथ मिलेगा।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** पीपल के पेड़ की जड़ में चीनी मिला मीठा जल डालें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

आज विश्वासघात मिल सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। टारगेट लगातार ध्यान में रखें। दिनचर्या में थोड़ा-से बदलाव से जीवन सहज हो सकता है। कॅरियर में उन्नति के नए अवसर मिलेंगे। सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें। वित्तीय मामले को लेकर थोड़ा तनाव का सामना कर सकते हैं। प्रेमी से किया हुआ वादा निभाने में असफल साबित हो सकते हैं। किसी रुके हुए काम के पूरा होने की संभावना है।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** मंदिर में माथा टेकें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

जल्द-से-जल्द जज्बात को काबू में करने और डर से आजादी पाने की जरूरत है, क्योंकि ये सेहत पर खराब असर डाल सकते हैं और अच्छी सेहत का मजा लेने से वंचित कर सकते हैं। जरूरत से ज्यादा खर्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। दिन मजे करने के लिहाज से बढ़िया है, अपनी पसंदीदा चीजों और काम का लुत्फ उठाएं। प्रिय की गैरहाजिरी दिल को नाजुक बना सकती है। दिन ठीकठाक रहेगा।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** दुर्गा मंदिर में प्रसाद अर्पित करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आज का आपका दिन महत्वपूर्ण रहेगा। सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। ऑफिस में सीनियर्स काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए दिन अनुकूल रहेगा। कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे। तरक्की के नए अवसर जल्दी ही मिलेंगे। आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। जरूरतमंद को भोजन कराएं, दिन खुशी भरा बीतेगा।विवाद में उलझ जाएं तो तल्ख टिप्पणी करने से बचिए।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** गणेश जी के 12 नामों का उच्चारण करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

सेहत के लिहाज से समय अच्छा बीतने वाला है। रिश्ते मजबूत होंगे और परिणय सूत्र में बंधने के लिए शुभ योग निर्मित होंगे। आमोद-प्रमोद और मनोरंजन में रुचि लेंगे और मानसिक राहत मिलेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होने से मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते है। निजी कार्यों पर अधिक परिश्रम करने की जरूरत है। ध्यान भटकेगा किंतु संयम बनाएं रखें। आज का दिन समान्य रहेगा। खानपान का ध्यान रखें।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** हरी घास पर नंगे पैर चले।

# 'कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था'

**मधुर मित्तल ने एमएक्स प्लेयर के मत्स्य कांड में राजू की भूमिका निभाई थी। उन्होंने सुप्रिया रमेश के साथ अपने अनुभवों और भावी योजनाओं को लेकर विस्तार से बात की**



■ **मत्स्य कांड क्या है?**

यह मूल रूप से दो समान रूप से बुद्धिमान और प्रतिभाशाली लोगों के बीच एक बिल्ली और चूहे का खेल है। वह है रवि दुबे द्वारा निभाई गई मत्स्य और तेज राज की भूमिका रवि कृष्ण जी, वह व्यक्ति मत्स्य को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। यह सिर्फ एक शानदार आगे और पीछे है, एक दूसरे को समझने की कोशिश कर रहा है। जो मुझे लगता है शानदार है। यह अधिक दिमाग की तरह है, जो देखने में अधिक दिलचस्प है और इसके साथ ही आपके पास इन सभी पात्रों को निभाने वाले कलाकारों का एक अविश्वसनीय पहनावा है जो शो को जीवंत बनाते हैं।

■ **आपकी भूमिका क्या है?**

मैं राजू का किरदार निभा रहा हूं, जिसे मैं कुछ मायनों में शो का दिल मानता हूं। इस मायने में कि वह बहुत जुगाड़ू हैं। वह विशेषता जो उसे मत्स्य से मिलने और उसकी टीम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करती है। तीन लोगों की टीम जहां राजू वह गोंद है जो टीम को एक साथ रखता है। वह थोड़ा अनाड़ी है, वह बहुत निहत्था है, दिल से भरा है, गर्मजोशी से भरा है और बहुत वफादार है। यही बात मुझे इस किरदार की ओर आकर्षित करती है। एक प्यारा लड़का जो मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस किरदार को पहले देखने का मौका मिला है। यही मुख्य कारण है कि मैं ऐसा करना चाहता था।

■ **आपने इस परियोजना को कैसे उतारा?**

श्री गौतम तलवार, जो एमएक्स प्लेयर के मुख्य सामग्री अधिकारी हैं, मेरे और अजय सर के साथ बैठक करने के लिए बहुत दयालु थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगा कि मैं इस किरदार के लिए सही हूं। हम मिले और तुरंत क्लिक किया। मुझे अजय सर की ऊर्जा बहुत पसंद है, जिस तरह से वह इतने शांत और अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं। उसके साथ, यह स्वतंत्र महसूस हुआ। हमने कुछ बैठकें कीं और उन्होंने सोचा कि मैं इस भूमिका के लिए सही था और मुझे स्पष्ट रूप से यह पसंद आया क्योंकि मैंने पहले ऐसा कुछ नहीं किया है। शो में क्रिएटर्स से लेकर कास्ट तक शानदार और शानदार लोग थे।

■ **कितना कठिन था यह रोल?**

कठिन से अधिक, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था। मेरा मतलब है कि हर काम अपने आप में कठिन होता है लेकिन मेरे लिए, क्योंकि मुझे अभिनय बहुत पसंद है, वे बाधाओं के बजाय अवसरों की तरह लगते हैं।

यह एक टीम प्रयास था। आप अकेले पेंटिंग बना सकते हैं, गाने अकेले, ज्यादातर कलाएँ अकेले लेकिन आप अकेले शो नहीं बना सकते। आपको अपने आस-पास एक महान टीम की आवश्यकता है और सौभाग्य से हमें अद्भुत लोग मिले जो सभी एक लेगो की तरह एक साथ फिट होते हैं। यह घड़ी की कल की तरह था और हम काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक शानदार अनुभव था।

■ **अपने सह-कलाकारों के साथ आपका अनुभव कैसा रहा है?**

रवि भैया और जोया के साथ रहना बहुत मजेदार है। हम तीनों ने काम के बाद काफी बॉन्डिंग की। जोया की मां भी हमारे साथ थीं।

हम सभी कोविड के दौरान जितने खुले स्थान थे, उतने डिनर और लंच के लिए बाहर जाएंगे। हमारे पास हर तरह के भोजन पर जबरदस्त समय था।

मैंने हमेशा अपने समोसे से सभी को जलन होती थी क्योंकि मैं सब कुछ खा लेता था जबकि रवि भैया और जोया देखते थे कि वे क्या खाते हैं। यह मेरा पसंदीदा काम था। हमारे पास एक अविश्वसनीय समय था। पूरा शो शानदार रहा है।

■ **आप बहुत कम उम्र से पर्दे पर हैं। अभिनय कैसे हुआ?**

अभिनय कुछ देर से हुआ। मैंने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर के रूप में की थी। मैंने 1997 में बूगी वूगी जीता था। उसके बाद मैं और मेरे पिता, हम सब बॉम्बे आए ताकि मैं अपना करियर बना सकूं। नृत्य के माध्यम से बहुत से लोगों ने सुझाव दिया कि क्योंकि मैं नृत्य में बहुत अभिव्यंजक था और मुझे अभिनय करने की कोशिश करनी चाहिए। मैंने कुछ ऑडिशन देना शुरू किया और फिर मेरी पहली फिल्म वन टू का फोर थी। मुझे सलमान के साथ एक और मिला जिसका नाम था कहीं प्यार ना हो जाए। तो फिर अभिनय का सफर शुरू हुआ और कहीं न कहीं मुझे लगा कि मैं एक डांसर से बेहतर अभिनेता हूं। इसलिए 14 साल की उम्र में मैंने अपनी सारी ऊर्जा अभिनय में लगा दी और ब्रह्मांड दयालु रहा। 18 साल की उम्र में मैं स्लमडॉग मिलियनेयर के साथ ऑस्कर में था।

■ **आप स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए जाने जाते हैं और आपकी भूमिका और अभिनय की बहुत सराहना की जाती है। सलीम के उस किरदार में ढलना कितना मुश्किल था?**

सलीम के लिए मुख्य बात यह थी कि इससे पहले मैंने कभी ग्रे किरदार नहीं निभाया था। आज भी लोग उस तरह के किरदारों से जुड़ते हैं। इससे पहले मैं इतना डरपोक किस्म का अच्छा लड़का था। मैं एक बच्चा था इसलिए मैंने एक बच्चे की भूमिका निभाई, जो कुछ भी मैंने पहले किया था, उसमें कुछ भी ग्रे नहीं है। तो सलीम जैसे किसी को पाने के लिए जो सतह के नीचे अधिक जटिल था। यह सिर्फ एक आदमी नहीं है जो पैसा पाने के लिए बुरा काम कर रहा है। वहाँ परतें हैं और जाहिर है कि जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको वे देखने को मिलती हैं। यह सुपर इंटेंस था और सौभाग्य से डैनी बॉयल एक निर्देशक थे जो मेरे साथ बैठे क्योंकि मैं एक युवा अभिनेता था। हमने उनके साथ दो महीने तक वर्कशॉप की थी। फिल्म शुरू होने के करीब ढाई से तीन महीने पहले। यह बहुत निर्देशित था, उस समय मैं एक अभिनेता के रूप में इतना विकसित भी नहीं हुआ था कि मैं अपने आप को चरित्र में ला सकूं। मैंने अपने शोध का उचित हिस्सा किया जैसे मैं कुछ लोगों के साथ बाहर गया था, जिनके पास सलीम की तरह एक समान खिंचाव था और मुझे एहसास हुआ कि जो लोग बुरे काम करते हैं वे स्वाभाविक रूप से बुरे नहीं होते हैं। उनके साथ चीजें हुई हैं जो वास्तव में उनके द्वारा किए गए कार्यों को उचित नहीं ठहराती हैं लेकिन आप इसे एक तरह से समझ सकते हैं। इस तरह मैं उस किरदार के करीब आने लगा।

■ **अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका कौन सी रही है?**

मुझे लगता है कि मैंने जो सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है वह मिलियन डॉलर आर्म नामक इस डिज्नी फिल्म में थी। यह मुश्किल था क्योंकि मैंने स्लमडॉग मिलियनेयर से पहले एक स्पोर्ट्स फिल्म की थी। यह बेसबॉल के बारे में था और मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने अपने जीवन में पहले कभी बेसबॉल नहीं उठाया था, जो एक तरह से बहुत अच्छा था क्योंकि चरित्र भी उसी यात्रा से गुजरता है। लेकिन शारीरिक रूप से, यह बहुत ही स्थायी था क्योंकि तीन महीने के लिए, हमारे पास कोच और कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम था। मुझे कुछ मांसपेशियों को खड़ा करना पड़ा, इसलिए यह बहुत शारीरिक रूप से मांग कर रहा था और यह पहली बार था जब मुझे ऐसा करना पड़ा।

मैं कहूंगा कि इसकी भौतिकता के कारण और दूसरी यह फिल्म होगी जिसे मटर कहा जाता है जो इस जीवन-अंत कार दुर्घटना के बाद थी जिससे मैं गुजरा था। जिसमें मैं लगभग पूरी तरह से अपना चेहरा खो चुकी थी। मुझे फिर से अपने जैसा दिखने के लिए कई सर्जरी करानी पड़ी। दुर्घटना के कारण, मैंने सोचा कि मैं फिर कभी अभिनय नहीं करूंगा। फिल्म सुपर रोमांचक थी लेकिन बहुत डरावनी भी थी। उस किरदार ने मुझसे भी बहुत कुछ लिया।

■ **आप किस जॉनर को पसंद करते हैं?**

मैं हमेशा ऐसे जॉनर के लिए हां कहूंगा, जो मुझे अभी तक करने का मौका नहीं मिला है। मजेदार लेकिन हाँ विज्ञान-कथा एक है। डैनी बॉयल की सनशाइन जैसी फिल्म या अराइवल की तरह। मुझे ऐसी फिल्में पसंद हैं। मुझे इस तरह का शो लगभग मिल ही गया था, लेकिन मैं डेट इश्यू के कारण इसे मिस कर गया। उस दायरे में कुछ, मैं बिल्कुल कूद जाऊंगा।

## टेली कथा

### उसको लेकर मुझे थोड़ा संशय था



अभिनेता शरद मल्होत्रा का कहना है कि वह अपने नवीनतम शो विद्रोही को लेकर थोड़ा संशय में थे, जो ऐतिहासिक है।

''सच कहूं तो, जब मुझे शो की पेशकश की गई थी, तो मुझे इसे लेने के बारे में थोड़ा संदेह था, लेकिन नकारात्मक तरीके से नहीं। मैंने न तो अपने चरित्र बख्शी जगबंधु के बारे में सुना था और न ही इतिहास में उनके बारे में बहुत कुछ लिखा था। लेकिन जब मैंने इसके बारे में शोध किया उसे, मुझे पता चला कि वह इतिहास का पहला व्यक्ति था जिसने देश में जन विद्रोह शुरू किया था। मैंने बहुत सारे शो नहीं किए हैं, मैं जो करता हूं उसके बारे में मैं बहुत पसंद करता हूं। यह कम रहा है लेकिन यह अच्छा काम रहा है मैंने पिछले 15 वर्षों में कुछ ही शो किए हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और लोगों की यादों में बस गए।''

उनके अनुसार, पहले अभिनेताओं में एक टीवी अभिनेता और एक फिल्म अभिनेता के बीच सीमांकन होता था, जो अब नहीं है।


''रेखा धुंधली हो गई है और एक टीवी अभिनेता वेब शो और फिल्मों में काम कर रहा है और इसके विपरीत। जहां तक शेल्फ लाइफ का सवाल है, यह एक बहुत ही व्यक्तिपरक मामला है। जब मैंने अभिनय करना शुरू किया, तो मैं इसे एक शॉट देना चाहता था, मैं इतने लंबे समय तक जारी रखने की योजना नहीं थी। मैं हर दिन जैसे ही आया था, ले रहा था।''

''मैं 15 साल बाद भी मुख्य भूमिकाएं पाने के लिए बेहद धन्य हूं। लेकिन यह रातोंरात नहीं हुआ, मुझे इसके लिए काम करना पड़ा। आज मैं जहां हूं, वहां बहुत सारा खून, पसीना और कड़ी मेहनत लगी है'', उसने आगे जोड़ा।

भारत का वीर पुत्र – महाराणा प्रताप अभिनेता खुद को बहुत लालची अभिनेता कहते हैं।

''टीवी पर बहुत सारे पुरुष कलाकार स्क्रीन स्पेस की शिकायत करते हैं क्योंकि उद्योग अभी भी महिलाओं द्वारा शासित है। टीवी को महिलाओं द्वारा शासित एक माध्यम कहा जाता है, महिलाओं के लिए और महिलाओं के लिए। लेकिन कुछ पुरुष भाग्यशाली रहे हैं। उस श्रेणी में नहीं आने के लिए पर्याप्त है'', उन्होंने कहा।

### वाल्ट डिज्ने एनीमेशन स्टूडियो की 60वीं फिल्म




डिज्नी फिल्में विशेष हैं और उनमें एक आश्चर्यजनक तत्व है कि वे दर्शकों को जादू और हंसी की दुनिया में ले जाते हैं। 90 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो ने अभूतपूर्व फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दुनिया भर के सभी उम्र के लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिली है। इस प्यार और खुशी का जश्न मनाने के लिए, डिज़्नी अपना 60वां एनिमेटेड संगीत-एनकैंटो लेकर आया है, जो आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रहा है। यह फिल्म एक ऐसे परिवार के बारे में है जिसके पास इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए जादू की विशेष शक्तियां हैं। यहाँ वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो की कुछ प्रतिष्ठित फ़िल्मों पर एक नज़र डालें।

द लायन किंग (2019), यदि आप एक ऐसी फिल्म देखना चाहते हैं जो प्यार, रोमांच और प्रेरणा से भरी हो, तो लायन किंग आपकी मंजिल है। जॉन फेवर्यू द्वारा निर्देशित, 2019 की यह फिल्म विश्व स्तर पर एक मेगा हिट थी। मनोरंजक कहानी, अद्भुत संगीत, आश्चर्यजनक एनीमेशन ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा।

राया और द लास्ट ड्रैगन (2021), बहुत सारे गहन ड्रामा और एक्शन से भरपूर, यह फिल्म बेतहाशा और अकल्पनीय परिदृश्यों को सच कर देगी। कहानी एक ऐसी जगह के बारे में है जहां एक दिन तक ड्रेगन और इंसान एक साथ रहते हैं जब एक भयावह राक्षस 500 साल बाद लौटता है और इस भूमि को धमकी देता है। राया को इंसानों को बचाने के लिए आखिरी ड्रैगन का पता लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। क्या राया सभी को उम्मीद देकर एक अजगर के साथ वापस लौट पाएगी?

टैंगल्ड (2010), वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो को लीक से हटकर सोचने के लिए जाना जाता है। हम सभी रॅपन्ज़ेल की कहानी जानते हैं, लेकिन क्या हम कभी सोच सकते हैं कि वह शहर में सबसे योग्य कुंवारे उर्फ फ्लिन राइडर का अपहरण कर लेगी? नाथन ग्रेनो और बायरन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित, फिल्म दर्शकों की आंखों के लिए एक मनोरंजक कहानी और अद्भुत संगीत के साथ एक इलाज है।

टार्जन इस फिल्म को इस सूची में होना चाहिए। प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित – डिज़्नी का टार्ज़न वह लोग हैं जो अपने 20 और 30 के दशक की शुरुआत में देखे और बड़े हुए। एडगर राइस बरोज़ की वानर आदमी की कहानी का यह शानदार रूपांतरण जंगल के भीतर गहराई से शुरू होता है जब टार्ज़न, एक बच्चा जिसने अपने माता-पिता को एक तेंदुए के लिए खो दिया है, को गोरिल्ला के एक परिवार द्वारा अपनाया जाता है। अभूतपूर्व एनिमेशन, बेहतरीन संगीत और अद्भुत वॉयसओवर ने इस फिल्म को विश्व स्तर पर एक ब्लॉकबस्टर बना दिया है, जिसमें सभी उम्र के लोग इस फिल्म को पसंद करते हैं और इसे कई बार देखने के बाद भी कभी बोर नहीं होते हैं। यह वह फिल्म थी जिसने वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो के लिए बार उठाया और लोगों के दिलों और दिमागों पर हमेशा के लिए छाप छोड़ी।

फ्रोजन, फ्रोजन हंस क्रिश्चियन एंडरसन की परी कथा %द स्नो क्वीन% से प्रेरित था। क्रिस बक और जेनिफर ली द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में एक राजकुमारी को दर्शाया गया है, जो अपनी बहन को खोजने के लिए एक हिममानव, अपने हिरन और एक स्नोमैन के साथ यात्रा पर निकलती है, जिसकी जादुई शक्ति ने अनन्त सर्दियों में उनके राज्य पर एक अभिशाप के रूप में काम किया। एक कहानी और साउंडट्रैक के साथ, जिसने सही राग मारा, फिल्म को दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा। यह कितना शानदार था और प्रशंसकों और दर्शकों द्वारा बरसाए गए प्यार के कारण इसने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो एनकैंटो की एक और नाटकीय रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। बायरन हॉवर्ड और जेरेड बुश द्वारा निर्देशित, जबकि इसमें दिखाए गए खूबसूरत गाने एमी, ग्रैमी और टोनी पुरस्कार विजेता लिन-मैनुअल मिरांडा के हैं। यवेट मेरिनो द्वारा निर्मित, यह फिल्म आपको एक लाला-भूमि में एक शानदार समय देने के लिए तैयार है जो महान गीतों और मनोरम दृश्यों से भरा है।

### ट्रोल पर हर्शाली जिन के विचार

यह बिना कहे चला जाता है कि सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को फिर से परिभाषित किया है। चीजें हमारे लिए एक से अधिक तरीकों से आसान और अच्छी हो गई हैं। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया की दुनिया नकली है, लेकिन साथ ही, हर कोई उस ध्यान को चाहता है। एक्ट्रेस हर्षाली जिन ने पूरी बात डिकोड की।

''किसी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया मुक्त नहीं है, इससे आपको अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। ये मुफ्त ऐप आपके ईमेल, टेक्स्ट मैसेज पढ़ने, आपके फोन कॉल सुनने आदि की अनुमति मांगते हैं। आप जितने कम ऐप पर हैं उतना बेहतर है। स्मार्टफोन और



सोशल मीडिया के युग में गोपनीयता एक मिथक है,'' टीवी शो, सीआईडी, दीया और बाती हम, वेब श्रृंखला, बॉस : बाप ऑफ स्पेशल सर्विसेज, और मराठी फिल्म, पाच नार एक बेज़ार, के लिए जाने जाने वाले अभिनेता कहते हैं। .

सोशल मीडिया एक अहम् मालिश उपकरण बन गया है और यह अभिनेताओं के नियमित जीवन को बाधित करता है क्योंकि उनसे दैनिक आधार पर नई सामग्री डालने की उम्मीद की जाती है।

ट्रोल्स पर आपकी क्या राय है और आप ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं? ''मैं उनके बारे में कुछ नहीं सोचती। उन्हें महत्व नहीं देना चाहिए। मेरे मन की शांति को प्रभावित करने के लिए मुझ पर किसी के पास उस तरह की शक्ति नहीं है। यह उनकी रोगग्रस्त मानसिकता को दर्शाता है। मुझे इसे व्यक्तिगत रूप से क्यों लेना चाहिए? इसका मेरे साथ कुछ लेना देना नहीं है। मैं उन्हें उपचार भेजती हूं,'' वह जवाब देती है।

### भारत में लोमोटिफ

पंजाबी हार्टथ्रोब और सिंगिंग सेंसेशन गुरु रंधावा ने यूएस-बेस्ड के लॉन्च पर स्टेज पर धमाल मचा दिया

शॉर्ट-फॉर्मेट वीडियो-शेयरिंग ऐप- लोमोटिफ सिंगर शर्ली सेतिया, बिग बॉस फेम असीम रियाज, लोकप्रिय अभिनेता अदा खान, अनुष्का सेन और भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन और अक्षरा सिंह भी लॉन्च का हिस्सा थे।

लोमोटिफ ने भारत में आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। ग्लोबल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सह-संस्थापक टेड फार्नवर्थ ने नई दिल्ली में लॉन्च की अगुवाई की। इस अवसर पर, ऐप ने एक नए चैनल, लोमोटिफ इंडिया का भी अनावरण किया। उपयोगकर्ता अद्भुत पुरस्कार जीतने के लिए अपने वीडियो पोस्ट करके लोमोटिफ इंडिया की साप्ताहिक चुनौतियों में भी भाग ले सकते हैं। सिंगापुर स्थित पॉल यांग द्वारा स्थापित, लोमोटिफ को इस साल की शुरुआत में ईस॥ द्वारा अधिग्रहित किया गया था। इसकी पेटेंट तकनीक उपयोगकर्ताओं को सामग्री के सुपर-आकर्षक रील प्रारूप में

### पकड़ में आए अथर्व

सोनी सब का वागले की दुनिया – नई पीढ़ नए किसी ने अपने हल्के-फुल्के और भरोसेमंद कंटेंट के साथ बड़े पैमाने पर फैन फॉलोइंग हासिल



करना जारी रखा है। एपिसोड की वर्तमान श्रृंखला कहानी में अब तक का सबसे बड़ा मोड़ लेकर आती है क्योंकि वागले परिवार अथर्व (शीहान कपाही) के अपहरण के साथ बहुत कठिन समय से गुजरता है।

अथर्व और वंदना (परिवा प्रणति) का दिन एक विवाद के साथ शुरू होता है क्योंकि वंदना गलती से अथर्व पर डक्कू (दीपक पारीक) की तस्वीर पर वांटेड – डेड ऑर अलाइव लिखा हुआ छापने का आरोप लगाती है। अपने सामान्य दिन की बात करें तो, वागले परिवार उस दुर्भाग्य से पूरी तरह से बेखबर है जो उनके ऊपर मंडरा रहा है। स्कूल जाते समय, अथर्व का दो गुंडों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। अथर्व के साथ जो हुआ वह पूरे वागले परिवार के लिए पूरी तरह से रहस्यपूर्ण है क्योंकि उनकी साधारण जीवन शैली उन्हें गुंडों के साथ परेशानी में नहीं डाल सकती थी।

### घरेलू उत्पीड़न को 'ना' कहें



एक अभिनेता के करियर में, हम बहुत कुछ करते हैं, लेकिन शायद ही कभी हमें ऐसे किरदार मिलते हैं जो हमें अंदर तक हिला देते हैं। इसलिए नहीं कि यह आपको एक कलाकार के रूप में और अधिक खोज करने देता है, बल्कि यह आपको एक ऐसी वास्तविकता से रूबरू कराता है, जिसके बारे में आप बहुत कम जानते थे। जब मुझे ज़िद्दी दिल माने ना में कोयल का किरदार निभाने का मौका मिला, तो ठीक यही मुझे हुआ। कोयल को दोहराते हुए, मैंने महसूस किया कि कैसे दुनिया भर में कई महिलाओं के लिए घर का एक बिल्कुल अलग अर्थ है और घरेलू शोषण कितना बड़ा खतरा है।

मैं पहले इस खतरे से बेखबर नहीं थी। हमारे देश में घरेलू दुर्व्यवहार के मामलों की खतरनाक संख्या ने मुझे चौंका दिया और मुझे भी झकझोर दिया। लेकिन जिस चीज से मेरे चरित्र ने मुझे अवगत कराया, वह है समस्या की तीव्रता, बहुसंख्यक महिलाओं के बीच इसकी प्रासंगिकता और कैसे एक समाज के रूप में, हम सभी को बदलाव लाने के लिए कुछ करना है। आप, मैं और सब लोग!

इसलिए, आज, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, मैं घरेलू शोषण के गंभीर मुद्दे के बारे में बात करने का साहस चुनती हूं और सभी से अपील करती हूं कि वे हिंसा को ना कहें और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़े हों। मैं इस मुद्दे को उठाने और इस गंभीर विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सोनी सब की भी सराहना करना चाहती हूं।

मैं दुर्व्यवहार के बारे में सोचकर डर से कांपती हूं, इस देश में बहुत सी महिलाएं तब तक जीवित रहती हैं और सहती हैं जब तक वे और नहीं रह सकतीं। फिर भी, यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। हम इस तरह के मामलों को जितना पढ़ते हैं, सुनने के लिए अंधेरे में और भी बहुत से लोग छिपे हैं। महिलाओं को चुप रहने का कारण बनने वाली इस शातिर प्रथा के आसपास के आघात, दर्द और कलंक की कल्पना करना कठिन है।

जैसे ही मैं 'जिद्दी दिल माने ना' शो में अपने किरदार कोयल की यात्रा को आगे बढ़ा रही हूं, घरेलू दुर्व्यवहार की वास्तविकता मुझे कसकर घेर रही है। मेरा दिल उन महिलाओं के लिए है जो यह सब सहती हैं, या तो असहायता से, या जागरूकता की कमी या दोनों से। रातों की नींद हराम, बचने का डर, आपके बच्चे के बचने का डर कुछ ऐसा है जिसे मैं मापना भी शुरू नहीं कर सकती। और यह नहीं भूलना चाहिए, भले ही आप इस संकट से जूझ रहे हों, एक महिला के पीछे जो शर्म और कलंक है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

लेकिन प्रिय महिलाओं, कोयल की तरह, आपको इस खतरे से जूझने से नहीं रोकना चाहिए। आप अपनी त्वचा, दिल और दिमाग पर जो घाव करते हैं, वे लड़ने लायक हैं। क्योंकि हम सभी प्यार, करुणा और सम्मान से भरी दुनिया के लायक हैं।

मैं कहानी के आपके पक्ष को यथासंभव प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की जिम्मेदारी को समझता हूं। मुझे आपको यह जानने की जरूरत है कि आप अकेले नहीं हैं, आज और हमेशा। आप एक रानी हैं, आपको बस जागने और आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि दुनिया खुली बाहों के साथ आपका इंतजार कर रही है।

मुझे उम्मीद है कि कोयल की तरह, आपको भी अपने अधिकारों के लिए बोलने और लड़ने की ताकत मिलेगी। क्योंकि अगर वह कर सकती है, तो आप भी कर सकते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे को कोई खतरा नहीं : बीसीसीआई कोषाध्यक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने मंगलवार को कहा कि भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा बशर्ते वहां कोविड-19 का नया प्रारूप मिलने के बाद स्थिति खराब नहीं हो। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में दूसरा और अंतिम टेस्ट खेलना है जिसके बाद टीम वहां से आठ या नौ दिसंबर को चार्टर्ड विमान से जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होगी। धूमल ने भरोसा जताया कि दक्षिण अफ्रीका द्वारा तैयार जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में खिलाड़ी सुरक्षित रहेंगे। पहला टेस्ट जोहानिसबर्ग में 17 दिसंबर से खेला जाएगा।

धूमल ने एजेंसी से कहा, हम उनके साथ खड़े हैं (जब वह खतरे से लड़ रहे हैं), बात सिर्फ इतनी है कि हम खिलाड़ियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। फिलहाल हमारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जोहानिसबर्ग के लिए चार्टर्ड फ्लाइट की योजना है और खिलाड़ी जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहेंगे। खतरे से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अंदर स्थलों के संभावित बदलाव पर धूमल ने कहा, हम लगातार क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अधिकारियों के संपर्क में हैं। श्रृंखला को कोई नुकसान नहीं हो उसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे, लेकिन अगर स्थिति खराब होती है और इससे हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से समझौता होता है तो हम देखेंगे। उन्होंने, अंत में हम भारत सरकार के परामर्श का पालन करेंगे। दुनिया भर के कई देशों ने पहले ही कड़े कदम उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका से यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया है। भारत सरकार के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार हालांकि दक्षिण अफ्रीका जोखिम वाले देशों की सूची में शामिल है। भारत ए टीम भी दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला खेलती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने भी भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के अगले महीने श्रृंखला के लिए वहां पहुंचने पर जैविक रूप से पूरी तरह सुरक्षित वातावरण तैयार करने का वादा किया है। भारत दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा।



17 दिसंबर से जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा पहला टेस्ट

## दक्षिण-अफ्रीका ने टीम इंडिया के लिए सुरक्षित बायो-बबल का किया वादा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए यहां पहुंचेगी, तो उसके लिए पूर्ण जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) तैयार किया जाएगा। मंत्रालय ने साथ ही कोविड-19 का नया प्रारूप मिलने के बावजूद ए टीम के दौरे से नहीं हटने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सराहना भी की। भारत ए मंगलवार से ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेलेगा। नया ओमिक्रॉन प्रारूप मिलने के कारण वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जारी रखने का फैसला किया है। भारतीय सीनियर टीम भी 17 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका में तीन टेस्ट खेलेगी, जिसके बाद इतने की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी होंगे। विराट कोहली और उनकी टीम नौ दिसंबर को यहां पहुंचेगी, लेकिन देश में कोविड का ओमिक्रॉन प्रारूप मिलने के बाद दौरे को लेकर कुछ चिंताएं हैं। इस नए प्रारूप के सामने आने के बाद कई देशों ने यात्रा पाबंदियां लगाई हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग (डर्को) जो देश का विदेश मंत्रालय है, ने कहा, भारतीय टीम के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अफ्रीका सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाएगा।

### दूसरा सेंचुरियन में, जबकि केपटाउन में खेला जाएगा तीसरा टेस्ट

मंत्रालय ने कहा, भारत ए टीम के दौरे को जारी रखकर एकजुटता दिखाने का भारत का फैसला कई देशों के विपरीत है, जिन्होंने अपनी सीमाओं को बंद करने और दक्षिण अफ्रीका से यात्रा को सीमित करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका सरकार दौरा जारी रखने के लिए बीसीसीआई की सराहना करती है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट सेंचुरियन में 26 दिसंबर से होगा। तीन मैच केपटाउन में तीन जनवरी से खेला जाएगा। मंत्रालय ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय टीम का दौरा दक्षिण अफ्रीका की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की 30वीं वर्षगांठ भी होगा। दक्षिण अफ्रीका सरकार की रंगभेद नीतियों के कारण 1970 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा दक्षिण अफ्रीका टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंधित करने के बाद भारत 1991 में देश की अंतरराष्ट्रीय टीम की मेजबानी करने वाला पहला देश बना था। मंत्रालय ने बयान में कहा, वर्षगांठ का जश्न सम्मान समारोह के साथ मनाया जाएगा जो दो जनवरी 2022 को केपटाउन में होगा। यह समारोह दक्षिण अफ्रीका और भारत के मजबूत संबंधों को भी पेश करेगा जिसे दो भारतीय टीम के दौरों से एक बार फिर दर्शाया गया है।

# विश्व टूर फाइनल्स में भारत की उम्मीदें पीवी सिंधू, लक्ष्य और चिराग-सात्विक पर





एजेंसी। बाली

**लगातार** सेमीफाइनल में हार रही पीवी सिंधु बुधवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स बैडमिंटन में इस सिलसिले को तोड़कर खिताब जीतना चाहेंगी जबकि युवा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी पर भी सभी की नजरें होंगी। भारत के सात खिलाड़ी इस बार डेढ लाख डॉलर ईनामी राशि के साल के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल को छोड़कर भारतीय हर वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी महिला युगल में खेलेंगी। अब तक यह खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधु पिछले साल फाइनल में पहुंची थी। वह पहले मुकाबले में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु टोक्यो ओलंपिक के बाद पिछले तीन टूर्नामेंटों में भी सेमीफाइनल हार चुकी है। उनके ग्रुप ए में शीर्ष दो में रहने की संभावना है क्योंकि बाकी दो खिलाड़ियों डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन और जर्मनी की वोन्ने ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अच्छा है। एक साल में चार सुपर सीरिज खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी श्रीकांत शानदार फॉर्म में हैं जो इंडोनेशिया मास्टर्स और हाइलो ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे। वह 2014 में इस टूर्नामेंट में नॉकआउट चरण तक पहुंचे थे और उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्हें पहले दौर में मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जी जिया से खेलना है। ग्रुप बी में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव और थाईलैंड के कुंलावुत विटिदसर्न भी हैं। पहली बार खेल रहे लक्ष्य और चिराग-सात्विक की जोड़ी को ग्रुप आफ डैथ मिला है। उनके लिए अगले चरण में क्वालीफाई करना आसान नहीं होगा। दो साल पहले पांच खिताब जीत चुके लक्ष्य को ग्रुप ए में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंतो मोमोता और डेनमार्क के रस्मस गेमके के साथ रखा गया है। लक्ष्य को पहले दौर में रस्मस से खेलना है। वहीं दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग का सामना इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त मार्कस फर्नाल्डी गाइडोन और केवन संजया सुकामुजो से होगा। महिला युगल में अश्विनी और सिक्की की जोड़ी जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से खेलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका के क्रिकेटर रणतुंगा ने युनाइटेड नेशनल पार्टी छोड़ी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व मंत्री और महान क्रिकेटर अर्जुन रणतुंगा ने विपक्षी युनाइटेड नेशनल पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह पार्टी की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं थे। यूएनपी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि चुनाव में हारने के बाद पार्टी ने कोई बदलाव या सुधार नहीं किया। यूएनपी अगस्त 2020 में हुए संसदीय चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी। रणतुंगा 2015 से 2019 के बीच यूएनपी सरकार में मंत्री थे। क्रिकेट को 2000 में अलविदा कहने के बाद उन्होंने 2001 में राजनीति में प्रवेश किया। उनके छोटे भाई प्रसन्ना मौजूदा सरकार में पर्यटन मंत्री हैं।

### स्मृति, मिताली महिला वनडे रैंकिंग में छठे व तीसरे स्थान पर

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज मिताली राज और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग में तीसरे और छठे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा पांचवें स्थान पर है। मिताली के 738 अंक हैं, जबकि स्मृति के 710 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली 761 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और हेली मैथ्यूज वनडे बल्लेबाजों और हरफनमौलाओं की रैंकिंग में ऊपर आई हैं। टेलर बल्लेबाजी में शीर्ष दस में आ गई है, जबकि हरफनमौलाओं की सूची में चौथे स्थान पर है। मैथ्यूज आठवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में मरिजाने शीर्ष पर हैं, जबकि नताली स्किवर दूसरे और एलिसे पैरी तीसरे स्थान पर है। दीप्ति 299 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

### कप्तान लिविंगस्टोन के शानदार प्रदर्शन से टीम अबूधाबी जीती

**अबूधाबी।** कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के 24 गेंद में 59 रन की मदद से टीम अबूधाबी ने अबूधाबी टी-10 लीग में डेक्कन ग्लैडिएटर्स को आठ रन से हरा दिया। लिविंगस्टोन की पारी के दम पर टीम अबूधाबी ने चार विकेट पर 125 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। फिलिप साल्ट ने ग्लैडिएटर्स के कप्तान वहाब रियाज को पारी की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़े। अगले ओवर में दो चौके और जमाने के बाद वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर बोल्ड हो गए। लिविंगस्टोन पारी के नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्लैडिएटर्स आठ रन से चूक गए। कप्तान शेल्डन कोटरेल ने टॉम कोलेर काडमोर को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। दूसरे ओवर में हालांकि टॉम मूर्स ने मर्चेंट डि लांगे को दो चौके और एक छक्का लगाया। डि लांगे ने हालांकि अनवर अली और आंद्रे रसेल को आठवें ओवर में आउट करके ग्लैडिएटर्स की राह मुश्किल कर दी। जैमी ओवरटन ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की। एक अन्य मैच में चेन्नई ब्रेव्स ने नार्दर्न वारियर्स को दस विकेट से हराया।

### 31 के बाद अफगानिस्तान के कोच पद से हटेंगे क्लूसनर

**काबुल।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूसनर 31 दिसंबर को अपना करार खत्म होने के बाद अफगानिस्तान टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। क्लूसनर को सितंबर 2019 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करेंगे। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा, दो साल टीम के साथ बिताने के बाद मैं यहां से सुनहरी यादें लेकर जाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और इसके क्रिकेट ढांचे को अलविदा कहकर अपने कोचिंग कॅरियर के अगले चरण की संभावनाएं तलाशूंगा। क्लूसनर ने एंडी मोल्स की जगह अफगानिस्तान के कोच का पद संभाला था। उनका करार 2021 तक बढ़ाया गया था। अफगानिस्तान ने 2020 में कोरोना महामारी के कारण बहुत कम क्रिकेट खेला, लेकिन टीम ने क्लूसनर के कोच रहते तीन में से एक टेस्ट, छह में से तीन वनडे और 14 में से नौ टी-20 मैच जीते।

### श्रीलंका 204 रन पर सिमटा, विंडीज के 69 रन

**गॉल।** वेस्टइंडीज ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मंगलवार को श्रीलंका को 204 रन पर समेटने के बाद बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक एक विकेट पर 69 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनरों वीरासामी पेरमॉल (35 रन पर पांच विकेट) और जोमेल वारिकन (50 रन पर चार विकेट) ने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मिलकर श्रीलंका के नौ विकेट चटकाए। वीरासामी ने पांच साल से अधिक समय बाद पहला टेस्ट खेलते हुए कॅरियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए। बारिश के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 22 जबकि एनक्रुमाह बोनेर एक रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम 135 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष है। इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 113 रन से की। पाथुम निसंका और ओशाडा फर्नांडो (18) ने 26 और रन जोड़े। वीरासामी ने दिन के सातवें ओवर में फर्नांडो को विकेटकीपर जोशुआ दा सिल्वा के हाथों कैच कराया।

एशियाई टीम स्क्वाश टूर्नामेंट

# भारत पुरुष और महिला टीम की जीत से शुरुआत

एजेंसी। कुआलालंपुर

**शीर्ष** वरीय भारतीय पुरुष टीम ने मंगलवार को यहां 20वीं एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने शुरुआती दो मुकाबले जीते। तीसरी वरीय महिला टीम ने भी अच्छी शुरुआत करते हुए फिलिपींस को बिना कोई गेम गंवाए 3-0 से हराया। पुरुष वर्ग में सौरव घोषाल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने आठवें वरीय फिलिपींस को 3-0 से शिकस्त दी।

घोषाल, महेश मनगांवकर और वेलावन सेंथिलकुमार ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेम में हराया। इससे पहले रमित टंडन, मनगांवकर और सेंथिलकुमार ने इराक के अपने विरोधियों पर आसान जीत के साथ टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। सेंथिलकुमार ने शानदार खेल दिखाते हुए हसनैन ओबेद दखील को सिर्फ सात मिनट में हराया। टंडन ने हाशिम सुल्तानी को शिकस्त दी, जबकि मनगांवकर ने अब्दुल्लाह हाशिम अल सुल्तानी को हराया। फिलिपींस के खिलाफ घोषाल ने रॉबर्ट एंड्रयू गार्सिया को जबकि मनगांवकर ने डेविड विलियम पेलिनो को हराया।

## बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के बीच ओमिक्रॉन को लेकर चिंतित है चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रॉन वैरिएंट बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के आयोजकों के लिए चिंता का सबब है, लेकिन उसे यकीन है कि खेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरवरी में होंगे। नया वैरिएंट खेल के लिए नई चुनौती है। बीजिंग में कुदरती बर्फ नहीं होने, चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व शीर्ष नेता के खिलाफ टेनिस स्टार पेंग शुआइ के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर पहले ही खेलों की आलोचना हो रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि ओमीक्रॉन बहुत बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि शीतकालीन ओलंपिक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे।

# मेस्सी रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बने

अलेक्सिया पुतेलास सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

एजेंसी। पेरिस

**लियोनेल** मेस्सी को रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का बलोन डी ओर पुरस्कार मिला जिन्होंने बार्सीलोना के साथ आखिरी सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और अर्जेंटीना के साथ पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में अलेक्सिया पुतेलास ने बार्सीलोना और स्पेन के लिए अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पुरस्कार जीता।

34 वर्ष के मेस्सी के शानदार प्रदर्शन के दम पर अर्जेंटीना ने जुलाई में कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने पुरस्कार जीतने के बाद अनुवादक की मदद से कहा, मैं बहुत खुश हूं। नए खिताबों के लिए लड़ते रहना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, पता नहीं अभी कितने साल बाकी है, लेकिन उम्मीद है कि काफी समय है। मैं बार्सीलोना और अर्जेंटीना में सभी साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेस्सी के 613 अंक रहे जबकि पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्ट लेवांडोवस्की 580 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। मेस्सी ने कहा, मैं रॉबर्ट से यह कहना चाहता हूं कि तुम्हारा प्रतिद्वंद्वी होना सम्मान की बात है। हर कोई यह कहेगा कि तुम पिछले साल इसके हकदार थे। यह पुरस्कार फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका बलोन डीऑर द्वारा 1956 से हर साल सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर को दिया जाता है। यह 2018 से महिला वर्ग में भी दिया जा रहा है। दोनों पुरस्कार 2020 में कोरोना महामारी के कारण नहीं दिए गए थे। लेवांडोवस्की ने एक सत्र में बुंडेसलीगा में 41 गोल का रिकॉर्ड बनाया जो जर्मनी के दिग्गज गर्ड म्यूलर से एक गोल अधिक है। उन्होंने फरवरी से सितंबर तक बायर्न म्युनिख के लिए लगातार 19 मैचों में गोल किए। वह इस सत्र में बायर्न के लिए 20 मैचों में 25 गोल कर चुके हैं।



# डेनबी बोले, आक्रमण करते हुए हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत

एजेंसी। मनाउस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी ने मंगलवार को कहा कि चार देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां वेनेजुएला के खिलाफ होने वाले अगले मैच में उनकी खिलाड़ियों को आक्रमण करते हुए अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है। भारत को अपने पहले दो मैचों में ब्राजील के खिलाफ 1-6 जबकि चिली के खिलाफ 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम एरेना दा एमाजोनिया में गुरुवार को अपने अंतिम मैच में वेनेजुएला से भिड़ेगी।

ब्राजील और चिली दोनों क्रमशः सातवें और 37वें स्थान के साथ फीफा रैंकिंग में भारत से कहीं आगे हैं, जिसकी विश्व रैंकिंग 56 है। वेनेजुएला विश्व रैंकिंग में भारत से सिर्फ एक स्थान ऊपर है। डेनर्बी ने कहा, वेनेजुएला की खेलने की शैली चिली से काफी मिलती जुलती है। वे (चिली) गेंद को अपने कब्जे में रखते हैं और उनकी पासिंग अच्छी है। वे समय लेते हैं और फिर हमला करते हैं इसलिए एक इकाई के रूप में हमें अधिक आत्मविश्वास दिखाने की जरूरत है। मुख्य कोच ने कहा, अच्छी चीज यह है कि हम चिली के खिलाफ अधिकांश समय ठोस रक्षात्मक इकाई के रूप में खेले। हां, हमने छोटी मोटी गलतियां की और उस मैच में हमें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। लेकिन उनके दो गोल शानदार थे जिनमें उन्हें बेहतरीन फिनिशिंग का नजारा पेश किया। स्वीडन के इस कोच ने कहा कि उनकी टीम को अपने आक्रमण में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय टीम अगले साल अपने देश में हो रहे एएफसी एशियाई कप की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा, चिली के खिलाफ अधिकांश समय हमने मजबूत रक्षात्मक खेल खेला लेकिन मामूली गलतियों का नुकसान उठाना पड़ा।



# रविंद्र ने पटेल से कहा, मैं बहुत नर्वस था, लेकिन हमने मिलकर यह किया

एजेंसी। कानपुर

**भारत** के खिलाफ पहला टेस्ट ड्रा कराने में अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के स्पिनर रचिन रविंद्र ने कहा कि वह अपनी गेंदबाजी को लेकर काफी नर्वस थे। 22 वर्ष के रविंद्र और भारतीय मूल के ही एजाज पटेल (23 गेंद में दो रन) ने मिलकर 91 गेंदें खेली और 18 रन बनाए। जीत के लिए 284 रन की तलाश में न्यूजीलैंड ने नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन इन दोनों ने आखिरी विकेट नहीं गिरने दी।

मुंबई में जन्मे पटेल पहली बार भारत में खेल रहे थे जिन्होंने तीन विकेट भी लिए। रविंद्र को विकेट नहीं मिला। पटेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के लिए रविंद्र का इंटरव्यू लिया। उन्होंने पूछा, मुझे अपना पहला टेस्ट याद है। मैं बहुत नर्वस था और मेरे हाथ में मिलने के समय मेरे हाथ कांप रहे थे। तुम्हारा कैसा अनुभव था। अपना पहला टेस्ट खेलने वाले रविंद्र ने कहा, मैं भी गेंदबाजी को लेकर नर्वस था। पहली पारी में हमारे चार विकेट गिर चुके थे और मैं अगला उतरा था।

# 'दोराहे पर था पिछले साल कॅरियर, पता नहीं था कि टेस्ट टीम में रहूंगा या नहीं'

एजेंसी। कानपुर

**टेस्ट** क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि उन्हें डर था कि पिछले साल कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों के बीच उनका कॅरियर खत्म हो जाएगा। 35 वर्ष के अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में 419वां विकेट लेकर हरभजन सिंह (103 टेस्ट में 417 विकेट) को पछाड़ दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल की शुरुआत में भारतीय टीम के न्यूजीलैंड दौरे के बाद उनका कॅरियर दोराहे पर था।

बीसीसीआई की वेबसाइट के लिए अपने साथी खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो कोरोना महामारी और लॉकडाउन के बीच मेरे जीवन और मेरे कॅरियर में पिछले कुछ साल से जो कुछ हो रहा था, मुझे पता नहीं था कि टेस्ट क्रिकेट फिर खेलूंगा या नहीं। उन्होंने कहा, मैंने क्राइस्टचर्च में 29 फरवरी 2020 से शुरू हुआ आखिरी टेस्ट नहीं खेला था। मैं दोराहे पर था कि दोबारा टेस्ट खेल सकूंगा या नहीं। मेरा भविष्य क्या है। क्या मुझे टेस्ट टीम में जगह मिलेगा क्योंकि मैं वही प्रारूप खेल रहा था। ईश्वर दयालु है और अब हालात बिल्कुल बदल गए। अश्विन ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स टीम में आया और जब तुम (श्रेयस) कप्तान थे तभी से हालात बदलने लगे। अश्विन का पूरा परिवार मई में कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गया था। उन्हें इस वजह से आईपीएल छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरभजन ने उन्हें ऑफ स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2001 में हरभजन के प्रदर्शन को देखकर ही वह आफ स्पिनर बनने की ओर प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, उनसे प्रेरणा लेकर मैंने ऑफ स्पिन गेंदबाजी शुरू की और आज यहां तक पहुंचा।



# पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को हराया

एजेंसी। चटगांव

**सलामी** बल्लेबाज आबिद अली लगातार दूसरा शतक नौ रन से चूक गए, लेकिन पाकिस्तान ने 202 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए बांग्लादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट में आठ विकेट से हरा दिया। आबिद और अब्दुल्लाह शफीक ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यह मैच में उनकी लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी थी, जिससे पाकिस्तान को मजबूत शुरुआत मिली। पहली पारी में 133 रन बनाने वाले आबिद ने 148 गेंद में 91 रन बनाए।

अपने सोमवार के स्कोर बिना किसी नुकसान के 109 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई। ऑफ स्पिनर मेहिदी हसन ने शफीक को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा।

शफीक ने 73 रन बनाए। इसके सात ओवर बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने आबिद को पगबाधा आउट किया। पाकिस्तान का स्कोर इस समय दो विकेट पर 171 रन था। इसके बाद अजहर अली और कप्तान बाबर आजम ने टीम को जीत तक पहुंचाया। अजहर 24 और आजम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने लिटन दास के पहले शतक की मदद से 330 रन बनाए थे। इसके बाद तैजुल के सात विकेट के दम पर पाकिस्तान को 286 रन पर आउट करके पहली पारी में 286 रन की बढ़त ली थी। दूसरा टेस्ट शनिवार से ढाका में खेला जाएगा।

# जूनियर हॉकी विश्वकप: बेल्जियम को हराने के लिए भारत का भरोसा ड्रैग फ्लिकरों पर

एजेंसी। भुवनेश्वर

**दो** धमाकेदार जीत के बाद लय हासिल कर चुकी गत चैंपियन भारतीय टीम एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यूरोपीय दिग्गज बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञों पर टिकी होंगी। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पहले मैच में फ्रांस ने 5-4 से हराकर उलटफेर कर दिया था। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करते हुए कनाडा को 13-1 और पोलैंड को 8-2 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरी बार खिताब जीतने के लिए भारत को अब हर मैच में उम्दा प्रदर्शन करना होगा।

बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल लखनऊ में 2016 में खेले गए फाइनल का दोहराव होगा, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। यह मुकाबला बराबरी का होगा और मौकों को भुनाने में कामयाब रहने वाली टीम ही जीतेगी। भारत के पास उत्तम सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, सुदीप चिरमाको और मनिंदर सिंह जैसे स्ट्राइकर हैं। उत्तम और मनिंदर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पेनल्टी कॉर्नर में अनेक विकल्प होने का भी भारत को फायदा है। उपकप्तान संजय कुमार, हुंडल, शारदानंद तिवारी और अभिषेक लाकड़ा ने गोल किए हैं। संजय खास तौर पर शानदार फॉर्म में हैं, जिन्होंने फ्रांस और कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। हुंडल ने भी पोलैंड के खिलाफ तीन गोल किए। मिडफील्ड में कप्तान विवेक सागर प्रसाद हैं, जो टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय सीनियर टीम का हिस्सा थे। डिफेंस को इस मैच में काफी मेहनत करनी होगी क्योंकि बेल्जियम का आक्रमण काफी मजबूत है। भारत के मुख्य कोच और इस टूर्नामेंट के लिए जूनियर टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहा, खिलाड़ियों ने बेल्जियम का प्रदर्शन देखा है और वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उम्मीद है कि हम यह मैच जीतेंगे।



### हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा: कप्तान विवेक

भारतीय कप्तान विवेक ने कहा, बेल्जियम बहुत अच्छी टीम है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम ने जूनियर विश्वकप कभी नहीं जीता है और सीनियर टीम की सफलता को दोहराने का उस पर दबाव है। बेल्जियम की सीनियर टीम ओलंपिक और विश्व चैंपियन है। बेल्जियम के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को रोकने के लिए दमदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ बहुत अच्छे हैं। संजय, हुंडल और तिवारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा, हमें सर्कल के बाहर उन्हें रोकना होगा और पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। हमें अपने डिफेंडर्स पर भरोसा है। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट दर्शकों के बिना हो रहा है और बार्ट ने कहा कि इससे उनकी टीम को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, हम पर दबाव कम होगा। हमें खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की आदत नहीं है। 2016 में टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमें दिक्कत हुई थी। लखनऊ में भारतीय दर्शक काफी ऊर्जावान थे। इस बार भारत पर दबाव अधिक होगा चूंकि मैदान में महज 1000 दर्शक होंगे। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी का सामना स्पेन से, नीदरलैंड का अर्जेंटीना से, फ्रांस का मलेशिया से मुकाबला होगा।